राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार,15 अप्रैल 2025
वर्ष 06,अंक 196, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नारी बारी में कार सवार व्यापारियों पर बम से हमला....08

दक्षिण जिला पुलिस ने दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया...12

# बीएसपी में आकाश आनंद को मायावती ने दी शर्तों के साथ एंट्री



**ब्यूरो प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को माफी तो दे दी है। लेकिन उनके ससुर और पूर्व बीएसपी सांसद अशोक सिद्धार्थ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को पार्टी के लिए हानिकारक बताते हुए उनकी गलतियों को अक्षम्य करार दिया। यह घटनाक्रम रविवार को आकाश आनंद के उस सार्वजनिक माफीनामे के बाद सामने आया, जिसमें उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए मायावती को अपना एकमात्र राजनीतिक गुरु और बीएसपी को सर्वोपरि बताया। इस पूरे प्रकरण ने बीएसपी के आंतरिक समीकरणों और भविष्य की रणनीति पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मायावती ने सीमित विकल्पों की वजह से आकाश को एंट्री दी है। आखिर मायावती के बाद बीएसपी में उनकी जगह कौन लेगा, इस पर कार्यकर्ताओं में चर्चा बनी रहती है। ऐसे में मायावती के पास ऐसी सूचना न हो, असंभव है। आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पत्र साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी गलतियों के लिए मायावती और बीएसपी कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, मेरी पिछली एक्स पोस्ट की वजह से पार्टी को नुकसान हुआ और कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित हुआ। इसके लिए मैं शर्मिंदा हूं और अपनी गलतियों को सुधारने का वादा करता हूं। आकाश ने यह भी कहा कि वे अब अपने रिश्तेदारों, खासकर ससुराल वालों, की सलाह को अपने राजनीतिक फैसलों में बाधा नहीं बनने देंगे। उन्होंने मायावती को बहुजन समाज की ग्लोबल नेता और दलितों की मसीहा बताते हुए कहा, मैंने बीएसपी सुप्रीमो से ही राजनीति सीखी है और उनके बिना मेरा कोई राजनीतिक अस्तित्व नहीं है। मैं उनके निर्देशों का पालन करते हुए एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सेवा करना चाहता हूं। आकाश ने यह भी वादा किया कि वे अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ या अन्य सलाहकारों के प्रभाव से मुक्त रहकर केवल मायावती के नेतृ मायावती ने आकाश के माफीनामे का जवाब देते हुए उनकी माफी को स्वीकार कर लिया, लेकिन साथ ही सख्त लहजे में कहा कि आकाश को अभी लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, ÷आकाश ने अपनी गलतियों को स्वीकार किया है, जो एक पॉजिटिव कदम है। लेकिन उनकी गलतियों का मूल कारण उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ हैं, जिन्होंने न केवल आकाश को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश की, बल्कि बीएसपी के मिशन को भी कमजोर किया। उनकी गलतियां माफ करने लायक नहीं हैं। मायावती ने यह भी स्पष्ट किया कि आकाश को फिलहाल पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। मायावती ने कहा- ÷वे एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करेंगे और अपनी निष्ठा साबित करेंगे। बीएसपी में अनुशासन और मिशन सर्वोपरि है। मैंने हमेशा कांशीराम जी के सिद्धांतों का पालन किया है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो, पार्टी के हितों से ऊपर नहीं हो सकता। त्व में काम करेंगे। यह पूरा घटनाक्रम मार्च 2025 में शुरू हुए उस विवाद की कड़ी है, जब मायावती ने आकाश आनंद को बीएसपी से निष्कासित कर दिया था। तब मायावती ने आकाश पर अहंकार, स्वार्थी व्यवहार और पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया था। **शेष खबर पेज -12**

## भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के योगदान के लिए देशवासी सदैव कृतज्ञ रहेंगे।



**ब्यूरो प्रयागराज।** विधानसभा बारा के अमिलिया ग्राम सभा में संविधान के रचयिता बाबा भीम राव अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी जी ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारत के संविधान में अनेक प्राविधान किए। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। बाबा साहब ने आजीवन अनुसूचित जाति वर्ग सहित सभी उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए बाबा साहब द्वारा किए गए प्रयास हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। भेदभाव रहित एवं समरस समाज का निर्माण ही उनके प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मंच के माध्यम से सभी कार्यकर्ता को मैं नमन करता हूँ जिन्होंने इतना भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया और मुझे इस अवसर पर आमंत्रित किया कार्यक्रम में विभव नाथ भारती और संतोष त्रिपाठी जी, श्री अनिल मिश्रा व पंकज केशरी जी ने अपने संबोधन में भीमराव अंबेडकर के लिए अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम आयोजक वंदना सिंह मंडल अध्यक्ष मनकामेश्वर मंडल साथ में विभव नाथ भारती, संतोष त्रिपाठी,अनिल मिश्रा पूर्व जिला मंत्री बीजेपी, पंकज केशरी अधिवक्ता, प्रदीप पांडेय, सुभाष तिवारी अधिवक्ता तथा अन्य सभी कार्यकर्ता ।

# गिरछा चौराहा अब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम से जाना जायेगा : उपमुख्यमंत्री

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने आज डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जनपद के रसूलपुर, गिरछा चौराहा, में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके उपरान्त माननीय उपमुख्यमंत्री के द्वारा वार्ड नम्बर 14, सोहाद नगर (नवीपुर) रोही बाईपास, भरवारी में नवनिर्मित नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर उनको शत-शत नमन करता हूँ इसी के साथ मै यह घोषणा करता हूँ कि गिरछा चौराहा और यह नवनिर्मित नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय अब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि गरीबों,वचिन्तों को बराबर का समाज में जीने का हक मिले आज हमारी सरकार उनके सपने को सबका साथ सबका विकास के साथ पूरा कर रही है। बाबा साहब को असली सम्मान इस सरकार में मिला है प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री समर्पित होकर गरीबों का कल्याण कर रहे हैं। बाबा साहब का सपना था कि समुदाय शिक्षित हो यह सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है। आज डबल इंजन की सरकार में सभी गरीबों को पक्का घर देने का काम किया। बाबा साहब का जीवन बहुत संघर्षों में बीता है वे पूरा जीवन गरीबों एवं वन्चितों को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करते रहे। इनके सपनों के साकार करने के लिए प्रधानमंत्री ने कई योजना चलाकर गरीबों व वन्चितों को लाभान्वित कर कई करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है बाबा साहब चाहते थे की कोई भी गरीब भूखा न रहे उनके सपने को अगर किसी ने सच में साकार किया है तो वे है हमारे प्रधानमंत्री जिन्होंने नि:शुल्क राशन, पक्का मकान, शौचालय, गैस एवं नि:शुल्क इलाज देकर गरीबी को खत्म करने एवं उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। आज हर घर नल से जल का पहुँचाने का काम किया साथ ही हर घर के अंधेरे को खत्म कर विद्युत देने का काम किया है। पहले की सरकारों में भी योजनायें बनती थी लेकिन उसका लाभ आम आदमियों को नहीं मिलता था वे सारी योजनायें भष्ट्राचार की भेंट चढ़ जाती थी लेकिन हमारी सरकार आज पारदर्शिता ढंग से कार्य करते हुए सीधे उनके खाते में पैसा दे रही है। पहले बिना रिसवत दिये नौकरी मिलना सम्भव नहीं था आज पूरी इमानदारी के साथ भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने जन समुदाय से कहा कि आपको वोट देने का अधिकार बाबा साहब के लिखे हुए संविधान से ही मिला है। आज हम सभी वादा करें कि बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के जीवनदर्शन, आदर्श एवं व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, हम सभी लोगों को उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिये। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने बहुत ही विषम परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की, उनके द्वारा लिखित पुस्तकों के अध्ययन से पता चलता है कि उनके सोंचने का दर्शन अद्वितीय था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद कार्यालय का निर्माण 793.22 लाख की लागत से किया गया है कौशाम्बी में आज लगातार विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो भी जनपद में विकास से सम्बन्धित प्रस्ताव हो हमें दे उस पर भी जल्द से जल्द कार्य किया जायेगा पैसे की कमी नहीं है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, श्रीमती कविता पासी, राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा, चायल विधायक पूजा पाल, पूर्व सांसद विनोद कुमार सोनकर, पूर्व विधायक लाल बहादुर, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, सहित अन्य जनप्रनिधिगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### टीम निंजा ने अनपरा थर्मल पावर कप रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

**अनपरा सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अनपरा कालोनी के ऑपरेटिंग क्लब मे अनपरा थर्मल पावर कप रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विगत 24 मार्च 2025 को मुख्य अतिथि तथा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार,विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूध नाथ,महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुर्वेदी,महाप्रबंधक द इं विजय बहादुर ने फीता काटकर कराया था। विगत 24 मार्च से प्रतिदिन चल रहे इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार देर शाम को टीम निंजा और टीम एलएक्सजी के बीच खेला गया। निंजा टीम के कप्तान इं कुमार गौरव ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और 12 ओवर के इस मैच में एलएक्सजी की पूरी टीम 10.2 ओवर मे 46 रन पर ही ऑल ऑउट हो गई,रनों का पीछा करते हुए निंजा की टीम ने 9.3 ओवर में ही 47 रन बनाकर विजयी हो गयी।

### भाजपा ओबरा मंडल ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती

**ओबरा,सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबरा मंडल ने आज, 14 अप्रैल 2025 को मंडल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल की अध्यक्षता में छोटी शारदा मंदिर शक्ति केंद्र स्थित खरवार टोला में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल ने जिला प्रभारी अनिल सिंह का अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल सिंह ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहेब के प्रसिद्ध उद्धरण शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जिससे व्यक्ति अपने अधिकारों के लिए जागरूक हो सकता है और एकजुट होकर उनके लिए संघर्ष कर सकता है।

# हत्याकांड में आरोपी पुनीत के परिवार ने लगाई न्याय की गुहार, सीबीआई जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी थाना क्षेत्र के मौनी मोहल्ला में पांच अप्रैल को हुए अतुल तिवारी हत्याकांड में आरोपी बनाए गए पुनीत सिंह के परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। आरोपी की मां रामा सिंह और बहन कल्पना सिंह ने मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में मीडिया से बात करते हुए बहन कल्पना सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले में नाली के विवाद को लेकर मृतक अतुल तिवारी का झगड़ा अजय व अन्य लोगों से हो रहा था। इस दौरान मृतक की मां ने उनकी मां को बीच-बचाव के लिए बुलाया। जब वह मौके पर पहुंचीं तो अतुल नशे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगा। इसी बीच उनका भाई पुनीत उन्हें वहां से लेकर चला आया। परिजनों का कहना है कि मृतक के मामा और माता-पिता ने पुनीत को पीटते घसीटते हुए घर ले गए। अगले दिन सूचना मिली कि अतुल की मौत हो गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि झगड़े में शामिल अन्य लोगों के साथ ही पुनीत का भी नाम एफआईआर में दर्ज कर दिया गया, जबकि वह निर्दोष है और सिर्फ मदद के लिए मौके पर गया था। परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि मामले को राजनीतिक रंग न दिया जाए और सच्चाई सामने लाने के लिए सीबीआई जांच कराई जाए।

## बहन की ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर निवासी विवाहिता के भाई ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी बहन की ससुराल वालों पर प्रताड़ित कर जान से मारने की नियत से लटका देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है।पीड़ित विपिन पुत्र श्यामा चरन के अनुसार उसने अपनी बहन मंजू का विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी हरिश्चंद्र के पुत्र अनूप बाजपेई के साथ किया था।रविवार को सुबह उसके पास भांजे आयुष का फोन आया कि अनूप बाजपेई, अंभुज बाजपेई और पंकज बाजपेई उसकी बहन को साड़ी से बांधकर जान से मार डालने की नियत से छत में लटका दिए है।घटना की सूचना पर वह तुरंत बहन की ससुराल बिलहरी पहुंचा और बहन को बोलेरो में डालकर सीएचसी शाहाबाद लाया जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर हरदोई रेफर कर दिया जहां उसकी बहन का इलाज चल रहा है।आरोपी उसकी बहन को लटका कर मरा जानकर घर से भाग गए हैं।पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पोसला चौराहे पर मनाई गई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**कोराव,प्रयागराज।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पोसला चौराहे पर मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक राजमनी कोल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता । मुनेश्वर कोल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा मिश्रा,मुकेश कोल,अशोक पांडे,सूर्य प्रताप,विजय तिवारी, पुष्पा श्रीवास्तव,सदानंद मिश्र,श्याम बाबू केसरी,हरिकृष्ण द्विवेदी, विमला देवी, संजय सिंह, ,विपिन तिवारी, देवेंद्र प्रताप सिंह,राम बाबू द्विवेदी, सियाराम मिश्रा, रामकृष्ण ,नीरेंद्र निषाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और समाज में समानता, शिक्षा और संविधान के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक पूजा मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महान लोगों का स्वागत अभिनंदन किया गया । समूचा देश बाबा साहब के बनाए नियम पर चल रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र विद्यार्थी के नेतृत्व में एक विशाल मोटर साइकिल जुलूस निकाला गया, जो खीरी, खपटिहा, छापर सहित आसपास के क्षेत्रों में घूमता हुआ बाबा साहेब के विचारों का प्रचार करता रहा। इस जुलूस में युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिला।

**घटना में वृद्धि** घटना के वक्त गृहस्वामी नागेश्वर ठाकुर अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए पटना गए हुए थे

# समस्तीपुर में चोरी की घटना में वृद्धि ! बंद मकान से 10 लाख की चोरी, अलमारी से जेवर और नकदी गायब

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में में चोरी और लूट की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले कुछ महीने से बाइकों से लेकर कई गांवों में अज्ञात चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं अब लूट की घटनाओं में भी इजाफा होने लगा है। इससे आम जनता भयभीत नजर रही है। ताजा मामला जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के नंदिनी की है, जहां से एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार यहां चोरों ने बीती रात एक बंद घर को निशाना बनाया और अलमारी तोड़कर करीब 10 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चुरा ली। बताया जाता है कि घटना के वक्त गृहस्वामी नागेश्वर ठाकुर अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए पटना गए हुए थे। घटना के संबंध में पीड़ित नागेश्वर ठाकुर ने बताया कि वे कल अपनी पत्नी का इलाज कराने पटना गए थे। आज सुबह करीब 8 बजे जब वे घर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे जेवरात और नकदी गायब थे। उन्होंने बताया कि घर में वे और उनकी पत्नी ही रहते हैं। उनके बेटे बाहर रहते हैं। बीती रात जब वे पटना गए हुए थे, तभी चोरों ने घर में घुसकर सोने का मंगलसूत्र, गले का चेन, दो कान की बाली, चार सोने की अंगूठी, 13 चांदी के सिक्के और नकदी चुरा ली। चोरी की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक साल पहले भी इसी वार्ड में दो घरों से करीब 11 लाख रुपए की चोरी हुई थी, लेकिन आज तक पुलिस उस मामले का उद्भेदन नहीं कर पाई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआई रामकुमार को भेजा गया है। फिलहाल घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने और इलाके में रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## लूकरगंज में सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात !



**प्रयागराज।** शहर के लूकरगंज इलाके में पूनम अपार्टमेंट के पास एक सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी हो गई। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि आरोपी मास्टर की की मदद से बाइक का लॉक खोलता है और मौके से फरार हो जाता है। बाइक मालिक, जो पेशे से बिजली कारीगर है, ने मामले की सूचना तत्काल स्थानीय थाने में दी और एक लिखित तहरीर भी सौंप दी है। पीड़ित का कहना है कि वह कुछ समय के लिए काम के सिलसिले में वहां रुका था, इसी दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है और जल्द ही उसके खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर दहशत का माहौल है।

## अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज दिनांक अग्निशमन से आयुक्त प्रयागराज व पुलिस उपायुक्त नगर को मुख्य अग्निशमन अधिकारी कमिश्नरेट



प्रयागराज द्वारा स्मृति चिन्ह पिन फ्लैग लगाया गया व फायर स्टेशन सिविल लाइन्स में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर कर्तव्य पथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं जागरूकता रैली निकाली गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मनाया गया अम्बेडकर जयंती

**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरचिहवा में अमृत सरोवर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सातवें वर्ष गाठ पर आयुष्मान अयोग्य मंदिर गुरचिहवा



में भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्य क्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रमेश कुमार विट्ठूने अम्बेडकर जी की प्रतीमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व संविधान की सपथ ली इस दौरान मो. शाहिद अल्तमस मुस्ताक मनिहार बबलू खान अशोक दीवाना, दिलीप कुमार, सहित अस्पताल के सी एच ओ सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

**जरवा बलरामपुर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नगर इकाई तुलसीपुर द्वारा कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज को समरसता, समानता और शिक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत मीडिया सह-संयोजक जयशंकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष विवेक गोयल, समाज सेविका सविता, अंजलि, रोमी, एवं मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

### सीआईएसएफ ओटीएचपीपी ओबरा में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ

**ओबरा, सोनभद्र।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई ओटीएचपीपी ओबरा द्वारा आज अग्निशमन सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई डाक यार्ड में 14 अप्रैल 1944 को हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए बहादुर अधिकारियों और जवानों को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर एस. एन. मिश्रा, महाप्रबंधक (प्रशासन) ने प्रसुन्न कुमार सिन्हा, उप कमांडेंट/अग्नि, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओटीएचपीपी ओबरा की उपस्थिति में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2025 का विधिवत शुभारंभ किया।भारत सरकार के अग्निशमन सलाहकार द्वारा भविष्य में इस प्रकार की अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और अग्निशमन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में, प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओटीएचपीपी ओबरा की अग्निशमन शाखा द्वारा भी प्रतिवर्ष इस सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए इस सप्ताह का मुख्य विषय है 卐ठ्ठद्बह्लद्ग ह्लश्च द्धद्दठ्ठद्बह्लद्ग, ड्ड द्बद्बह्लद्ग ह्यड्डद्बद्ग द्धठ्ठस्र्द्बड्ड卐 卐एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें卐 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओटीएचपीपी ओबरा की अग्निशमन शाखा द्वारा 14 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक संयंत्र के विभिन्न विभागों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, स्थानीय विद्यालयों में भी आग से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी साझा की जाएगी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें निबंध और कला प्रतियोगिताएं शामिल हैं। संयंत्र के कर्मचारियों और आवासीय परिसर में रहने वाले बल सदस्यों की पत्नियों के लिए स्लोगन लेखन और फास्ट एंड फायर फाइटिंग क्लास का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उन्हें घरेलू आग से निपटने के बारे में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इस शुभ अवसर पर राजकुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, योगेश कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, संजीव कुमार सिंघल, महाप्रबंधक दिवाकर स्वरूप, महाप्रबंधक, पी के सिंह, सीएमओ परियोजना हॉस्पिटल ओबरा,और केऔसुब के सभी निरीक्षक तथा ओबरा परियोजना एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओटीएचपीपी ओबरा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मिश्रा ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और संयंत्र के कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी से इस सप्ताह के दौरान बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने आस-पास के सभी लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** महामाया बौद्ध बिहार जन कल्याण सेवा संस्थान (गैसड़ी) संस्था प्रांगण् मे भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134वी जयंती मनाया गया जिसके मुख्य शैलेश कुमार सिंह शैलू पूर्व विधायक ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधन किरन बौध, दिलीप बौद्ध, बच्चा राम गौतम,राम मिलन गौतम,सोमी बघेल मुस्कान बौद्ध, समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे। पचपेड़वा बलरामपुर। बुद्ध विहार अंबेडकर स्मारक जूड़ी कुइयां पचपेड़वा मैं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन बुद्ध विहार के संस्थापक सोमेंद्र गुप्त बौद्ध के नेतृत्व में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब को असली सम्मान दिया गया है उनके सम्मान में पंच तीर्थ बनाया गया है । कार्यक्रम क्षेत्र से आए सैकड़ो लोगों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई इस अवसर , रवि वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष, राजू प्रजापति, रामविलास अरुणदेव पाठक ,विश्वकर्मा, इंद्रजीत साहू, अमित जायसवाल, पंकज सिंह, विजय पाल प्रजापति ,प्रधान रमेश कुमार विद्ध,स्वयंवर निषाद,नन्द कुमार पांडेय, जगमोहन गौतम सवेरा, रवि श्रीवास्तव, वैभव सिंह,समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पचपेड़वा बलरामपुर । बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भाथर के बेलनेस सेंटर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी ने एवम अधीक्षक डॉ विजय कुमार के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहब के मार्गों पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ विजय कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भोजपुर संतरी विकास खण्ड गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/ सत्र - 2025-26 दिनांक : 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/केन्द्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवा वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन पेज-2/आर0जी0एस0ए0/ एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्ठी स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गौ पशु आश्रय निर्माण, भूसा, दाना/चुनी-चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्धितीय श्रेणी ईट/ इंटरलॉकिंग ईट/ईंट, गिट्टी/बारात घर/पुस्तकालय/सीमेन्ट की बेंच/स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट बालू / मोरंग / ग्रेनाईट/ सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, लारवा फागिंग, पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर, ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2025 से 18.04.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वाछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 18.04.2025 उपस्थिति में 11:00 बजे से 02:00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:**- 1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नही होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4- ग्राम प्रधान सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5 जो दरें प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा ढुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्री इम्तियाज अहमद**
**ग्राम पंचायत भोजपुर**
**संतरी**

**श्री प्रमोद कुमार गुप्ता**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भोजपुर**
**संतरी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोविंदपुर , वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत गोविंदपुर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

**नियम/शर्ते :**- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्री अख्तर कादरी**
**ग्राम पंचायत**
**गोविंदपुर,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत**
**गोविंदपुर,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सदवापुर, वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सदवापुर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

**नियम/शर्ते :**- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्री गुल्ले ग्राम**
**पंचायत सदवापुर,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**- श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत**
**सदवापुर,**
**विकास खण्डगैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर कलाँ , वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत वीरपुर कलाँ विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

नियम/शर्ते :- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्री आनन्दपाल सिंह**
**ग्राम पंचायत वीरपुर**
**कलाँ ,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**- श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत वीरपुर**
**कलाँ ,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रौलिया, वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मिश्रौलिया विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

**नियम/शर्ते :**-1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्रीमती सुमन सिंह**
**पंचायत मिश्रौलिया ,**
**विकास खण्ड**
**गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत**
**मिश्रौलिया ,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोल्हुईया भोजपुर, वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कोल्हुईया भोजपुर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

**नियम/शर्ते :**- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्री घनश्याम**
**ग्राम पंचायत कोल्हुईया**
**भोजपुर,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत कोल्हुईया**
**भोजपुर,**
**विकास खण्ड गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कठेर, वि.ख. गैसड़ी, जनपद - बलरामपुर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कठेर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर में मनरेगा/चतुर्थ राज्यवित्त/ पन्द्रवां वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन पेज 2 अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, फागिंग कार्य, साफ-सफाई किट, सोलर लाइट, गौवंश पशु आश्रय स्थल निर्माण/भूसा-दांना वितरण, एस.डी.एम.ओ, ओडीएफ पंचम वित्त इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी इंटरलॉकिंग में बालू सीमेन्ट मौरंग सरिया 3 सूत/2 सूत पेन्ट, वायरिंग, ईट गिट्टी, पत्थर, ह्यूम पाइप, हैड पम्प, मरम्मत/रिबोर सामग्री पाइप पेयजल योजना सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15/04/2025 सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। धरोहर धनराशि पांच हजार होगी।

**नियम/शर्ते :**- 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निधर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपको आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो आयकर देता हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है विगत तीन वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरो से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाये वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य करे जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुत दरे पीडब्ल्यू द्वारा स्वीकृत दरो से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**श्रीमती मीरा देवी**
**ग्राम पंचायत कठेर ,**
**विकास खण्ड**
**गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**- श्री अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत कठेर ,**
**विकास खण्ड**
**गैसड़ी,**
**बलरामपुर**

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**मोहम्मदी खीरी-** ग्राम व पोस्ट मोहम्मदाबाद जिला लखीमपुर खीरी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मोहम्मदाबाद व कई गांव के लोग एकत्रित होकर डीजे व गुलाल के साथ धूमधाम से अंबेडकर पार्क तकिया में जाकर शत-शत नमन किया मौके पर मोहम्मदाबाद के भूतपूर्व प्रधान श्री मुन्नालाल,रामपुर के भूतपूर्व प्रधान महेश चंद्र, बैंक मित्र तुलसीराम, जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवार राकेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार, मोहम्मदाबाद के भूतपूर्व प्रधान कैलाश चंद्र, रुस्तम गाजी, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार,अजय कुमार मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### भीरा नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती



**भीरा-खीरी।** भीरा नगर पंचायत कार्यालय में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा चारू शुक्ल पुत्र नंदन शुक्ल,लेखपाल और सभासदगणों सहित अन्य लोग भी उपस्थित हुए।नगर पंचायत अध्यक्षा चारू शुक्ल और पुत्र नंदन शुक्ल ने सर्व प्रथम माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी लोगों ने जय जय कार की।भीरा नगर पंचायत अध्यक्षा चारू शुक्ल ने बाबा साहब के बारे में बताया कि संविधान हम सबके लिए संजीवनी बूटी है।हम सब चाहते हैं कि देश संविधान से चले और यह भी चाहते हैं कि जय जवान,जय किसान नारे के साथ साथ जय संविधान भी जोड़ देना चाहिए।इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने के कहा।समारोह के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवकों का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया



**बिसवां सीतापुर** सोमवार को पथ संचलन से पहले कस्बे के ऐतिहासिक रामलीला मैदान मेला में प्रांत के घोष प्रमुख संतोष जी ने देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अपने पूरे जीवन बहुत सारी सामाजिक कुरीतियों का सामना करते हुए जीवन भर संघर्ष किया। वर्तमान में आज भारत फिर से विश्व गुरु बनने जा रहा है। संघ में जाति धर्म पंथ में विभाजित नहीं है। भारत के एक प्रचारक का पूरे विश्व में डंका बजा रहा है। शाखा, संघ की आत्मा है। संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसके उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो रामलीला मैदान से निकल कर बस स्टॉप बिसवां, काला गेट,काजीटोला, मगरहिया बाजार हजीरा रायगंज बड़ा चौराहा से पोस्टर नगर पालिका से होते हुए पुनः रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुआ।

### अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उ. प्र.का अधिवेशन हुआ संपन्न



**सीतापुर** कृषि भवन के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन एवं कार्यकारी गठन दिनांक 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को कृषि भवन लखनऊ के सभागार में संपन्न हुआ। प्रदेश के समस्त जनपद/मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक एल. एस.यादव उप कृषि निदेशक,चुनाव अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पंकज तिवारी एवं अशोक कुमार मौर्य द्वारा संपन्न कराई गई। प्रदेश अध्यक्ष पद पर श्री योगेंद्र यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष - आशीष कुमार महामंत्री - फईम अख्तर संगठन मंत्री - डॉ राजशेखर तथा कोषाध्यक्ष - जयप्रकाश गुप्ता विजयी घोषित किए गए। शपथ ग्रहण समारोह में कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# बाबा साहब की जयंती पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**● सपा जिला कार्यालय पर भी मनाई गई अम्बेडकर जयंती**

**प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष व सांसद आर के चौधरी भी रहे मौजूद**





**लखनऊ।** सोमवार को लखनऊ में सपा जिला कार्यालय पर बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की 134 वी जयंती मनाई गई। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा हजरतगंज स्थित भारत रत्न परम् पूज्य बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके पश्चात समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, सांसद आर0के0 चौधरी एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था, इन्होंने संविधान का निर्माण किया और कहा कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो। डॉ0 साहब ने समाज की गैरबराबरी के विरूद्ध आन्दोलन किया। अपनी जाति के कारण आम्बेडकर जी को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। समाजवादी पार्टी सदैव ही डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी के आदर्शों पर चलती आ रही है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रामगोपाल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला निर्वाचन प्रभारी टी0बी0 सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, बचान सिंह यादव,महामंत्री शब्बीर खान, गुड्डू लोधी, इब्राहीम मंसूरी, बृजकिशोर मिश्रा, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', वरिष्ठ नेता भरत यादव, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, जिला कोषाध्यक्ष इस्तियाक अहमद, जिला प्रवक्ता रमेश सिंह 'रवि', लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष ओम कुमार लोधी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा अवधेश यादव, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी रामप्रकाश यादव, सदस्य जिला पंचायत निहाल अहमद, एडवोकेट राजू रावत, रामनाथ रावत, श्याम बाबू रावत, संजय रावत, विनोद लोधी, सतीश यादव, सूर्यभान यादव, शिवम यादव 'गोलू' के साथ सैकड़ों नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

## ग्राम सभा कळी पूरब व चन्द्रावल में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती





स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विकास खंड सरोजनीनगर के ग्राम सभा कळी पूरब में सोमवार को भारत के संविधान शिल्पी गरीबों वंचितों दलितों पिछड़ों के लिए? संघर्ष करने वाले महापुरुष डा.भीम राव अम्बेडकर की 134 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम खेलावन रावत सचिव अमित सिंह व ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई। इस उपलक्ष्य में ग्राम प्रधान द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। सचिव अमित सिंह ने संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब ने गरीबों वंचितों दलितों पिछड़े लोगों के लिए हमेशा संघर्ष किया। सभी को न्याय मिले इसलिए उन्होंने संविधान को लिखा और लागू किया। अमित सिंह ने कहा कि हमें बाबा साहब के आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम आज ग्राम सभा चंद्रावल के मजरा सादुल्ला खेड़ा एवं लक्ष्मण खेड़ा में सभी ग्राम वासियों के साथ में पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी, मण्डल महामंत्री भाजपा अनुज पाल, सूरज रावत, बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर



**● प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकाली गई शोभा यात्रा**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/ सीतापुर** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति झज्जर के तत्वाधान में बौध बिहार में अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक शोभायात्रा नगर में निकाली गई जो मंसाराम चुंगी जहांगीराबाद बस स्टॉप बड़े चौराहे पर होते हुए राजकीय बस स्टॉप पर अंबेडकर मूर्ति पर समाप्त हुई ।शोभायात्रा में सजीव झांकी भी प्रस्तुत की गई। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़े बजाते लोग नाचते गाते चल रहे थे ।राजकीय बस स्टॉप पर लगी अंबेडकर मूर्ति पर शोभायात्रा का समापन हुआ ।उसके बाद शिक्षकों द्वारा एक भंडारे का आयोजन किया गया।


जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस अवसर पर राम अवतार देशराज चौधरी अयोध्या प्रसाद चौधरी शिव प्रकाश विक्रम गया प्रसाद चौधरी संजय सोनू आलोक भागीरथ सहित भारी संख्या में जय भीम के कार्यकर्ता व लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में कांग्रेस जनों ने भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया ।जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा आई टी सेल के प्रदेश सचिव रजनीश मिश्रा मुजीब खान सहित कांग्रेस के लोग शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक अधेड़ की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**डुमरगंज।** डुमरगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डुमरगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास रविवार की देर रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल 52 वर्षीय बाइक चालक अधेड़ की मौत हो गई। क्षेत्र के कटरा देवहट गांव निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मैनेजर सिंह रविवार की रात लहुरियादह गांव से बाइक से अपने घर जा रहे थे जैसे ही डुमरगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से सौ मीटर पहले पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन का धक्का लगने से बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज एस आई अखिलेश यादव ने घटना की जांच करते हुए घायल मैनेजर सिंह को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भिजवाया। एंबुलेंस सेवा 108 के पायलट दिलीप यादव ईएमटी मिथिलेश कुमार घायल को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही जितेन्द्र प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# समस्तीपुर में बदमाशों ने मंदिर से अष्टधातु की 150 साल पुरानी मूर्तियां लूटे, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर** में सोमवार की सुबह बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया।जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर गांव के ठाकुरबाड़ी स्थित रामजानकी मंदिर में तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने रामजानकी मंदिर पर धावा बोलकर हथियार के बल पर मंदिर के पुजारी से मंदिर का ताला खुलवाया और वहां स्थापित अष्टधातु से निर्मित भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की बहुमूल्य मूर्तियां लूट कर फरार हो गए। इस दौरान लुटेरों ने मंदिर में रखी सोने और चांदी की माला तथा चांदी का मुकुट भी लूट लिया। घटना सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच की बताई गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मंदिर परिसर में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और लुटेरों की तलाश में जुटी है। इस संबंध में मंदिर के पुजारी राम कैलाश दास ने बताया कि आज तड़के 3 बजे जब वे मंदिर में सोए हुए थे, तब बदमाशों ने मंदिर में घुसकर उन्हें थप्पड़ मारकर जगाया और सर में पिस्टल सटाकर मंदिर की चाबी मांगी। वहीं पुजारी के विरोध करने पर जबरन चाबी छीन ली और मंदिर का दरवाजा खोलकर राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियों को लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुजारी के शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे, लेकिन तब तक सभी बदमाश फरार हो चुके थे। बताया जा रहा है कि ये मूर्तियां अष्टधातु से बनी हुई थीं और करीब 150 साल पुरानी थीं और इसकी की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए होगी।

इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गुस्से का माहौल है। लोगों का कहना है कि विभूतिपुर इलाके की ठाकुरबाड़ियों में लगातार चोरी की घटना हो रही है। इससे पहले आलमपुर कोदरिया, नरहन और महथी बड़ी की ठाकुरबाड़ियों से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो चुकी हैं। कुछ मामलों में तो चोरों ने विरोध करने पर सेवक की हत्या भी कर दी थी। इस मामले में विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। घटना के बारे में पुजारी से पूछताछ की गयी है, जिसके आधार पर मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर कांड का खुलासा किया जाएगा।

# शिक्षा और शराब आमने-सामने

**● शिक्षण संस्थानों के आस-पास शराब की दुकान, नौनिहालों का उज्ज्वल भविष्य खतरे में**



चिंता



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति का दावा करने वाले जिले में एक गंभीर समस्या सामने आई है, जहां शिक्षण संस्थानों के आस-पास खुलेआम शराब और बियर की दुकान चलाई जा रही हैं। यह स्थिति न केवल छात्रों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए घातक है, बल्कि जिले के समूचे शैक्षिक वातावरण को भी दूषित कर रही है।

**शिक्षण संस्थानों के पास शराब की बिक्री - एक चिंताजनक स्थिति**

जिले के नगर स्थित भवदेवी पुलिस चौकी निकट स्कूल के पास शराब की दुकान बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रही हैं। छात्र-छात्राओं को रोज़ाना इन दुकानों के सामने से गुजरना पड़ता है। किशोरों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे यह एक बड़ा कारण माना जा रहा है। कई बार छात्र उत्सुकता या दबाव में आकर इसका सेवन शुरू कर देते हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

**अभिभावकों और शिक्षकों की बढ़ती चिंता**

शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। स्थानीय विद्यालयों के शिक्षक कहते हैं कि बच्चे कक्षा में ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे हैं। एक स्थानीय निवासी श्रीमती गुप्ता कहती है, "हम बच्चों को पढ़ने भेजते हैं, लेकिन स्कूल के बाहर ही अगर नशे का माहौल हो तो कैसे उम्मीद करें कि वे पढ़-लिखकर कुछ बन पाएंगे?"

**प्रशासन की उदासीनता पर सवाल**

स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। बार-बार शिकायतों और ज्ञापन देने के बावजूद शराब की दुकान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि शराब माफियाओं की पहुंच प्रशासनिक तंत्र तक है, जिससे कार्रवाई रुक जाती है।

**सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी उठाई आवाज़**

सामाजिक संगठनों और युवाओं ने इस स्थिति के खिलाफ आवाज़ उठानी शुरू कर दी है। उन्होंने मांग की है कि स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में शराब की किसी भी दुकान को चलाने की अनुमति न दी जाए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है।

**सरकार से मांग- शिक्षा को मिले प्राथमिकता**

स्थानीय जनता की मांग है कि राज्य सरकार इस विषय पर तुरंत संज्ञान ले और आवश्यक नीति परिवर्तन करे। शिक्षा को शराब के धंधे की बलि चढ़ने से रोका जाए। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य गहरे संकट में पड़ सकता है।

## अम्बेडकर जयंती पर निकाले गए जुलूस का जलालपुर में भव्य स्वागत, 500 से अधिक लोगों को पिलाया गया रूह अफजा

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर, जलालपुर।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जलालपुर बाजार में निकाले गए भव्य जुलूस का बाजार वासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयमाला परिवार के बाबू सलीम, बाबू वसीम, मेहनाज, रियाज, वाजिद अली, सोहराब, रुस्तम और रेहान द्वारा विशेष इंतजाम किए गए। गर्म मौसम को देखते हुए जुलूस में शामिल प्रतिभागियों को रूह अफजा शर्बत पिलाकर स्वागत किया गया। सिरकोनी, इजरी, सेहमलपुर और लालपुर से आए अलग-अलग जुलूसों में सम्मिलित करीब 500 से अधिक लोगों ने इस ताजगी भरे पेय का आनंद उठाया। जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों ने जयमाला परिवार की इस सेवा भावना की सराहना की और कहा कि यह कार्य सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उत्कृष्ट उदाहरण है। आयोजकों का कहना है कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हैं। इस भव्य जुलूस में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष बात यह रही कि जयमाला परिवार के छोटे-छोटे बच्चें अयान, अरहान, सनवेग, अंशवेग और जीशान ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को शर्बत पिलाकर सेवा में योगदान दिया।

# उत्तम जीवन के लिए तन और मन का स्वस्थ होना जरूरी

**● उत्तम पीढ़ी के लिए प्रथम गर्भाधान संस्कार का विधिवत पालन करना चाहिए**

**भागवत कथाकार आचार्य ब्रह्मानन्द शुक्ल ने अभिमन्यु, प्रह्लाद एवं शुकदेव का दिया उदाहरण**

**डॉ भवदेव पाण्डेय संस्थान में भागवत सप्ताह के दूसरे दिन उमड़ी भीड़**





स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जीवन को सार्थक बनाने के लिए तन-मन का स्वस्थ होना आवश्यक है। तन को बीमारियों से बचाने के लिए औषधियों का प्रयोग किया जाता है जबकि मन को स्वस्थ रखने के लिए सदशास्त्रों का अध्ययन एवं भगवान के नाम को स्मरण आवश्यक है। उक्त उद्गार नगर के तिवराने टोला स्थित डॉ भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान में चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह के दूसरे दिन प्रवचन करते हुए आचार्य डॉ ब्रह्मानन्द शुक्ल ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मन यदि नियंत्रण में है तो वह जीवन को उच्चता की ओर ले जाता है जबकि निम्नता की ओर जाने पर दानवी प्रवृत्ति का हो जाता है।

मन की तुलना पानी से करते हुए डॉ शुक्ल ने कहा कि जिस तरह पानी सदैव नीचे की ओर गिरता है, ठीक वैसे मन हमेशा नीचे की ओर भागता है। नीचे भागने पर पापकर्म होते हैं, जिसे करने में आनन्द तो बहुत आता है लेकिन उसका परिणाम कष्टदायक होता है। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि पानी को ऊपर की ओर ले जाने के लिए जतन करना पड़ता है और यंत्रों (मशीन) का सहारा लेना पड़ता है। डॉ शुक्ल ने कहा कि ऐसे ही ईश्वरी-आह्लाद के लिए भजन, कीर्तन, प्रभु स्मरण, नाम-जप आदि का सहारा लेना चाहिए।

कथा के दौरान आचार्य डॉ शुक्ल ने भगवान के वाराह अवतार सहित देवताओं एवं पौराणिक पात्रों की चर्चा की तथा कहा कि मनु-शतरूपा से सृष्टि की शुरुआत हुई। डॉक्टर शुक्ल ने कहा हमारे ऋषियों ने उत्तम संतान की उत्पत्ति के लिए प्रथम संस्कार गर्भाधान संस्कार को बहुत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि जैसे मकान की नींव मजबूत रखी जाती है, उसी तरह संतान उत्पत्ति की भी नींव मजबूत होनी चाहिए। इससे उत्तम पीढ़ी जन्म लेती है। इस संबन्ध में उन्होंने अभिमन्यु, प्रह्लाद एवं शुकदेव का नाम लिया। संगीतमयी कथा में भारी संख्या में नर-नारी उपस्थित थी। महाराज जी का स्वागत रेलवे, प्रयागराज के राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय ने किया।

## नगर पंचायत बदलापुर में नए कार्यों के क्रियान्वयन का क्रम नगर पंचायत बदलापुर चेयर मैंन सीमा सिंह के संयोजकत्व में जारी

**● लगभग 17लाख रुपए की लगत 8 नए इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य हेतु हुआ भूमिपूजन**



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** बदलापुर नगर पंचायत के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में नवनिर्मित कार्य हेतु सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के प्रतिनिधि वैभव सिंह ने बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया। गौरतलब हो कि चेयरमैन प्रतिनिधि ने वार्ड नं 2 हंकारपुर में लालजी शर्मा के मकान से अवधेश सिंह, प्रेमचंद गुप्ता के मकान से बबलू शर्मा, वार्ड नं 8 भलुआही में लल्लू सेठ से राजकुमार, अमरनाथ शर्मा के मकान से प्रमोद मिश्रा, आलोक दुबे के मकान से अवनीश तिवारी, इ. ला. सड़क से राजेन्द्र यादव,वार्ड नं 9 सरोखनपुर में अनिल शुक्ला के मकान से अरुण पुजारी, वार्ड नं 1 में इंटर लॉकिंग सड़क से राजकुमार मौर्य के मकान तक कुल 8 नए इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। श्री सिंह ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। यह मार्ग बन जाने से बरसात में लोगों को किचड़ व आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत तिवारी, माता प्रसाद उपाध्याय, बीके बोस केवल सिंह, हरिनाथ मौर्य, लक्ष्मण सिंह मोनू, संदीप शुक्ल, राजेश साहू, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पालिका में मनाया भीमराव अंबेडकर जयंती,नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया नमन

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर शिवाजी हाल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे,जहा उन्होंने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव राम जी अंबेडकर देश के संविधान निर्माता के साथ ही देश के आइडल है।उनके जीवन का आदर्श,संघर्ष और इतिहास ऐसा रहा है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को उनके जीवन से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हम सभी को उनके जीवन आदर्शो को अपनाते हुए पूरे देश में समानता और जो हमारे देश के पीएम नरेंद्र मोदी का मंत्र है 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' सबको साथ में लेकर सबके प्रयास से इस देश को आगे लेकर जाना होगा।पीएम मोदी के 2047 तक विकसित भारत का जो विजन है वो बाबा साहब के आदर्शो और उद्देश्यों से ही होकर जाता है।

आज हम सभी को बाबा साहब की इस जयंती पर संकल्प लेते हुए समाज में शिक्षा का प्रचार करना चाहिए,समाज शिक्षित होगा तभी समाज में सुधार और समरसता का संदेश जायेगा।इस मौके पर सभासद पति रूपेश यादव,कमलेश मौर्या,के.एन.ए. अरविंद यादव,अवर अभियंता जटाशंकर पटेल,प्रियंका मौर्या,कंप्यूटर प्रभारी राकेश गुप्ता,आनंद कसेरा,अनुराग गुप्ता,ऐश्वर्या शर्मा,शुभम मोदनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रकृति का श्रृंगार परिवर्तन और सत्य मानवीय जीवन की ऊर्जा

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि÷सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित ऊर्जा और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है÷ यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवंसर्वकालीन है। यह तो सत्य है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि %सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का %सांच को आंच नहीं% जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ÷सत्यमेव जयते÷ आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज़ प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न



स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## संविधान सम्मत आचरण- विकसित भारत की आधारशिला




भारत जब 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य है कि हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व के समक्ष खड़े हों। लेकिन यह विकास केवल ऊँची इमारतों, उद्योगिक उन्नति,डिजिटल क्रांति और तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था से ही नहीं मापा जाएगा। असली कसौटी यह होगी कि क्या भारत के नागरिक संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर चुके हैं। इस पर विचार करना उस समय और भी ज्यादा आवश्यक हो जाता है जब हर भारतीय भारत-रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती पूर्ण हर्षोल्लास से मना रहा है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि उत्तरदायित्व की भावना भी जगाता है। न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व—ये शब्द केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि हमारे सोच और व्यवहार में उतरें, तभी हम सच्चे अर्थों में "विकसित भारत" की परिकल्पना साकार कर सकते हैं। आज हम देख रहे हैं कि जैसे-जैसे सामाजिक और राजनीतिक चेतना बढ़ रही है, नागरिक अधिकारों को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है। लेकिन अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी बराबर महत्व देना जरूरी है। सड़क पर कानून हाथ में लेना, हिंसक विरोध प्रदर्शन करना या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना—ये सब संविधान की मूल भावना के विपरीत हैं।

हाल के वर्षों में नागरिकता संशोधन कानून, कृषि बिल, 370 का हटना,वक्फ बिल संशोधन या आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुए आंदोलनों में कहीं न कहीं यह देखने को मिला कि असहमति के स्वर कभी-कभी असंवेदनशील आचरण में बदल गए। क्या लोकतंत्र का यह रूप गांधीजी के अहिंसा सिद्धांत से मेल खाता है? क्या भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की धरती पर हिंसा के लिए कोई स्थान होना चाहिए? राष्ट्र पिता गांधीजी और संविधान निर्माता बाबा साहेब दोनों ने स्पष्ट किया था कि विरोध का मार्ग हमेशा अहिंसा और संवाद होना चाहिए। आज आवश्यकता है कि हम 'असहमति के अधिकार' का प्रयोग करते समय 'संविधान सम्मत मर्यादा' का पालन करें। न्यायपालिका, जन-याचिकाएं, जन संवाद—ये लोकतंत्र के ऐसे उपकरण हैं जो हर नागरिक को अपने विचार रखने का मंच प्रदान करते हैं।

मेरा ऐसा मानना है कि विकसित भारत की संकल्पना तब ही साकार होगी जब-हर नागरिक को संविधान सम्मत नियम,कानून पर विश्वास हो, सामाजिक, प्रायवेट तथा सरकारी संस्थाएं पारदर्शी तथा उत्तरदायी हों,और समाज में विश्वास, सहिष्णुता और समानता का वातावरण हो।

हम सब इस तथ्य से परिचित हैं कि 21वीं सदी का भारत टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस चमकदार विकास के साथ अगर नैतिक गिरावट आती रही, तो यह प्रगति खोखली हो जाएगी। इसलिए ज़रूरत है कि हम हर स्तर पर संविधान के आदर्शों का समर्थन करें, सम्मान करें और सबसे बड़ी बात व्यवहार में उतारें। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि ÷संविधान का सम्मान केवल उसकी चर्चा करने से,उसकी प्रतिलिपि को हाथ में लेने से नहीं होता,अपितु तब होता है जब हम उसे अपने विचारों, शब्दों और कर्मों में जीते हैं।"

**डा. मनमोहन प्रकाश**

# जब इन 3 संक्रमणों से बचाव मुमकिन है तो क्यों बच्चे इनसे संक्रमित जन्में?

जब एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस संक्रमणों से बचाव मुमकिन है तो कोई भी बच्चा क्यों इनसे संक्रमित जन्में? सरकारों ने भी वायदा किया है कि 2030 तक एक भी बच्चा गर्भावस्था और जन्म के समय इनसे संक्रमित नहीं होगा। इस दिशा में कार्य तो हुआ है परंतु इस संदर्भ में अभी भी स्वास्थ्य सेवा अनेक देशों में असंतोषजनक है।

सरकारों ने सतत विकास लक्ष्य में यह वायदा किया है कि 2030 तक एड्स, वायरल हेपेटाइटिस और सिफ़िलिस जैसे संक्रमणों का उन्मूलन होगा। परंतु अधिकांश देशों में इस दिशा में हुई प्रगति असंतोषजनक है और वे इन लक्ष्यों से अभी भी बहुत दूर हैं। यदि पुरुष या महिला साथी को एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी या सिफ़िलिस संक्रमण हों तो जांच - इलाज ज़रूर करवाना चाहिए। गर्भावस्था और प्रसूति के दौरान महिला से नवजात शिशु एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस से संक्रमित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एचआईवी के संक्रमण का ख़तरा स्तनपान के दौरान भी रहता है। इन तीनों संक्रमण के कारण गर्भावस्था के दौरान अवांछित परिणाम हो सकते हैं और महिला और जन्म-उपरांत बच्चे को दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

बिना सही इलाज और देखभाल के, एचआईवी पॉजिटिव महिला से बच्चे को एचआईवी संक्रमित होने का खतरा 45त्र रहता है जिसके कारण स्वास्थ्य और विकास पर कुपरिणाम और असामयिक मृत्यु का खतरा भी बना रहता है। इसी तरह, बिना इलाज और टीकाकरण के, हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव महिलाओं के जन्मे बच्चों को हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित होने का ख़तरा 70% से 90% तक रहता है।

गर्भावस्था के दौरान सिफ़िलिस के कारण जन्मजात विसंगतियां हो सकती हैं, बच्चा मृत हो सकता है, समय से पहले जन्म ले सकता है, जन्म के समय बच्चे का वजन कम हो सकता है और जन्म के बाद भी असामयिक मृत्यु का खतरा बना रहता है। इसीलिए, पिछले सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक विशेष मार्गनिर्देशिका जारी की है जिसके उपयोग से एशिया पसिफ़िक क्षेत्र के देश 2030 तक यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चा इन 3 संक्रमणों से मुक्त जन्म ले। इसके पूर्व विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसी आशय से 2018-2030 के लिए भी एक महत्वपूर्ण मार्गनिर्देशिका जारी की थी जिसके फलस्वरूप बच्चों को जन्म के दौरान एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस संक्रमण होने की दर में गिरावट तो आई परंतु अनेक देशों में यह संतोषजनक नहीं है।

### वायदा पूरा करने लिए केवल 68 माह शेष हैं

2030 तक यह सुनिश्चित करने के लिए कि एक भी बच्चा एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस से संक्रमित न जन्में, अब 6 साल से भी कम समय शेष है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि-

» महिला और उसके पुरुष साथी की एचआईवी, सिफ़िलिस और हेपेटाइटिस-बी की प्रसवपूर्व जांच हो

» मार्गनिर्देशिका के अनुसार महिला और उसके पुरुष साथी को एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस संबंधित सही इलाज और देखभाल मिले

» सुरक्षित स्वस्थ मातृत्व, गर्भावस्था और प्रसूति और बच्चे को सही पोषण मिले

» हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण हो, इम्यूनो-ग्लोबुलिन और एचआईवी से बचाव के लिए दवाएं मिले

### विश्वभर के एचआईवी के साथ जीवित 9त्र बच्चे एशिया पसिफ़िक में हैं

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 14 लाख बच्चे एचआईवी के साथ जीवित हैं। इनमें से 9त्र (1.2 लाख) एशिया पसिफ़िक देशों में हैं।

एशिया पसिफ़िक क्षेत्र में सबसे अधिक एचआईवी पॉजिटिव बच्चे इंडोनेशिया में हैं (26त्र) और उसके बाद भारत में हैं (23त्र).

अमीर देशों में 1994 में ही दुनिया की पहली दवा (ज़िडोवुडिन) देनी शुरू हो गई थी जिससे कि एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिला से बच्चे को एचआईवी संक्रमण फैलने का खतरा अत्यधिक कम हो सके।

भारत में भी 1994 में एक ग़ैर-सरकारी संगठन ने मुंबई में इस दवा का उपयोग आरम्भ कर दिया था परंतु सरकारी कार्यक्रम में यह प्रयास 2002 से शामिल हो सका।

आज के समय में अत्यंत प्रभावकारी इलाज हैं जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा एचआईवी से संक्रमित न जन्मे और स्तनपान के दौरान भी एचआईवी मुक्त रहे।

संयुक्त राष्ट्र के एड्स कार्यक्रम (यूएन एड्स) के एशिया पसिफ़िक निदेशक इमोन मर्फ़ी ने कहा कि 2010 की तुलना में 2023 तक बच्चों में एचआईवी संक्रमण दर में 62त्र गिरावट आई है- 2010 में 3 लाख से अधिक बच्चे एचआईवी संक्रमित जन्में थे जबकि 2023 में 1.2 लाख ही बच्चे एचआईवी संक्रमित जन्मे। परंतु यह गिरावट संतोषजनक नहीं है क्योंकि यह संभव है कि हम हर बच्चे के लिए एचआईवी, हेपेटाइटिस और सिफ़िलिस मुक्त जन्म सुनिश्चित कर सकें।

### हेपेटाइटिस-बी एक गंभीर चुनौती

एचआईवी, सिफ़िलिस और हेपेटाइटिस-बी संक्रमण दर को देखें तो सबसे अधिक फैलाव हेपेटाइटिस-बी संक्रमण का है और अनेक जगह या समुदाय में तो एचआईवी और सीफ़िलिस की दर के मुक़ाबले हेपेटाइटिस-बी दर अनेक गुणा अधिक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया की जो आबादी हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित है और जिसको जांच-इलाज मुहैया नहीं है, उसकी दो-तिहाई तो पश्चिमी पसिफ़िक और दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि हेपेटाइटिस-बी का टीका है परंतु टीकाकरण सभी पात्र लोगों को नहीं मिला है। हेपेटाइटिस-बी टीके से न सिर्फ हेपेटाइटिस-बी संक्रमण से बचाव होता है बल्कि हेपेटाइटिस-बी रोग के गंभीर और दीर्घकालिक परिणामों से भी बचाव होता है (जैसे कि लिवर सिरहोसिस या लिवर कैंसर)।

पश्चिमी पसिफ़िक देशों में लगभग 6त्र व्यस्क आबादी, हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं और लगभग 5 लाख लोग हर साल इसके कारण मृत होते हैं। दक्षिण-पूर्वी एशिया में लगभग 2 लाख लोग हेपेटाइटिस-बी के कारण एक साल में मृत हुए थे।

### अमीर-गरीब के फ़र्क़ से अछूता नहीं है हेपेटाइटिस-बी कार्यक्रम

अमीर के लिए बेहतर उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था और गरीब के लिए जर्जर या नगण्य स्वास्थ्य सेवा हेपेटाइटिस-बी के संदर्भ में भी सही उतरती है।

एशिया पसिफ़िक के अमीर देशों में 1 साल की उम्र के लगभग 100त्र बच्चों को नियमानुसार हेपेटाइटिस-बी टीके की सभी खुराक मिल चुकी थीं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य (95त्र) से अधिक था।

परंतु माध्यम और कम-आय वाले देशों में स्थिति ऐसी संतोषजनक नहीं है क्योंकि पात्र बच्चों में अधिकतम टीकाकरण 75त्र था जो रोग के फैलाव को रोकने के लिए और आबादी को संक्रमण से बचाने के लिए अपर्याप्त है। कुछ देशों में तो आम टीके जो बच्चों को लगने चाहिए उनकी दर भी असंतोषजनक थी।

### यौन रोग आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं परंतु जो हैं वह भयावह हैं

यौन रोग संबंधित आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। परंतु जो आंकड़े रिपोर्ट हो रहे हैं वह अत्यंत चिंताजनक हैं। एक साल में पश्चिमी पसिफ़िक क्षेत्र से 11 लाख से अधिक लोग और दक्षिण-पूर्वी एशिया से 3.5 लाख लोग सिफ़िलिस से संक्रमित रिपोर्ट हुए।

सिफ़िलिस से बचाव मुमकिन है और यदि संक्रमण हो भी जाए तो इलाज भी उपलब्ध है।

डॉ ईश्वर गिलाडा जो जिनेवा-स्थित इंटरनेशनल एड्स सोसाइटी (आईएएस) के अध्यक्षीय मण्डल में निर्वाचित सदस्य हैं और एशिया पसिफ़िक क्षेत्र में आईएएस के अध्यक्ष, ने कहा कि जब अमीर देशों ने 1994 में पहली बार ज़िडोवुडिन दवा देनी शुरू की जिससे कि बच्चों को एचआईवी संक्रमण होने का खतरा नगण्य रहे, तब उसी साल उनके प्रयास से मुंबई में इंडियन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (जिसको अब पीपल्स हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के नाम से जाना जाता है) ने भी इस दवा का उपयोग आरंभ किया। यह प्रयास, आईएचओ और वाडिया मॉडल ने अंतर्गत संपन्न हुआ था। भारत सरकार ने आठ वर्ष बाद (2002 से) गर्भवती एचआईवी पॉजिटिव महिलाओं को ऐसी दवा देनी आरम्भ की जिससे कि शिशु एचआईवी मुक्त रहे।

डॉ गिलाडा ने भारत की सबसे पहली एचआईवी क्लिनिक 1986 में मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में स्थापित की थी और 1994 में देश का पहला ऐसा केन्द्र स्थापित किया जहाँ एचआईवी के साथ जीवित लोगों को हर प्रकार की आधुनिकतम चिकित्सकीय सेवा प्रदान की जा सके। इस केंद्र को यूनिसन मेडिकेयर एंड रिसर्च सेंटर, मुंबई, के नाम से जाना जाता है।

डॉ गिलाडा ने आह्वान किया कि जब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाएं सालों से उपलब्ध हैं जिससे कि बच्चा एचआईवी संक्रमण से मुक्त रहे तो इस बात को कैसे स्वीकार किया जा सकता है कि एशिया पसिफ़िक देशों में आज भी एचआईवी संक्रमित बच्चे जन्म लेते है। उन्होंने कहा कि उनके मुंबई-स्थित यूनिसन मेडिकेयर एंड रिसर्च सेंटर में पिछले 10 सालों में एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं ने 220 एचआईवी मुक्त बच्चों को जन्म दिया। जब वे अपने केंद्र में आयुर्विज्ञान पर आधारित और विश्व स्वास्थ्य संगठन की मार्गनिर्देशिका पर आधारित चिकित्सकीय देखभाल से यह हासिल कर सकते हैं तो फिर देश भर में यह क्यों नहीं हो सकता कि सभी बच्चे एचआईवी मुक्त जन्म लें?

### हेपेटाइटिस-बी टीका सस्ता है फिर भी टीकाकरण संतोषजनक क्यों नहीं?

डॉ गिलाडा का कहना है कि हेपेटाइटिस-बी की रोकथाम तो टीके से हो सकती है। अब हेपेटाइटिस-बी टीका सस्ता भी है और टीकाकरण की सभी खुराकों की क़ीमत रु 100 से भी कम है तो फिर लाखों लोग क्यों हेपेटाइटिस-बी के कारण पीड़ित हैं? डॉ गिलाडा ने कहा कि अनेक ऐसे अवसर हैं जहाँ हम टीकाकरण कर सकते हैं क्योंकि हम लोगों की हेपेटाइटिस-बी जांच तो करते ही हैं तो फिर पात्र लोगों को टीका क्यों नहीं देते? उदाहरण के तौर पर, रक्त दान शिविर, अस्पताल भर्ती, प्रजनन संबंधित स्वास्थ्य केंद्र, यौन संक्रमण संबंधित स्वास्थ्य केंद्र, एचआईवी संबंधित स्वास्थ्य केंद्र, सर्जरी या शल्य चिकित्सा के पहले, अप्रवासन के पूर्व, आदि में हेपेटाइटिस-बी जांच होती है। जो लोग नेगेटिव रिपोर्ट होते हैं उनको टीकाकरण देना महत्वपूर्ण है।

यूएन एड्स के एशिया पसिफ़िक निदेशक इमोन मर्फ़ी ने कहा कि एशिया पसिफ़िक क्षेत्र में 2023 में 10,000 बच्चे एचआईवी से संक्रमित हुए थे - 30 बच्चे प्रतिदिन एचआईवी से संक्रमित हुए। यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है? हर बच्चे को एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस से बचाना ज़रूरी है।

इंडोनेशिया की एचआईवी पॉजिटिव महिला संगठन की आया ऑक्टेरियानी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि स्वास्थ्य अधिकार सबके लिए समान अधिकार नहीं है, बल्कि केवल चंद लोगों के लिए ही विशेषाधिकार है। इस ग़ैर-बराबरी को ख़त्म करना ज़रूरी है। सबके लिए समान स्वास्थ्य अधिकार होना चाहिए। महिलाओं को अनेक गुणा अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि उन्हें जेंडर असमानता, एचआईवी संबंधित शोषण और भेदभाव, जेंडर-आधारित हिंसा भी झेलनी पड़ती हैं। आया की संगठन ने यह साबित किया है कि एचआईवी के साथ जीवित महिलाओं के समूह एक सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं और महिलाओं और बच्चों की देखभाल के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित कर सकते है कि हर बच्चा एचआईवी मुक्त जन्म ले। जन्म उपरांत भी बच्चे के स्वास्थ्य की पूरी देखभाल और महिला को जीवनरक्षक एंटीरेट्रोवायरल दवाएं अधिकार स्वरूप सम्मान के साथ मिलनी चाहिए।

### 2016 से थाईलैंड में सभी बच्चे जन्मे एचआईवी और सिफ़िलिस मुक्त

थाईलैंड पूरे एशिया पसिफ़िक क्षेत्र में पहला देश है जहाँ 2016 से हर बच्चा एचआईवी या सीफ़िलिस मुक्त जन्मा। जब 1994 में विश्व में पहली बार अमीर देशों में ज़िडोवुडिन दवा का उपयोग शुरू हुआ जिससे बच्चे एचआईवी मुक्त जन्म ले सकें तो थाईलैंड में 1996 में यह दवा दी जाने लगी। थाईलैंड की स्वास्थ्य व्यवस्था सराहनीय है, विशेषकर इसलिए कि उसने दशकों से जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। थाईलैंड के बाद 2018-2019 में मलेशिया और श्री लंका ने भी यह लक्ष्य हासिल कर लिया कि हर बच्चा एचआईवी और सिफ़िलिस मुक्त जन्मे। एशिया पसिफ़िक क्षेत्र में कुछ अन्य देश (जैसे कि भूटान, कंबोडिया, चाइना और मंगोलिया) भी लक्ष्य हासिल करने वाले हैं या उसके क़रीब हैं।

जब सरकारें वैश्विक लक्ष्यों पर मोहर लगाती हैं तो फिर जवाबदेही तो बनती ही है। जब सालों या दशकों से यह संभव है कि बच्चे रोग-मुक्त जन्म लें, ख़ासकर कि एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और सिफ़िलिस संक्रमण के संदर्भ में, तो यह लक्ष्य पूरा क्यों नहीं हुआ है? उम्मीद तो क़ायम है कि जल्दी ही ग़ैर-बराबरी समाप्त होगी और अमीर-गरीब सबके लिए ये लक्ष्य पूरे होंगे।

**शोभा शुक्ला, बॉबी रमाकांत**

## बेलगाम फीस की वसूली- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम कब लगेगी?

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के एक नामी-गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया। एक न्यूज चैनल ने तो यहां तक दावा किया है कि बच्चों को लाइब्रेरी में बंद करने के मामले की जांच साउथ वेस्ट डीएम लक्ष्य सिंहल ने की और उन्होंने यह भी माना कि जब वे जांच करने स्कूल पहुंचे तो उन्होंने खुद बच्चों को लाइब्रेरी में बैठे हुए पाया। डीएम ने जांच की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है। उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की बीजेपी सरकार इस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उदाहरण सेट करेगी ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल इस तरह की हरकत करने के बारे में सोच भी नहीं सके।

दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है।

देश की राजधानी दिल्ली में 1700 के लगभग प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल 448 हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नियम के हिसाब से सभी स्कूलों को हर साल फाइनेंशियल स्टेटमेंट देना जरूरी होता है। अगर शिक्षा निदेशालय को फीस बढ़ोतरी गलत लगती है, तो वो इसे रोक सकती है और स्कूल को बढ़ी हुई फीस अभिवावकों को वापस देनी होगी। लेकिन सरकार चुप है, अधिकारी अपना काम नहीं कर रहे हैं और इसका नतीजा स्कूलों की मनमानी के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। ये स्कूल ट्यूशन फीस, डिवेलपमेंट फीस, ट्रांसपोर्ट फीस के अलावा ओरिएंटेशन



फीस, एसी, स्कूल ऐप और स्मार्ट क्लास के नाम पर भी तगड़ी वसूली कर रहे हैं।

दिल्ली की बीजेपी सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि उनकी सरकार बनने के बाद शुरू हुए स्कूलों के नए सत्र में ही यह फीस बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर दिल्ली के लोगों को यह लगने लगा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद ही दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों के मालिकों में मनमानी करने की हिम्मत आ गई है। यह बात अगर दिल्लीवासियों के मन में बैठ गई तो फिर बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएगी। आम आदमी पार्टी इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रही है। समय की यह मांग है कि सरकार आगे आए और इन प्राइवेट स्कूलों की दादागिरी, मनमानी और तानाशाही भरे रवैए पर रोक लगाए या फिर कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्राइवेट स्कूलों की यह मनमानी किसी एक शहर या किसी एक राज्य तक ही सीमित भर नहीं है।

# बंगाल को मणिपुर मत बनने दो ममता जी

वक्फ क़ानून के मुद्दे को लेकर मुर्शिदाबाद सिर्फ सुलगा ही नहीं है बल्कि अब उसे मणिपुर बनाने की कोशिश की जा रही है। अब ये बंगाल की तृमूकां सरकार और आईएनडीआई ऐ गठबंधन कीभी जिम्मेदारी है की वो बंगाल को मणिपुर बनने से रोके। इससे पहले की आग पूरेंबंगाल में भड़के और केंद्र को बंगाल में मदाखलत करने का मौक़ा मिले, हिंसा पूरी तरह रुकना चाहिए। क्योंकि सत्तारूढ़ दल के लिए बंगाल की हिंसा सियासी जमीन बनाने में बहुत सहायक होने वाली है। बंगाली मुसलमानों को समझ लेना चाहिए कि किसी भी सूरत में बंगाल अब बांग्लादेश नहीं बन सकता।





वक्फ क़ानून के खिलाफ देश की आधी आबादी खड़ी है। वक्फ के नए कानून को सभी पक्षों ने अदालत में चुनौती दी है। अगर वाकई बंगाल की हिंसा के पीछे वक्फ बोर्ड क़ानून है तो बंगाल के मुसलमानों को अदालत के फैसलों का इन्तजार करना चाहिए। इन्तजार से पहले की बेकरारी घातक है। हिंसा से देश के किसी मुसलमान को कुछ भी हासिल नहीं होगा,उलटे देश में जो सद्भावना है वो और जाती रहेगी। बंगाल में भाजपा की नहीं तृमूकां की सरकार है ,इसलिए हिंसा रोकने का दायित्व उसका है। मणिपुर में तो भाजपा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार थी ,लेकिन वहां भी जब सरकार नाकाम साबित हो गयी तब मणिपुर को राष्ट्रपति शासन के सुपुर्द कर दिया गया। बंगाल में ऐसा करना तो केंद्र के लिए और आसान है। हिंसा मध्यप्रदेश में भी हुई और देश के दूसरे हिस्सों में भी । इसे हर सूरत में रोका जाना चाहिए,लेकिन ये तभी मुमकिन है जब राज्य सरकारें दृढ इच्छाशक्ति से काम करें,कदम उठायें पता नहीं इस देश के बहुसंख्यक हिन्दू और अल्पसंख्यक मुसलमान इस हकीकत को तस्लीम करेंगे कि किसी भी समस्या का हल हिंसा से होना नामुमकिन है। हिंसा एक आग है जो सिर्फ नुक्सान करती है। आग से कुछ हासिल नहीं होता। हिंसा सत्तापोषित हो या समाज पोषित काबिले बर्दाश्त नहीं है। देश को संविधान और विधान के हिसाब से चलना होगा। इसमें राजनीति नहीं हो सकत। नहीं होना चाहिए। जलते हुए जंगल से कभी खुशबू नहीं आती ,जलांध ही आती है। इससे सावधान रहने की जरूरत है।

हिंसा का एक ही रूप नहीं होत। हिंसा बहुरुपिया होती है। मेरे तमाम पाठकों ने मुझसे बंगाल की हिंसा की तुलना आगरा में करणी सेना के प्रदर्शन से न करने की बात कही है ,लेकिन मेरा मानना है की करनी सेना का प्रदर्शन और मुर्शिदाबाद या गुना में हिंसा का मकसद एक ही है और वो है समाज में तनाव पैदा करना। इसे अलग-अलग चश्मे से नहीं देखा जा सकता। जैसे मई कहता हूँ की मुसलमान हिंसा का रास्ता छोड़ें वैसे ही मै अपने राजपूत साथियों से भी कहता हूँ कि उन्हें समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन की टिप्पणी पर आग-बबूला नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी प्रतिक्रिया संविधान कि दायरे में रहकर करना चाहिये। अब रामजीलाल सुमन तो मुसलमान नहीं हैं फिर उनकी किसी टिप्पणी पर आग-बबूला होने का मतलब ये है कि आप भावुक बहुत हैं व्यावहारिक नहीं।

दुर्भाग्य ये है कि उत्तर प्रदेश हो,मध्यप्रदेश हो,महाराष्ट्र हो या फिर बंगाल हो हिंसा को लेकर सभी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी एक समान है क्योंकि मै बार-बार कहता हूँ कि हिंसा किसी भी समस्या का हल नहीं है। प्रतिकार कि लिए गांधीवाद से बड़ा कोई औजार हमारे देश में उपलब्ध नहीं है। गांधीवादी और अहिंसा के रास्ते पर चलकर हमने जो आजादी 1947 में हासिल की वो अहिंसा की मजबूती का सबसे बड़ा उदाहरण है।मुझे आशंका है की यदि ममता बनर्जी बंगाल में हिंसा को रोकने में नाकाम रहतीं है तो उन्हें बड़ा खामियाजा उठाना पड़ सकता है । भाजपा सरकार तो उनका शिकार करने लिए तैयार बैठी ही है। देश का दुर्भाग्य ये है की इस समय हमारे पास ऐसा एक भी नेता नहीं है जिसकी अपील पूरा देश सुनता हो। इस समय जो नेता हैं वे ताली और थाली तो बजवा सकते है किन्तु वे अपनी अपील से हिंसा रुकवा सकती हो।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसीपी पूर्वी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**कानपुर।** आज दिनांक 14.04.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा डी.ए.वी ग्राउंड थाना कोतवाली अन्तर्गत आयोजित हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में शामिल होना खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए प्रेरणादायक रहा। उनकी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा खेल आयोजन में भाग लेना खेल को प्रोत्साहित करना व क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मकता को भी बढ़ावा देता है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ टीम वर्क और अनुशासन भी सिखाते हैं।सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने किया अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण



**कानपुर।** आज दिनांक 14.04.2025 को अम्बेडकर जयंती के पावन अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा नाना राव पार्क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पार्क में आयोजित कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आमजन को अम्बेडकर जी के आदर्शों पर चलने, समाज में भाईचारा बनाए रखने और कानून का सम्मान करने की अपील की यातायात और सुरक्षा ङ्क कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। मौक़े पर श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री मनोज कुमार पाण्डेय व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली मौजूद रहे।

### बस्ती में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कोलेकरपुलिस-प्रशासन अलर्ट, हर चौराहे पर रहेगी पुलिस

**फ्लैग मार्च के साथ अतिक्रमण हटाने की सख्त हिदायत और लोगों से शांति में जयंती मनाने की अपील की**



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंडॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल 2025 को निकलने वाले जुलूस को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती, क्षेत्राधिकारी सदर तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा पीएसी व पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह तथा सभी चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 13 अप्रैल 2025 को गांधी मार्केट से लेकर जीआईसी तक पैदल गश्त किया गया। इस दौरान जुलूस मार्ग एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतते हुए पुलिस बल ने रोड किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों की चेकिंग की। साथ ही, फुटपाथ पर ठेले-खोमचे लगाकर फल-सब्ज़ी बेचने वालों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन पैदल गश्त करें और सड़कों पर अतिक्रमण फैलाने वाले फल-सब्ज़ी विक्रेताओं, मेडिकल स्टोर एवं अन्य दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटें।

### धूमधाम से मनाई डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती

**डॉ0 भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम**

अलीगढ़। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव रामजी आंबेडकर जी की 135 वीं जन्म जयंती पर मण्डलायुक्त संगीता सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, प्रभारी सीडीओ भालचंद्र त्रिपाठी ने क्रमशः आयुक्त सभागार, कलैक्ट्रेट सभागार एवं विकास भवन सभागार मेंडॉ0आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मंडलायुक्त संगीता सिंह ने डॉ0 भीमराव राव आंबेडकर के आदर्श, संघर्ष एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कलैक्ट्रेट में डीएम संजीव रंजन ने देश की एकता, समानता, बंधुता एवं अखंडता में उनके योगदान के बारे में उपस्थित जन समूह को बताया।

## कलेक्ट्रेट में हर्षोल्लास से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**● जिलाधिकारी ने डॉ0 भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों पर डाला प्रकाश**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने डॉ0 भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में आज जनपद में सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी भारत के संविधान के निर्माता है। हम सभी को उनकी विचारधारा, उनकी सीख को आत्मसात करना चाहिए। सभी लोग समाज व देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें।

डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए व सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है।

जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्ते पर चल कर देश एवं समाज की तरक्की में अपना योगदान हमेशा देते रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार, एडीएम न्यायिक चंद्रशेखर, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने डॉ. आम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### प्रधानमंत्री 24 को कानपुर में, जिलाधिकारी ने नयागंज मेट्रो स्टेशन का किया स्थलीय निरीक्षण



**कानपुर।** 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर आज जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कानपुर मेट्रो के भूमिगत स्टेशन नयागंज का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं को परखा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत यह भ्रमण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कानपुर में मेट्रो के नये सेक्शन चुन्नीगंज से कानपुर सेन्ट्रल तक का शुभारंभ करेंगे साथ ही नेयवेली में घाटमपुर विद्युत परियोजना जो कि 650 किलोवॉट की विद्युत परियोजना है उसका भी शुभारंभ करेंगे। तथा पनकी पावर प्लांट में भी नई इकाई का शुभारंभ करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस तरह की करी 200-250 परियोजनाएं हैं जिनका लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। और केवल लोकार्पण का इंतजार है।

### नारायणपुरी में जनसुविधाएं न होने से लोग परेशान



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** वार्ड नम्बर 21 नारायणपुरी नौबस्ता का दुर्गा बिहार कालोनी आज भी आजादी के 75वर्ष पूर्ण होने और स्मार्ट सीटी बनने के बाद भी सुविधाओं से वंचित है। इस कालोनी में रहने वाले लोगों को आज भी सीवर की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। न ही सीवर लाइन पड़ी है। जल विभाग का अमृत योजना शायद इस कालोनी के नसीब में नहीं है। यहां के निवासी मध्यम वर्ग से ठेले लगाकर जीवन यापन करने वाले लोग हैं आय मे नीचे होने के कारण इनकी पहुंच राजनिति के रसूखदारों तक नहीं है। आज भी बारिश का पानी इनके घरों में जाता है कारण पानी की निकासी के लिए नाली नहीं बनी है। नहीं सड़क है। आज भी लोग कच्ची सड़क पर चलते हैं। जब कि कालोनी से महज सो मीटर पर मैट्रो रेल सेवा का स्टेशन बना है। बताते चलें की इस काली में हिन्दु धर्म के एक सन्त बैकल बाबा का मन्दिर और आश्रम भी बना है। पर यह बहुत दुखद है कि नगर पालिका की मेयर को निवेदन करने के बाद भी कुछ कार्य नहीं हुआ। यह क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का का है कितनी बार यहां के लोगों ने विधायक बनाया पर आज भी यह कालोनी उपेक्षा और अन्य सुविधा से बहुत दूर है। पर विज्ञापन में कानपुर स्मार्ट सीटी है इसी वार्ड में पुराना शहर भी है जो कबाड़ा से भरा रहता है। न जाने कब लोगों को विकास मिलेगा स्मार्ट सीटी वाला या अभी 75साल और इन्तजार करना होगा।

## स्कूलों की मनमानी के शिकार हो रहे अभिभावक, जिला प्रशासन, विभागीय अफसरों ने साधा मौन




**● मध्यम वर्गीय के बच्चे अच्छे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए मोटी रकम प्रबंध करने में नाकाम साबित हो रहे हैं प्राइवेट विद्यालय मनमानी फीस सुन रहे हैं एडमिशन का अलग मोटी रकम लिया जा रहा है**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में निजी स्कूलों में छात्र छात्राओं का प्रगति पत्र बांटने के बाद नये सत्र का शुभारम्भ हो चुका है। अभिभावक और बच्चे बेहतर स्कूल की तलाश मे हैं जहां अच्छी, संस्कारयुक्त शिक्षा मिले और लूटपाट कम हो। शिक्षा जहां पूरी तरह व्यापार का रूप ले चुका हो वहां यह दिवास्वप्न है। स्कूलों में खूब जमकर लूट मची है। एडमिशन, नई किताबों, स्टेशनरी और यूनिफार्म के नाम अभिभावकों की जेब ढीली हो रही है और स्कूलों के संचालक मालामाल हो रहे हैं। अनेकों शिकायतें मिल रही हैं जहां एडमिशन और तरह तरह की फीस के नाम मोटी रकम वसूल की जा रही है। किताबों और यूनिफार्म को अपने चहेते दुकानों से खरीदने का मजबूर किया जा रहा है। एक दशक पहले अभ्यास पुस्तिकाओं पर जितना खर्च आता था उतने में एक किताब मिल रही है। 8 वीं कक्षा के छात्र को सात से आठ हजार रूपये केवल किताब कापी पर खर्च करने पड़ रहे हैं।

स्कूल बैग, यूनिफार्म, एडमिशन फीस, कनविन्स आदि का जोड़कर एक बच्चे पर लगभग 15 हजार रूपया खर्च आ रहा है। जिसके दो बच्चे हैं और परिवार मिडल क्लास है तो मार्च अप्रैल के महीने में उसे कर्ज लेने को मजबूर होना पड़ेगा। इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अफसर धृतराष्ट्र के किरदार मे हैं या बेबस और लाचार है। अभिभावक बलि का बकरा बन रहा है। ताजा जानकारी लिटिल फ्लावर स्कूल की सामने आई है। यहां 8वीं कक्षा के छात्र किताबें 8,700 रूपये में मिली हैं। गणित की किताब 725 रूपये की है। होमवर्क डायरी 250 रूपये की है। अंग्रेजी की तीन पुस्तकें 1404 रूपये की है। कापी के लिये अलग से 1500 रूपया खर्च करना होगा।

एडमिशन व अन्य फीस अलग से देना है। ये महज एक बानगी है। कमोवेश यही स्थिति सभी स्कूलों की है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि मिडल क्लास अपने बच्चों को कहां पढ़ाये। हैरानी इस बात की है कि पूरा मामला जिला प्रशासन के सज्ञान मे है लेकिन कार्यवाही या समाधान ढूढ़ने की इच्छाशक्ति किसी में नही है। शिक्षा विभाग के अफसर खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, ऐसे में उनके भी कितना नैतिक साहस होगा इस प्रकार की समस्याओं का समाधान ढूढ़ने में आप कल्पना कर सकते हैं। आम लोगों की धारणा है कि हमे लूटा जा रहा है तो हम भी मौका मिलने पर लूटेंगे।अपवाद छोड़कर पूरे समाज की मानसिकता यही बन गई है। हर आदमी अवसर की तलाश मे है। नतीजे भ्री सामने हैं।

कोई सेवा या वस्तु क्रय करते समय आप मोल भाव नही कर सकते। सबकुछ एमआरपी पर बेंचने का चलन हो गया है। दुकानदार से कहो कुछ कम कर लो, वह फटाक से कहता है आप कहो सरकार पेट्रोल डीजल गैस के दाम कम कर दे। मसलन सरकार मनमाना टैक्स ले रही है, दुकानदार मनमाना दाम ले रहे हैं इसलिये आप भी लीजिये मौका मिलने पर। लेखपाल हर काम मे पैसा ले रहा है, डाक्टर मोटी फीस लेकर परामर्श दे रहा है, तो आप सवाल क्यों उठाते हैं, वो भी तो अपने बच्चों को पढ़ाकर इंजीनियर डाक्टर बनायेगा।

## कांग्रेसियों ने करा दिया हेराल्ड कर्मियों के बकाए का भुगतान कराने की कोशिश में दो फंड कमिश्नरों का तबादला,अब ईडी को पत्र

**● 27 साल से बकाया भुगतान के इंतजार में अब तक 60 की मौत और 100 से ज्यादा मौत की ओर अग्रसर**

**दोनों भविष्य निधि आयुक्तों का तबादला कराने में सफलता को लेकर चर्चा में कांग्रेस का वरिष्ठ नेता**

**हेराल्ड संपत्तियों पर शिकंजे को लेकर कर्मचारियों के बकाया भुगतान के लिए लिखा ईडी को पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार होने के बाद भी प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की साजिश सैकड़ों कर्मचारियों के हित के खिलाफ अपने इरादे में सफल हो गई। उसने भविष्य निधि के उन दो आयुक्तों का तबादला करा दिया जो कर्मचारियों के करोड़ों बकाया भविष्य निधि अंशदान जल्द से जल्द दिलाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समाचार पत्र नवजीवन, नेशनल हेराल्ड और कौमी आवाज की प्रकाशक संस्था एसोसिएटेड जनरल्स लिमिटेड (एजेएल) पर अपना शिकंजा सफलता पूर्वक कस चुके थे। पीड़ित कर्मचारियों का दावा है कि अगर प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक देख रहे क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त प्रथम श्री नवीन कुमार कन्नौजिया व क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त द्वितीय श्री मारूति नन्दन त्रिपाठी का अचानक तबादला नहीं कर दिया जाता तो अब तक उनके बकाया भविष्य निधि अंशदान की भुगतान की शुरुआत अवश्य ही हो चुकी होती। जिसके लिए वह लोग बीते 27 सालों से लगातार संघर्ष कर रहे थे।

भविष्य निधि कार्यालय से जुड़े सूत्रों की माने तो दोनों भविष्य निधि आयुक्तों नवीन कनौजिया और मारुति नंदन त्रिपाठी का तबादला कांग्रेस के ही एमएलसी बताए जाने वाले एक बड़े नेता द्वारा करवाया गया। कांग्रेस के इस नेता की मोदी सरकार में भी बहुत मजबूत पकड़ बताई जाती है ,जिसके फलस्वरूप ही वह ए जे एल के कांग्रेसी मालिकानों के पक्ष में कर्मचारियों के खिलाफ दोनों भविष्य निधि आयुक्तों का तबादला कराने में सफल रहा। और अब अगर इसी संदर्भ में पीड़ित कर्मचारियों की बात करें तो अपने इसी बकाया भुगतान का इंतजार करते-करते अबतक 60 से अधिक कर्मचारी परेशान होकर मौत का भी शिकार हो चुके हैं जबकि 100 से अधिक कर्मचारी मृत्यु की ओर अग्रसर हैं।

ए जे एल कर्मचारियों के लिए लगातार जुझारू संघर्ष कर रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त नवीन कुमार कन्नौजिया और मारूती नन्दन त्रिपाठी द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई के चलते ही सारी आपत्तियों को निरस्त करते हुए 1993 से लेकर वर्ष 2005 के मध्य कर्मचारियों के अवशेष, भविष्यनिधि अंशदान एवं रू0 1989 से लेकर 2005 के मध्य दिये गये भुगतान रू0 40 माह का भविष्यनिधि कटौती और क्षतिपूर्ति का आकलन करके सेवायोजकों को नोटिस प्रेषित कर क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त मारूती नन्दन त्रिपाठी अन्तिम रूप से सेवायोजकों को अभिलेखीय साक्ष्य के साथ भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दे चुके थे, जिससे कर्मचारीगण अति उत्साहित थे लेकिन अब अचानक प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने शिकंजा करते हुए धोखाधड़ी, गोलमाल और धन शोधन जैसे आरोपी की जांच में निकले निष्कर्ष के फलस्वरुप कर्मचारियों के देयों का लगभग 130 करोड़ हड़पने वाले और यंग इण्डिया को खुद ही खरीद कर खुद ही बेचने वाले एसोसिएटेड जनर्ल्स लिमिटेड के मालिकान और निधि ट्रस्ट की शेयर होल्डर रहीं सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी यानी कांग्रेस की करोड़ों की संपत्ति जप्त करने की कार्यवाही शुरू करके एसोसिएटेड जनरल्स लिमिटेड के दर्जनों कर्मचारियों को उनके करोड़ों के बकाया भुगतान के मामले में पहले से और ज्यादा पीड़ित होने को भी मजबूर कर दिया है ,जिसके बारे में ए जे एल कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक को भी लिखे पत्र में अवगत कराया है कि मेसर्स एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड कैसरबाग के अधीन 346 कर्मचारियों का लखनऊ व दिल्ली के प्रतिष्ठानों को बन्द करने के परिप्रेक्ष्य में लखनऊ स्थित कर्मचारियों को उपरोक्त प्रबन्ध तंत्र के विरूद्ध लगभग 14 करोड़ 87 लाख भुगतान अन्तर अवशेष है। जिसके लिए लखनऊ स्थित श्रम अधिनियम को तहत विभिन्न वाद भी योजित किये गये हैं। इस बारे में हेराल्ड कर्मचारियों के साथ लगातार बैठक भी कर रहे वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे द्वारा प्रवर्तन निदेशालय निदेशक को लिखे गए पत्र के मुताबिक कर्मचारियों का वर्ष 1993 से लेकर 2005 की अवधि का कर्मचारियों का भविष्यनिधि अंशदान सेवायोजकों द्वारा पूर्णतया नहीं जमा किया गया है जो वर्तमान समय में 8 करोड़ से अधिक की धनराशि शेष है।



देयों को वसूल कर सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से कर्मचारियों को भुगतान कराने की गुज़ारिश निदेशक / अध्यक्ष ईडी से करते हुए श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे द्वारा प्रेषित पत्र में यह भी लिखा गया है कि ईडी की कार्यवाहियों के चलते नेशनल हेराल्ड की परसम्पत्तियों को कब्जा किये जाने और किरायेदारी को भी वसूलने से कर्मचारियों की देनदारियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा,क्योंकि जब उक्त भुगतान के पश्चात् वसूली कार्यवाही कर कर्मचारियों की देनदारियों का निपटारा होने की कगार पर है तो इसी बीच में ईडी की कार्यवाही ने कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात कर दिया है ,क्योंकि अब इसी ईडी की कार्यवाही के बहाने सेवायोजक कर्मचारियों की देनदारियों से मुख मोड़ सकते हैं। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य भविष्य निधि आयुक्त, नई दिल्ली, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और मेसर्स एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड़ के निदेशक पवन कुमार बंसल को भी भेजे जाने की जानकारी देते हुए कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे चर्चित वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी चेतावनी दी कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत तब तक शांत नहीं बैठेगी जब तक हेराल्ड मजदूरों के सभी बकायों के भुगतान नहीं कर दिए जाते, जिसके लिए सेवायोजकों के कर्मचारी मजदूर विरोधी स्वार्थी चेहरे को भी बेनकाब करके ही दम ली जाएगी।

### सिपाही के ऊपर चढ़ाया ट्रेक्टर, अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर की बर्रा थाना पुलिस ने सिपाही के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर चालक /अभियुक्त अरमान खान उर्फ सलमान खान पुत्र वसीर खान निवासी कुआंखेड़ा थाना सजेती कानपुर नगर उम्र करीब 20 वर्ष को ट्रैक्टर नं0 यूपी 78 आईटी 4309 सहित गिरफ्तार किया गया। कल यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में तैनात मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र सिंह बर्रा बाईपास पर ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी अरमान उर्फ सलमान खान उपरोक्त ट्रैक्टर को तेजी से चलाकर चौराहे को क्रास कर रहा था। बर्रा बाईपास पर मौजूद यातायात पुलिस के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा अभियुक्त को रोकने का काफी प्रयास किया गया परन्तु नही अभियुक्त द्वारा ट्रैक्टर को नही रोका गया चढ़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुये

## डीएम नेहा शर्मा की सख्त कार्यवाही- गलत प्रमाण पत्र जारी करने वाले 11 लेखपालों पर गिरी गाज

**● आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए थे यह गलत आय एवं निवास प्रमाण पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन के दौरान गलत आय एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए 11 लेखपालों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जांच में कुल 12 प्रकरण सामने आए, जिनमें संबंधित लेखपालों की संलिप्तता प्रमाणित हुई है।जिलाधिकारी ने इस मामले में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे कार्यवाही की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जा सके।गौरतलब है कि समन्वित बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की 17 आंगनबाड़ी परियोजनाओं में कुल 231 पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई। जिला प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से संभावित चयन परिणामों को सूचना पट्ट पर सार्वजनिक किया गया, जिससे आमजन की आपत्तियाँ प्राप्त की जा सकें। इन आपत्तियों की गंभीरता से जाँच कर, संबंधित दस्तावेजों का स्थलीय सत्यापन कराया गया।जाँच के दौरान सदर तहसील से 6, मनकापुर से 1, तरबगंज से 3 और करनैलगंज से 2 मामलों में लेखपालों द्वारा गलत प्रमाण पत्र जारी करने की पुष्टि हुई। इन दस्तावेजों के माध्यम से चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था।डीएम नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि ऐसी लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में यदि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी इस प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाया गया, तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**लेखपालों का विवरण**

1. अभिजीत कुमार- तैनाती-अनंतपुर
2. राम बहादुर यादव- पदोन्नत राजस्व निरीक्षक, वर्तमान में हरदोई में प्रशिक्षणरत; दोषी प्रकरण-2
3. हिमांशु कुमार- तैनाती- गिलौली
4. संगीता गौड़- तैनाती- गोविंद पारा
5. प्रवीण कुमार- तैनाती- बनवरिया
6. ज्ञान प्रकाश मिश्रा- वर्तमान पद- राजस्व निरीक्षक, खिरौरा मोहन, तहसील सदर
7. पवन कुमार तिवारी- तैनाती- रामापुर
8. दीपक त्रिपाठी- तैनाती- वजीरगंज
9. मनोज चौबे- तैनाती- दुर्जनपुर डिक्सिर
10. प्रभात कुमार- तैनाती- निंदूरा, करनैलगंज
11. रामनाथ- वर्तमान में राजस्व निरीक्षक, तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़


## कार्यालय ग्राम पंचायत रेरूवा वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .08/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेरूवा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 2:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**अर्जुन प्रसाद ओझा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रेरूवा**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**अंकित सिंह**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/**
**ग्राम पंचायत रेरूवावि0 ख0 हलधरमऊ**
**जिला गोंडा**



## कार्यालय ग्राम पंचायत पेडरिया विकासखंड गौर बस्ती

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना 2025/2026**

ग्राम पंचायत पेडरिया विकासखंड गौर बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 14/04/2025 से दिनाँक 22/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान पेडरिया ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जो ग्राम पेडरिया के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पेडरिया के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**श्रीमती आरती सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पेडरिया विकास खंड गौर**
**बस्ती**

**राशिदा खातून**
**ग्राम प्रधान ग्राम**
**पंचायत पेडरिया विकासखण्ड गौर**
**जनपद बस्ती**

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत कार्यालय में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई



**मैलानी** नगर पंचायत कार्यालय में डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती समारोह मनाई गई।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी,अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी और सभासदगणों सहित अन्य लोग भी उपस्थित हुए।नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी और अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी ने सर्व प्रथम माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी लोगों ने जय जय कार की।मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी ने बाबा साहब के अनमोल वचनों के बारे में बताया कि

1-बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।वे इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास भूल जाते हैं।

2-अपने भाग्य के बजाय अपनी मजबूती पर विश्वास करो।

3-जो व्यक्ति अपनी मौत को याद करता है,वह सदा अच्छे कार्य करता है।

4-मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता,समानता और भाईचारा सिखाता है।

5-कानून और व्यवस्था राजनीतिक शरीर की दवा है।जब राजनीतिक शरीर बीमार पड़े,तो दवा अवश्य देना चाहिए।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की।समारोह के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई।

### निघासन में बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, जोश और उत्साह से गूंजा क्षेत्र



**लखीमपुर खीरी।** संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निघासन में ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत तिकुनियां से हुई, जो लगभग 40 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर ढखेरवा चौराहे तक पहुँची।इस विशाल शोभायात्रा में तिकुनियां, बेलरायां, सिंगाही, बम्हनपुर, झंडी आदि क्षेत्रों से भारी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता पहुंचे। सभी कार्यकर्ता निघासन चौराहे पर एकत्रित हुए और गुलाल उड़ाते, बाबा साहेब के जयकारों के साथ डीजे की धुन पर झूमते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में डीजे लदे ट्रक, डीसीएम, पिकअप, जीप, कार, मोटरसाइकिल, ऑटो सहित सैकड़ों वाहन शामिल रहे, जिससे पूरा इलाका अंबेडकरमय हो गया। निघासन शोभायात्रा के दौरान बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके विचारों को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गीत-संगीत और रंग-बिरंगे गुलाल के बीच कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया। इसी क्रम में निघासन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और निघासन के विधायक शशांक वर्मा ने किया।बाइक रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान देशभक्ति और सामाजिक समरसता के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक शशांक वर्मा, विनोद लोधी, श्याम जी पाण्डेय, देवेंद्र कुमार, सुनील बत्रा, रामकुमार मौर्य, पंकज गिरी, ध्रुव वर्मा समेत कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।समाज में समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देते हुए बाबा साहेब की जयंती पर निकली यह शोभायात्रा और बाइक रैली निघासन क्षेत्र के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन गई।

### बारात में छेड़खानी को लेकर मारपीट, 30 लोगों पर केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नोनहवा में रविवार की शाम मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम कोटिया निवासी राम बहादुर के लड़के की शादी थी कि इसी बीच अबूशहमा पुत्र नजीर ने अपने गैंग के लगभग 15 से 20 लोगों को लेकर बारात स्थल पर पहुंच गए और लड़कियों को वाहन से उतरते ही छेड़खानी करने लगे बरातियों द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो सभी लोगों द्वारा बरातियों को मारने पीटने लगे हल्ला गुहार पर तमाम लोग आ गए बीच बचाव के तब लोगों की जान बची। मारपीट की घटना में बरातियों में धर्मेंद्र साहनी पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, अनिल साहनी पुत्र रंजीत, विजय पुत्र इंदल, अर्जुन पुत्र लक्ष्मी, ग्राम बर्डपुर नंबर दो मोहम्मद नगर को गंभीर चोटे आई कुछ समय बाद फिर उन लोगों द्वारा करीब 30 की संख्या में लोगों को बुलाकर जनरेटर बंद कर फरसा आदि धारदार हथियार से लैस होकर राजेंद्र पुत्र अंबर ग्राम नोनहवा के घर में घुस गए और लोगों को मारने पीटने लगे।

# अव्यवस्थाओं का शिकार स्वास्थ्य उपकेंद्र बरोठा

**गांव के ही मोहम्मद यूसुफ कहते हैं कि अस्पताल जर्जर हालत में होने से इसमें स्वास्थ्य कर्मी भी नहीं बैठते। एक दूसरे के घर पर बैठ पोलियो तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी टीकाकरण करना भी उनकी मजबूरी है क्षेत्र के लोगों को रात में आवश्यकता पड़ने पर सीएचसी जाना पड़ा रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी।** आमजन के लिए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराए जाने के लिए स्थापित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। शासन ने ग्रामीण महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र बनवाया था।किंतु एक दशक से विभागीय उपेक्षा के चलते अस्पताल पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया है।लगभग सात साल से ऊपर का समय हो गया है विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का शिकार होता जा रहा है।उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का दरवाजा, खिड़की तथा दीवाल टूट कर गायब हो रहे हैं।क्षेत्र के अधिकांश गांवों में बने स्वास्थ्य उपकेंद्रों की हालत बदहाल है बदहाल व्यवस्था में व केंपस में घनी झाड़ियों व गंदगी के बीच इस केंद्र पर एएनएम बैठने से भी कतराती हैं। इसके चलते इस केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

प्रसव के लिए महिलाओं को इधर उधर उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। टीकाकरण में भी परेशानी हो रही है। टीकाकारण करने के लिए बैठने तक कि जगह नही है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए गांवों में उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया गया। इसके तहत हजारों की महिला आबादी पर स्थित इन केंद्रों पर एएनएम की तैनाती की गई। परंतु स्वास्थ्य उपकेंद्र जर्जर व अव्यवस्था का शिकार होने से मरीज भी जानें में कतराते हैं।ग्रामीणों को काफी तय दूरी करनी पड़ती है।

मो0अजीम कहते हैं कि सबसे बड़ी मुसीबत महिलाओं तथा बच्चों के लिए है, जिन्हें समय से स्वास्थ्य सुविधा से वंचित होना पड़ता है और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु आठ से दस किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

3 अनिल प्रकाश त्रिवेदी कहते जब स्वास्थ्य उपकेन्द्र शासन द्वारा बनाए गए थे तब हम सब को बहुत खुश हुए थे कि छोटे से इलाज के लिए हमें निघासन का सफ़र नहीं करना पड़ेगा परन्तु स्थिति इससे विपरीत देखने को मिली स्वास्थ्य उपकेन्द्र पूरी तरीके से जर्जर हो गया न किसी डॉक्टर व एनम की अभी तक कोई नियुक्ति हुई हे ओर न ही जर्जर हो रही बिल्डिंग को कोई अधिकारी की कोई जवाबदेही देखने को मिली हे

**क्या कहते है सीएचसी अधीक्षक**

सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन की तरफ से जब पैसा आयेगा तब सही करा जायेगा थोड़ी बहुत काम एएनएम के माध्यम से कराया जा सकता है।

## रिठौरा में डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का 134 वा जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से बनाया गया है





**बरेली/** बरेली सांसद ने अंबेडकर प्रतिमा को माला पहनाकर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला है। अंबेडकर पार्क का 40 लाख से विस्तार का लोकार्पण किया। कस्बे जाटवपुरा में अंबेडकर पार्क में बोलते हुए बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार ने डॉ भीमराव अंबेडकर के 134 में जन्म दिवस पर अंबेडकर प्रतिमा पर माला पहनाई । श्री गंगवार ने कहा कि कस्बे के अंबेडकर पार्क का 40 लाख की लागत से लोकार्पण किया और नींव भरकर पूजन किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए सांसद छत्रपाल गंगवार ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर उनके जीवन परिचय पर लोगों को बताया की अंबेडकर साहब का सभी भारतीयों के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है।सब को शिक्षिति,संगठित रहने और संघर्ष करने को कहा। उन्होंने सर्व समाज का उत्थान किया हमारे देश का संविधान लिखा उन्होंने तमाम महापुरुषों का भी हवाला दिया कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एकजुट किया है। सभी लोग जातपात की बात खत्म कर रोटी बेटी का व्यवहार करें। संचालन लोकेश गुप्ता ने किया।इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, रमेश वर्मा, मयंक पांडे,सभासद कमलेश गंगवार, सभासद बाबू सागर, सभासद पति देवी दास, डॉक्टर आरसी गौतम, मुरारी लाल, हरपाल सागर, दीपक सागर, परमानंद, अमित आर्य प्रभेश कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

### पिता ने दी बेदखल करने की धमकी पुत्र ने लगाई डीएम से न्याय की गुहार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** इस युग में एक बार फिर एक पिता धृतराष्ट्र की भूमिका में आकर भाई भाई के बीच महाभारत कराने पर उतारू हो गया मामला थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बरगदिया बाबरपुर तहसील गोला का हैबताते चलें कि बरगदिया बाबरपुर निवासी रावेन्द्र कुमार ने अपने छोटे पुत्र के पुत्रमोह में फंसकर बडे पुत्र को अपनी पैतृक सम्पत्ति से बेदखल कर पूरी पैतृक सम्पत्ति छोटे पुत्र अमित को बैनामा या दान में देने या किसी अन्य व्यक्ति के हाथ बेचकर बड़े पुत्र को अपने हाल पर छोड़ देने की ठान ली जिससे आहत बडे पुत्र अश्विनी कुमार ने आई जी आर एस के माध्यम से शिकायत कर एवं डीएम खीरी से न्याय की गुहार लगाई है साथ ही पिता एवं भाई द्वारा पैतृक सम्पत्ति से वंचित करने पर परिवार का जीवन यापन न कर पाने की स्थिति में स्वयं या पत्नी को मानसिक प्रताड़ना की स्थिति में आत्महत्या जैसा गम्भीर कदम उठाने के लिए विवश होने का जिम्मेदार पिता भाई अमित एवं भाई की पत्नी एवं सम्पत्ति लेने वाले व्यक्ति एवं गवाहों को जिम्मेदार होने की चेतावनी दी है देखना है कि प्रशासन पीड़ित को न्याय दिलाने में कितना संजीदा है।

### भारतीय समाज के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक विकास के कर्णधार थे डॉ भीमराव अंबेडकर- विजय शुक्ला रिंकू

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ,युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अलीगंज रोड स्थिति प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर पालिका परिषद सभागार में चित्र पर श्र्द्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक विकास के कर्णधार थे। उन्होंने कमजोर और उपेक्षित समाज के लिए जीवनपर्यंत काम किया। उनका बचपन अनेक कठिनाइयों और भेदभाव से भरा रहा। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा कि भारतीय समाज के एक महान नेता, सामाजिक सुधारक और भारत के संविधान के शिल्पकार थे। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज में समानता की स्थापना के लिए किया गया योगदान उन्हें इतिहास में एक विशेष स्थान दिलाता है। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ,कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार,नगर उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजन साहनी, सह संयोजक. धीरज बाजपेयी, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, सह संयोजक राजीव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, शिवम गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, शिवम कश्यप,महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, जगमोहन बाल्मीकि सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओपीडी में बाहरी डॉक्टर! सीडीओ ने पुलिस को सौंपा, सख्त चेतावनी जारी

**● सीडीओ का एक्शन मोड- अस्पताल में मिली अनियमितताओं पर कसा शिकंजा**

**सीडीओ ने जिला चिकित्सालय ओयल का किया औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर जताई सख्त नाराजगी**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी 14 अप्रैल।** सीडीओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को जिला चिकित्सालय ओयल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए सख्त निर्देश दिए।सीडीओ ने सबसे पहले ओपीडी पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद किया और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इसी दौरान चिकित्सक कक्ष में एक बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति मौजूद मिला, जो मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहा था। सीडीओ ने तत्काल उसे पकड़कर ओयल पुलिस को सुपुर्द कर दिया। सीएमएस द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर दी गई है।इस मामले में संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में पुनः चेकिंग की जाएगी और यदि इस प्रकार की गतिविधियां दोबारा पाई गई, तो संबंधित चिकित्सक को भी कठोर दंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को चिकित्सकीय कक्ष में नहीं देखा जाना चाहिए, अन्यथा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुविधाओं में कमी पर जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल में स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की कमी को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि नियमानुसार आवश्यक संख्या में स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की खरीद कर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मरीजों की सुविधा हेतु वार्डबॉय की राउंड द क्लॉक ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।दवा वितरण में लापरवाही पर फटकार

औचक निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के दवा वितरण काउंटर पर कुछ आवश्यक दवाओं की कमी पाए जाने पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने गहरी नाराजगी



व्यक्त की। उन्होंने प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि चिकित्सक किसी भी स्थिति में बाहरी दवाएं न लिखें और अस्पताल में सभी आवश्यक औषधियों की उपलब्धता बनी रहे, ताकि मरीजों को समुचित और समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.वाणी गुप्ता को समय-समय पर रैंडम जांच करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को पूरी और उचित दवा मिल सके।

**अन्य कमियां भी आई सामने**

निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर की टंकियां खराब पाई गई, जिसे तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में 13 अप्रैल से मखक्षेत्र मखोड़ा से धूमधाम से हजारों संतों और राम भक्तों के साथ प्रारंभ हुई

**● 14 कोसी परिक्रमा को लेकर संत और राम भक्त में काफी उत्साह दिखा संतों का साथ देने के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी परिक्रमा में भाग लिया**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केमखक्षेत्र मखोड़ा से 13 अप्रैल को हजारों संतों द्वारा 14 कोसी परिक्रमा की शुरूआत किया प्रथम पडाव स्थल रामरेखा मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद और संघ के तमाम कार्यकर्ताओं जोरदार स्वागत किया गया तथा उनको फल हार कराया गया चौरासी कोसी परिक्रमा विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में 13 अप्रैल से मखक्षेत्र मखोड़ा से धूमधाम से हजारों संतों और राम भक्तों के साथ हर्ष उल्लास के साथ विधि विधान से प्रारंभ हुई जगह-जगह फूलमाला से पुष्प बरसा कर यात्रा का स्वागत राम भक्तों ने किया यात्रा का प्रथम पड़ाव रामरेखा मंदिर रहा यात्रा की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के माननीय सुरेंद्र जी अखिल भारतीय परिक्रमा प्रमुख के नाते अगुवाई की रामरेखा मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जहा रामरेखा मंदिर के महंत दयाशंकर दास ने संतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया 14 अप्रैल को दूसरे दिन यात्रा स्नान ध्यान के बाद भोर में ही शुरू हो गई यात्रा का स्वागत विशेश्वरगंज बाजार में प्रधान बलवंत सिंह एवं एवं सुनील सिंह ने किया तथा अल्पहार की व्यवस्था की यात्रा में व्यवस्था की दृष्टि से विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री श्रीमान मनीष जी दिनेश जी जिला मंत्री विवेक सिंह सोनू जिला सह मंत्री धर्मेंद्र जी जिला संयोजक बजरंग दल प्रवीण सिंह एवम् विश्व हिंदू परिषद के तमाम कार्यकर्ता व्यवस्था की दृष्टि से लगे रहे यात्रा 10:00 बजे के करीब हनुमान बाग चकोही पहुंची यहां पर प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार पाठक जी हेगा पुर तथा दुर्गा प्रसाद सिंह जी हनुमनबाग चकोही ! राज मंगल पाठक महंत जी ने संतों का स्वागत किया जलपान भोजन की व्यवस्था खुशहालगंज निवासी भोजपुरी फिल्म प्रोड्यूसर बलवंत सिंह सोनू जी व उनके सहयोगियों ने किया यात्रा का बीच-बीच में विश्व हिंदू परिषद के तमाम कार्यकर्ता जगह-जगह व्यवस्था व स्वागत के लिए लगे रहे जिसकी अगवाई विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री शैलेंद्र द्विवेदी अमित वर्मा वाल्मीकि सोनकर जय हिंद सोनी आदि ने किया दुबौलिया विशेश्वरगंज स्वास्थ्य कर्मी संतों की सेवा मे लगे रहे थाना परशुरामप?

## भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी के 135वीं जयन्ती समारोह मण्डलायुक्त सभागार में हर्षोल्लास से मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी के 135वीं जयन्ती समारोह मण्डलायुक्त सभागार में हर्षोल्लास के साथ मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने डा0 भीम राम अम्बेडकर जी के जयन्ती पर उनके संघर्ष, आदर्शों एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा देश की एकता, अखण्डता, समानता एवं मानव जीवन के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्ता का वर्णन किया। डा0 अम्बेडकर भारतीय समाज एवं मानव जीवन के नेता, समाज सुधारक और भारत के संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने यह भी कहा कि डा0 अम्बेडकर ने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सबको सम्मान, न्याय, अभिव्यक्ति की आजादी आदि दिलाने का प्रयास किया, जिसे युगों-युगों तक कभी भुलाया नही जा सकता है। डा0 अम्बेडकर जी के आदर्श से सीख लेनी चाहिए एवं सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त (प्रशासन) मनोज कुमार तिवारी, उप निदेशक पंचायत बस्ती मण्डल समरजीत यादव, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय, न्याय सहायक रमेश चन्द्र कन्नौजिया, निरीक्षक राजकीय कार्यालय अश्वनी कन्नौजिया, राजस्व सहायक राजेश रसाल, वरिष्ठ सहायक शैलेश श्रीवास्तव द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर वैयक्तिक सहायक बजरंग बली पाण्डेय, संदीप यादव, अनुपम चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, अमित कुमार, शलभ श्रीवास्तव, समीम अहमद, आफताब अहमद, सौरभ श्रीवास्तव, संजय कुमार, दिनेश कुमार, मुमताज अहमद, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद कुमार आदि कर्मचारी/अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माननीय उपाध्यक्ष उ0प्र0 गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, हर्रैया विधायक अजय सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि महादेवा फूलचन्द्र श्रीवास्तव व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों द्वारा डा0 अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि पूरा देश जन आन्दोलन की तरह यह जयंती मना रहा है। उनके आदर्शों को पूरी दुनिया याद करती है। उन्होंने शिक्षा को समतामूलक बनाने का काम किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हमें उनके आदर्शों को धारण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माण में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने बाबा साहब को संविधान सभा तक पहुंचने की यात्रा को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम जब किसी महापुरूष को पुष्प अर्पित करते हैं तो हमें उनके आदर्शों को धारण करते हुए उनके मार्ग पर चलना चाहिए। हर्रैया विधायक अजय सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों को शामिल किया जा रहा है यह बहुत गर्व की बात है। बाबा साहब ने जो सपना देखा था वह पूरा हो रहा है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भेदभाव, छुआछूत लगभग समाप्ति की ओर है। एमएलसी प्रतिनिधि



हरीश सिंह ने कहा कि बाबा साहब समाज सुधारक थे, 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया था। निचले तबके के लोगों को आरक्षण के माध्यम से सशक्त बनाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कहा कि भारतीय लोग भावनात्मक होते हैं। हम सभी को संविधान की रचना को पढ़ना चाहिए आप देखेंगे कि हर प्रस्ताव का उत्तर अम्बेडकर जी के नाम से आयेगा। देश के लिए क्या सही है यह व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर ने जाति धर्म की भावना से ऊपर उठकर समाज के उत्थान के लिए जो कार्य किये हैं उन्हें पीढ़ियां याद रखेगी। उनका कहना था कि न्याय, बंधुता, समता और स्वंतत्र समाज ही मेरे आदर्श हैं। बाबा साहब सभी के लिए आदर्श थे उनके कार्यो को जन-जन तक पहुंचाये जिससे समाज को एक नई दिशा और दशा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत व डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, एसडीएम रश्मि यादव, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, वरिष्ठ सहायक अशोक मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, कलेक्ट्रेट के रामशंकर पटेल, जितेन्द्र श्रीवास्तव, नाजिर जितेन्द्र श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त सूर्यलाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मिरवापुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर बौद्ध विहार का भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज थाना अंतर्गत बिरवापुर ग्राम पंचायत में डॉ. प्रमोद कुमार के निवास स्थान पर नव निर्मित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर बौद्ध विहार का उद्घाटन रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने बुद्ध वंदना और पंचशील का पाठ किया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता और एकता के रंग में रंग दिया।

इस अवसर पर बाबा साहेब के विचारों और उनके सामाजिक समरसता के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली प्रभात फेरी की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। सुबह 7:00 बजे शुरू होने वाली इस प्रभात फेरी के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे बाबा साहेब के कारवां को आगे बढ़ाने और उनके मिशन को पूरा करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध हैं। इस प्रभात फेरी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ. प्रमोद कुमार ने सभी उपस्थित अतिथियों और श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र दान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही, भोजन दान की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जो बाबा साहेब के समता और भाईचारे के सिद्धांत को दर्शाता है। इस भव्य आयोजन में कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें दुबौला के प्रधान उमेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, इंजीनियर बच्चू लाल, रामजतन, रुपेश, रामनिवास बौद्ध, राम सुरेश पटेल, सुदर्शन मास्टर, काशीराम प्रधान और पवन कुमार जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। इन सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता स्थापित करने के लिए अपने विचार साझा किए।

बौद्ध विहार के उद्घाटन ने स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ा दी है। यह विहार न केवल बाबा साहेब के विचारों का प्रतीक बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उपस्थित लोगों ने इसे मिर्जापुर के लिए नए युग की शुरुआत बताया, जहां बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

## थाना हैदराबाद की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अदद चोरी की मोटर व नगदी कुल 12,300 रू0 समेत कुल 06 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**मैलानी खीरी** कुकरा पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व मे अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 14. अप्रैल को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 139/25 धारा 331(4)/305(ए)/35 बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तों रईस पुत्र बाबू मंसूरी इमरान पुत्र बली हुसैन इरफान पुत्र यामीन खां निवासीगण ग्राम कुकरा कलामुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम कुनेठिया आशिक अली पुत्र सादिक अली निवासी ग्राम कुनेठिया 6. मुन्ना अली पुत्र अजमेती निवासी ग्राम पिपरा सहित कुल 06 नफर चोर गोकश अभियुक्तों को 01 अदद चोरी की मोटर व कुल 12,300 रू0 के साथ छत्तीपुर राजा पुलिया के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुयी है, अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संतोष तिवारी चौकी प्रभारी बांकेगंज, उ0नि0 जितेन्द्र सिंह यादव चौकी प्रभारी कुकरा, उ0नि0 मोहित पुण्डीर चौकी प्रभारी संसारपुर, उ0नि0 जयप्रकाश यादव हैदराबाद, उ0नि0 हेमन्त कटियार थाना हैदराबाद, हे0का0 राकेश वर्मा,का0 प्रेमशकर, संजीव यादव, राजीव सागर,का0 शैलेन्द्र कुमार थाना मैलानी, राजमन साहनी थाना मैलानी सहित आदि पुलिस बल टीम मौजूद रही।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरियावां थाना क्षेत्र धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर डॉक्टरभीमराव अंबेडकर जयंती



**भदोही सुरियावा** 14 अप्रैल 2025 को स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरियावा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ बाबा साहेब की जयंती मनाई गई इस दौरान बाबा साहब के अनुयायियों द्वारा जगह-जगह प्रभात फेरी तथा जुलूस निकालकर बाबा साहब के अपना भाव प्रकट कर बाबा साहब के आदर्श पर चलने का संकल्प लेते हुए कहां की बाबा साहब का जीवन बहुत ही संघर्ष सिलल रहा उन्होंने जीवन भर शोषण भेदभाव असमानता के खिलाफ संघर्ष किया स्वतंत्रा समानता पर आधारित समाज की नयू रखी इस दौरान नगर सुरियावा में 52 बीघा तालाब अटल चौराहा तथा ग्राम पंचायत कुशौडासे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राममिलन के नेतृत्व में भी भव्य जुलूस का आयोजन किया गया कि में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष द्वारा भाग लिया गया इस दौरान सुरक्षा के दृष्टि से महिला एवं पुरुष क कांस्टेबलतथा गोपनीय विभाग के जवान भी दृष्टि बने हुए थे

### सानवी को मिला बेस्ट एकेडमिक और स्कॉलरशिप सम्मान



**चुनार, मिर्जापुर।** सनबीम सनसिटी में आयोजित प्रोत्साहन 2025 में सानवी सिंह को बेस्ट एकेडमिक एवं स्कॉलरशिप का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दून स्कूल के डॉक्टर जसप्रीत सिंह द्वारा दिया गया। सानवी सिंह भारतीय स्टेट बैंक के अवकाश प्राप्त कर्मचारी कमलाकर सिंह की पौत्री हैं। सानवी के पिता डॉ रवि सिंह और माता डॉ सोनम सिंह चुनार के उस्मानपुर स्थित केम्स अस्पताल के प्रबंधक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक मधोक व भारती मधोक उपस्थित थे। सानवी की सफलता पर नगर पालिका परिषद चुनार के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, पूर्व प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार नरेंद्र कुमार सिंह, सभासद गौतम जायसवाल, नगर पालिका परिषद चुनार जलकर अभियंता सौरभ सिंह, पत्रकार अनिल मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सानवी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को क्षेत्रीय लोगों ने गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली।क्षेत्र के पटेहरा गांव से पूर्व विधायक सूर्य भान के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा यात्रा निकाली। शोभायात्रा पटेहरा गांव से प्रारंभ होकर रतेह,सेमरा कलां होते हुए ड्रमंडगंज बाजार पहुंची जहां शोभा यात्रा का समापन किया गया। जिला पंचायत सदस्य राकेश पुंज ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों और समाज के शोषित वर्ग के उत्थान के लिए आजीवन कार्य किया। संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए कार्यो को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व विधायक सूर्य भान ने बाबा साहब के दलितों के उत्थान के लिए किए योगदान पर प्रकाश डाला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज पुलिसकर्मियों संग मौजूद रहे। इसी तरह ड्रमंडगंज में प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, गलरा पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि अरूण मिश्र महोगढ़ी गांव में प्रधान सुरेश केशरी ने ग्रामीणों संग डॉ अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

### महावीर जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन

चुनार मिर्जापुर। महावीर जयंती के अवसर पर चुनार नगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में तो एक शोभा यात्रा निकाली गई । शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए गंगेश्वर नाथ स्थित राघव जी मंदिर पर शंख ध्वनि के साथ समाप्त हुई। यात्रा में राष्ट्रीय किसान परिषद जिला अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे, काशी प्रांत संगठन महामंत्री संजय दुबे ,प्रांत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दुबे जिला संरक्षक कमलेश दुबे, आयोजक अमित गुप्ता ,सुभाष शर्मा ,संदीप देववंशी, दिलीप श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पिता के सामने तड़पते हुए दो मासूमों और पत्नी ने दम तोड़ दिया

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिलेके हरैया थाना क्षेत्र के गन्ना मंडी निवासी कपड़ा व्यवसायी के दो मंजिला मकान में आग लगने से उसकी पत्नी और चार एवं तीन साल के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। व्यवसायी भी गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए सीएचसी हरैया से हायर सेंटर अयोध्या रेफर कर दिया गया। इस घटना में उसके दो भाई भाभी , दो भतीजा भी झुलस गए।

**परिवार सोता रहा, नही लगी आग लगने की भनक**

हरैया थाना क्षेत्र के गन्ना मंडी निवासी सुनील केसरवानी (32), अपनी पत्नी पूजा (30), बेटी सौरभी (4) और तीन माह के पुत्र के साथ कमरे में सो रहे थे। रविवार की सुबह अचानक 4 बजे मकान से लपटे उठती देख आस पास के लोग भागकर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़कर परिवार को बाहर निकाला। सभी को सीएचसी हरैया लेकर पहुंचे। जहां पूजा, और उसके दो मासूम बच्चों को परीक्षण उपरांत डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डाक्टर ने हायर सेन्टर अयोध्या के लिए रेफर कर दिया।घर से आग की लपटें और धुंआ निकलता देख दौड़े आसपास के लोगसुनील केसरवानी मकान में ही कपड़े की दुकान चलाते है। रात के समय पूरा परिवार सो रहा था। अचानक आग लगने से कमरे में धुंआ भर गया। जब तक कुछ समझ में आता पूरा परिवार आग और धुएं की चपेट में आ चुका था। आस पास के लोग मकान से आग और धुंआ उठता देख मौके पर पहुंचे। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आसपास के लोगों ने व फायर ब्रिगेड के जवानों के साथ मिलकर मकान में फंसे लोगों की जान बचाई। अफरा तफरी के बीच मकान में फंसे कुछ लोगों ने रस्सी के सहारे से कूद कर अपनी जान बचाई। आग लगने से मकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

**पत्नी, बच्चों की मौत से बदहवास हुआ पिता**

हादसे में पत्नी और बच्चों की मौत से बेसुध सुनील ने रोते हुए बताया कि पता नहीं कैसे अचानक आग लग गई। पूरे कमरे में धुआं भर था। उसके सामने उसके बच्चे तड़प रहे थे। उसकी खुद की भी हालत खराब थी। बच्चों को तड़पता देखने के बाद भी वह उन्हें बचाने के लिए कुछ नहीं कर सका।धुंए में दम घुटने से हुई तीनों की मौतसूचना पर डीएम रवीश गुप्ता, एसपी अभिनन्दन भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम हरैया मनोज प्रकाश ने परिजनों से



मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। तीनो की मौत दम घुटने से होना बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीओ हरैया संजय सिंह ने बताया कि आग शार्ट सर्किट से लगी या लगाई गई। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आग की चपेट में आने से दो मासूमों और उनकी मां की मौत ने लोगों को झकझोर दिया है, मौत से समूचे क्षेत्र में गम का माहौल है।एक साथ उठी मां, दो बच्चों की अर्थी, रो पड़े लोगमकान में लगी आग में मां, दो बच्चों की मौत की घटना से लोग गमगीन है। पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा तो लोगों की आंखें भर आईं। अंतिम संस्कार के लिए अर्थी उठी तो लोगो की आंखों से आंसू निकल पड़े। आग में झुलसा पिता अपने कलेजे के टुकड़ों को दफन करते समय फफक कर रो पड़ा। पत्नी को अंतिम विदाई दी। जिसने भी इस दर्दनाक मंजर को देखा उसका कलेजा दहल उठा।

# अष्टभुजा डाकभागलां चढ़ाई श्रद्धालु का वहां ब्रेक फेल होने से पलटा

**मीरजापुर, विंध्याचल।** मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक घटना के बाद और थाना प्रभारी विंध्याचल अमित कुमार प्रजापति अष्टभुजा चौकी प्रभारी मोती यादव ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर सभी मां के भक्तों का हाल चाल जाना। इस दौरान मामूली रूप से घायल हुए तीर्थ यात्रियों को विंध्याचल सीएचसी पहुंचाया गया। जिला मऊ, थाना हलदल पुर से आए मां के भक्तों का एक समूह लगभग 7 लोगों की संख्या में था, जिनमें अमित, लक्ष्मण गुप्ता उम्र 54 वर्ष, जयंती देवी 50 वर्ष, अनीता देवी उम्र 24 वर्ष आदि शामिल थे। सभी लोग सुरक्षित है।



**घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की तत्परता**

अष्टभुजा चौकी प्रभारी मोती यादव ने घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर सभी मां के भक्तों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास किया। इसके बाद थाना प्रभारी विंध्याचल अमित कुमार प्रजापति भी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी का हाल चाल जाना।

**विंध्याचल मंदिर की महत्ता**

विंध्याचल मंदिर एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां माता दुर्गा के कई मंदिर हैं। यह मंदिर उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित मिर्जापुर जिले में है, जो वाराणसी से लगभग 65 किलोमीटर और प्रयागराज से लगभग 85 किलोमीटर की दूरी पर है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है, जो मां विंध्यवासिनी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए आते हैं।

**मंदिर के आसपास के दर्शनीय स्थल**

विंध्याचल मंदिर के आसपास कई दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें अष्टभुजा मंदिर, काली खोह मंदिर, सीता कुंड और गंगा घाट प्रमुख हैं। अष्टभुजा मंदिर एक पहाड़ी पर स्थित है, जहां तक जाने के लिए लगभग 60-70 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। काली खोह मंदिर देवी काली को समर्पित है, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। विंध्याचल मंदिर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए, यह जानना आवश्यक है कि मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की जानकारी पहले से ही प्राप्त कर लेनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत पुलिस टीम के प्रयास से 08 माह पूर्व गुम हुआ महोबा (उ0प्र0) निवासी मंदबुद्धि युवक अपने परिजनों से मिला

● पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान लावारिस स्थिति में इधर-उधर भटकता हुआ मिला था युवक

मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ होने के कारण हरियाणा से भटककर ट्रेन से पहुंच गए थे गोपीगंज



स्वतंत्र प्रभात

दिनांक 12/13.04.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान एक 23 वर्षीय युवक जो कुछ दिमागी रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था इधर-उधर भटकते हुए पाया गया। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने नाम और पता के संबंध में स्पष्ट नहीं बता पा रहा था। पुलिस टीम द्वारा उनके परिजनों के संबंध में जानकारी करने हेतु उन्हें अपने साथ थाना गोपीगंज पर लाया गया।

"ऑपरेशन मुस्कान" के तहत अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुम व्यक्तियों के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज मय पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर युवक की पहचान अरबाज उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र मुख्तार अली निवासी नयापुरा थाना व जनपद महोबा के रूप में किया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना प्रभारी महोबा के जरिए परिजनों को सूचित किया गया। आज दिनांक 14.04.2025 को युवक के परिजन थाना गोपीगंज पर उपस्थित आये। गुमशुदा मंदबुद्धि युवक को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा बताया गया कि वह हरियाणा में सपरिवार रहकर मजदूरी करते हैं, करीब-08 माह पूर्व उनका लड़का अरबाज उपरोक्त गुम हो गया था, जिसके संबंध में उनके द्वारा हरियाणा के थाना खेड़ीपुर में सूचना दिया गया था। विगत 08 माह के बाद आप लोगों के अथक प्रयास से हम लोगों को पुनः मिल सका है। हम सभी अपने पारिवारिक सदस्य को पुनः अपने बीच पाकर बहुत खुश हैं। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

# प्राथमिक स्कूलों के बच्चें बन सकते है अफसर- राजेश यादव

● पूर्व एआरपीगण के विदाई समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन के दौरान भावुक हुए बीईओ उरुवा।?

उरुवा बीआरसी में निकली स्कूल चलो अभियान रैली,शिक्षक घर-घर जाकर बच्चों को नामांकन के लिए करें प्रेरित- रुचि तिवारी.?

स्वतंत्र प्रभात

**मेजा-** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर 14 अप्रैल 2025,दिन सोमवार को विकास खंड उरुवा के बीआरसी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव की अगुवाई में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में शिव सेना उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य विधि अधिकारी,उत्तर प्रदेश सरकार व अधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय अभिषेक तिवारी उपस्थित रहें। खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के साथ बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बाबा साहब की जयंती को उत्सव के रूप में मनाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज से प्राप्त आदेशानुसार ब्लॉक में "हमारा संविधान,हमारा स्वाभिमान " एवं स्कूल चलो अभियान रैली की ब्लॉक स्तरीय रैली निकाली गई। रैली को मुख्य अतिथि महोदया एवं खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने बीआरसी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षकों, संकुल प्रभारी एवं पूर्व तथा वर्तमान एआरपी ने प्रतिभाग किया। रैली ब्लॉक संसाधन केंद्र उरुवा से शुभारंभ होकर खंड विकास अधिकारी बीडीओ कार्यालय उरुवा चौराहे के तक गई। जहां से वापसी के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को प्राथमिक विद्यालय कोटहा में जलपान करवा कर उन्हें विदा किया गया। उसके पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र उरुवा के सभागार में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व सभी उपस्थित लोग एवं खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा के साथ मुख्य अतिथि महोदया एवं विशिष्ट अतिथि महोदय शामिल हुए। जहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण के पश्चात हुआ। तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने मुख्य अतिथि महोदया रुचि अभिषेक तिवारी व विशिष्ट अतिथि महोदय अभिषेक तिवारी जी को बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा परिषदीय विद्यालयों के सत्र 2024-25 में निपुण घोषित हुए 39 विद्यालयों का सम्मान समारोह, नवोदित एआरपी का स्वागत समारोह एवं पूर्व एआरपी का विदाई समारोह संपन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव की अगवाई में मुख्य अतिथि महोदया रुचि अभिषेक तिवारी द्वारा सभी निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को माल्यार्पण करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और सभी नए एआरपी क्रमशः अजीत कुमार मिश्रा, रामानंद शुक्ला व जितेंद्र नाथ दुबे तथा पूर्व में अन्य विकास खण्डों में एआरपी के दायित्व के निर्वहन के पश्चात अपने मूल पद पर पुनः विकास खंड उरुवा में वापस आए एआरपी क्रमशः पुष्पेंद्र शुक्ला व रुचि श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकास खंड उरुवा के एआरपी के रूप में कार्यरत और वर्तमान में अपने विद्यालय में मूल दायित्व पर वापस हुए एआरपी क्रमशः सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा,



प्रीतम दास एवं विमलेश यादव को उनके द्वारा एआरपी के रूप में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महोदया ने अपने उद्बोधन में सभी निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को बधाई देते हुए उनकी प्रशंसा की और उनके इस अलख को निरंतर जगाएं रहने हेतु संकल्पित करवाया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र आपको अपने उत्तरदायित्व का न केवल बोध कराता है, बल्कि आपको उसके प्रति अधिक जिम्मेदार बनाता है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने अपने उद्बोधन में सभी पूर्व एआरपी की भूरि-भूरि प्रशंसा की और वे अपने उद्बोधन के दौरान भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जिस प्रकार अपने एआरपी के दायित्व का निर्वहन किया है,मुझे उसे पर गर्व है। आशा है कि आप लोग अपने विद्यालय में भी इसी तरह तन्मयता के साथ कार्य करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर सदैव विकास खंड को अपना आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव द्वारा ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद शुक्ला की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। क्योंकि उन्होंने अध्यक्ष पद पर रहते हुए न केवल अपने दायित्व का निर्वहन किया है,बल्कि अपने विद्यालय को प्रथम चक्र में ही निपुण भी बनाया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया द्वारा उन्हें निपुण प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति




चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा द्वारा मुख्य अतिथि महोदया व विशिष्ट अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया और उनका आभार व्यक्त किया गया। अंत में मुख्य अतिथि महोदया ने सभी शिक्षकों को बधाई दिया और उन्हें अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर प्रगति करते रहने की शुभकामनाएं दी और साथ ही साथ उन्होंने बीईओ उरुवा से आग्रह किया कि उन्हें भी विकास खंड उरुवा का कोई भी विद्यालय गोद के रूप में प्रदान किया जाए,जहां वे उस विद्यालय को बेहतर बनाने हेतु अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश शुक्ला, संतोष दुबे, अजीत तिवारी, गीता देवी, विद्या यादव, नीलम शुक्ला, स्तुति श्रीवास्तव, माया तिवारी, रामसेवक प्रजापति, दीपक गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, संतोष कुमार, शिव शंकर द्विवेदी, कुशल नारायण द्विवेदी, अनिल यादव, राजेश कुमार, राजेश्वरी सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश, अनुज श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं व संकुल प्रभारी व एआरपीगण उपस्थित रहें।।

## अंबेडकर जयंती पर विधायक सुरेश पासी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया

● समाज के वंचित वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु उनका सतत संघर्ष आने वाली हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा - सुरेश पासी



**अमेठी।** सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र भारत देश के संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर 184 विधानसभा जगदीशपुर से विधायक सुरेश पासी ने ग्रामसभा कठौरा में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।समाज के वंचित वर्गो को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु उनका सतत संघर्ष आने वाली हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। डॉ. अंबेडकर के देदीप्यमान जीवन इतिहास से पता चलता है कि वह अध्ययनशील और कर्मठ व्यक्ति थे। सबसे पहले, अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति, कानून, दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया; उन्हें अनेक सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपना सारा जीवन पढ़ने और ज्ञान अर्जित करने तथा पुस्तकालयों में नहीं बिताया। उन्होंने आकर्षक वेतन वाले उच्च पदों को ठुकरा दिया, क्योंकि वह दलित वर्ग के अपने भाइयों को कभी नहीं भूले। उन्होंने अपना जीवन समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भरसक प्रयास किये।भारतीय संविधान व्यक्तिगत नागरिकों के लिए नागरिक स्वतंत्रता की एक विस्तृत श्रृंखला की गारंटी और सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का उन्मूलन और सभी प्रकार के भेदभाव को गैरकानूनी घोषित करना शामिल है। अंबेडकर उन मंत्रियों में से एक थे जिन्होंने महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की वकालत की और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों के लिए सिविल सेवाओं, स्कूलों और कॉलेजों में नौकरियों के आरक्षण की व्यवस्था शुरू करने के लिए विधानसभा का समर्थन हासिल किया, जो सकारात्मक कार्रवाई के समान एक प्रणाली थी। भारत के विधिनिर्माताओं को इन उपायों के माध्यम से भारत के दलित वर्गों के लिए सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और अवसरों की कमी को खत्म करने की उम्मीद थी। संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया था।

### देव रहवा बाबा आश्रम में हनुमानजी जन्मोत्सव धूमधाम से मना



**प्रयागराज।** प्रयागराज प्रतिष्ठानपुरी झूसी के रोग हरण हनुमानजी देवराहा बाबा आश्रम के मन्दिर मे स्वामी रामदास बाबा जी के प्रबन्धन मे बडे धूमधाम से सभी सन्त महात्माओ और दूर दराज से आये भक्तो के उपस्थिती मे विद्वत पन्डीतो के मंन्त्रोचारण के साथ भव्य दिब्य सुन्दर शिगार कर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया हर रोगो को हरणे वाले रोग हरण हनुमान जी के समक्ष प्रयागराज के भजन सम्राट रत्नेश दुबे के द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड उसके उपरान्त पूजन आरती कर प्रसाद वितरण देर रात तक भजन संन्ध्या मे भक्त नाचते झूमते रहे और भंडारा चलता रहा जिसमे शहर के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वही दुसरी तरफ सरकारी विद्यालय में लटकता रहा सुबह से ताला

● जहां एक तरफ हर सरकारी कार्यालय में जिला मुख्यालय से लेकर तहसील तक के प्रशासन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहे हैं

सरकारी अध्यापकों के द्वारा नहीं मनाया गया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत महुगढी के भैसोड़ जेर पहाड़ के प्राथमिक विद्यालय में 14 अप्रैल को बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर जयंती नहीं मनाया गया वही भैसोड़ जेर डिह के नाम से प्राथमिक विद्यालय बना है विद्यालय के अंदर ही आंगनबाड़ी केंद्र भी बना है वहां पर भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती नहीं मनाया गया स्थानीय ग्रामीणों ने




बताया कि विद्यालय में सुबह से ही ताला लटक रहा है कोई विद्यालय के अध्यापक मौके पर नहीं आए ना तो कोई जयंती मनाया गया इसी तरीके से महुगढी के कंपोजिट विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के अलावा कोई भी अध्यापक जयंती मनाने नहीं आए थे जिससे ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कोई भी जयंती का पर्व आता है तो विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा उस दिन छुट्टी मनाया जाता है जहां एक तरफ सरकार पूरे विश्व में हर ग्राम पंचायत में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मान रही है वहीं दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों के द्वारा छुट्टी के नाम पर छुट्टी मनाया जाता है ना तो सरकारी अध्यापक विद्यालय में अंबेडकर जयंती मनाने आए ना तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ती भी अंबेडकर जयंती मनाने नही आई वही ग्रामीणों ने बताया कि जहां एक तरफ जिला मुख्यालय से लेकर तहसील प्रशासन ब्लॉक मुख्यालय हर ग्राम पंचायत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ सरकारी विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा नहीं मनाया गया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती।

# भाजपाइयों ने मनाया बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन

शुकुल बाजार अमेठी।जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने शुकुल बाजार कस्बा के अंबेडकर चौराहे पर स्थापित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रमुख रूप से उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर ओंकार नाथ सिंह, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, सेक्टर संयोजक प्रशांत मिश्रा, शेषनाथ तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ने कहा उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु उनका सतत संघर्ष आने वाली हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। डॉ. अंबेडकर के देदीप्यमान जीवन इतिहास से पता चलता है कि वह अध्ययनशील और कर्मठ व्यक्ति थे। सबसे पहले, अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति, कानून, दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र



का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया; उन्हें अनेक सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपना सारा जीवन पढ़ने और ज्ञान अर्जित करने तथा पुस्तकालयों में नहीं बिताया। उन्होंने आकर्षक वेतन वाले उच्च पदों को ठुकरा दिया, क्योंकि वह दलित वर्ग के अपने भाइयों को कभी नहीं भूले। उन्होंने अपना जीवन समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भरसक प्रयास किये।

# डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सीखड़, मीरजापुर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार समाज सुधारक, महान् अर्थ शास्त्री डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती ब्लाक मुख्यालय सहित सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक संस्थानों में एवं ग्राम पंचायत स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख सतेन्द्र सिंह व खण्ड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके जीवन के विचारों के बारे में उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया ।वहीं क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा इण्टर कालेजों आंगनबाड़ी केन्द्रो प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में भी धूमधाम से बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को सूखा राशन दाल तेल दलिया भी वितरण किया गया, उक्त अवसर पर सीडीपीओ धनदेई देवी, एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्रा, आईएसबी मुरली श्याम,बीओ पीआरडी विरेन्द्र कुमार, डॉ बी,बी सिंह (काशी) ग्राम सचिव मुकेश मिश्रा, सुधीर दुबे, मुकेश पांडेय, रश्मि सिंह, के,के सिंह, सतेन्द्र यादव, अर्चना सिंह,सबिता यादव बड़े बाबू हौसला प्रसाद दुबे,रौनक सिंह, सन्तोष कुमार, प्रवीण सिंह, रविन्द्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता



देवी, गीता सिंह , उपस्थित रही।और अन्य जगहों पर जैसे विद्यालय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्य अध्यापक आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, गीता मौर्या, सरिता पांडेय कुंजन पांडेय,सहित अन्य सभी लोग बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई ।

## संक्षिप्त खबरें

### भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयुक्त उपायुक्त ने किया माल्यार्पण ।

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनके चित्र पर



पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती तथा सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स राजकुमार मीना व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा संविधान, समानता व न्याय के उनके आदर्शों को स्मरण किया गया।

### डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के शुभ अवसर पर दिव्यांगजनों को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदान की ट्राईसाइकिल

**कौशाम्बी।** दिनांक 14.04.2025 डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के शुभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा 10 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों से दिव्यांग पेंशन के बारे में पूंछा गया तो दिव्यांगजनों ने बताया कि उन्हें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ससमय दिव्यांग पेंशन प्राप्त हो जाती है। सभी दिव्यांगजन ट्राईसाईकिल पाकर दिव्यांगजन बहुत खुश हुये और मुख्य विकास अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में कोई भी दिव्यांगजन पेंशन, कृत्रिम सहायक उपकरण एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित किसी भी सरकारी सहायता से वंचित नही रहने चाहिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, डी0सी0 मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज में मनाई गई अम्बेडकर जयन्ती

**अजुहा/कौशाम्बी।** दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज अजुहा कौशाम्बी में धूम धाम से संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती आज दिनांक 14/04/2025 दिन सोमवार को विद्यालय में मनायी गई जिसमें सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे माननीय प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चन्द्र आचार्य ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के सन्दर्भ में बताते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर 1 साल में 16000 किताबें पढ़कर के कीर्तिमान स्थापित किया था डॉक्टर साहब ने भारत का संविधान 2 साल 11 महीना 18 दिन में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाया डॉक्टर साहब बचपन से ही एक प्रतिभाशाली छात्र थे अनेकों कठिनाइयों के आने के बाद भी आपने कभी पढ़ना लिखना बन्द नहीं किया सभी समस्याओं को नजर अन्दाज करते हुए सदैव राष्ट्र के लिए देश के लिए देश की जनता के लिए सदैव उत्तम कार्य करने के लिए और उनको एक उत्तम अधिकार दिलाने के लिए कार्य किया विश्व रतन बाबासाहेब ने अपने जीवन में गौतम बुद्ध ज्योतिबा राव फुले छत्रपति शाहूजी महाराज नारायण गुरु आदि के उत्तम विचारों और संस्कारों को अपने जीवन में ग्रहण किया और देश के दबे कुचले लोगों नागरिकों को अपना अधिकार दिलाने के लिए सदैव कार्यरत रहे इन्हीं के शब्दों के साथ विद्यालय के कार्यक्रम में शेर बहादुर सिंह दीपक सिंह राम प्रसाद रामानन्द, देवेश कुमार, अश्वनी कुमार मिश्रा, नीलम अंशिका आरुषि रोशनी आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर भाषण व निबन्ध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

?

**कौशाम्बी।** आज दिनाँक 14/04/2025 को धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर भाषण,निबन्ध आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी एवं शिक्षकों के द्वारा उनके माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये भाषण प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिसमें साक्षी मिश्रा को प्रथम स्थान,सिद्धार्थ सिंह को द्वितीय स्थान तथा रुद्र प्रताप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में आयोजित हुयी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में अंजली देवी को प्रथम स्थान,शेफ़ा फातमा को द्वितीय स्थान तथा अनुराग कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में मनाई गई अम्बेडकर जयन्ती

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया के विषय पर आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी एवं मुख्य वक्ता डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गणित महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ0 अनिल कुमार ने कहा कि . डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के तौर पर संविधान के मसौदे को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई । उन्होंने संविधान में गरीबो, शोषितों , वंचितों तथा




महिला अधिकारों की वकालत किया। इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रोफेसर शैलेन्द्र तिवारी प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी ने कहा कि –भीमराव अम्बेडकर के लिए स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व, और न्याय के दर्शन बहुत महत्वपूर्ण थे. ये दर्शन उनके मानववादी विचारों का हिस्सा थे. उन्होंने इनके आधार पर ही समाज में फैली असमानताओं से लड़ने और समाज को बेहतर बनाने की कोशिश की । कार्यक्रम का संयोजन और कुशल संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर अनिल कुमार सोनकर, डॉ0 नीलम बाजपेई , डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ आनंद कुमार, डॉ0 रमेश चंद्र , डॉ0 संतोष कुमार एवं डॉ0 शैलेश मालवीय तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, प्रबुद्ध सिंह ने सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के जीवनदर्शन, आदर्श एवं व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, हम सभी लोगों को उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिये। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने बहुत ही विषम परिस्थितियां में शिक्षा ग्रहण की, उनके द्वारा लिखित पुस्तकों के अध्ययन से पता चलता है कि उनके सोंचने



का दर्शन अद्वितीय था। उन्होंने समाज में पिछड़े वर्गों को जोड़ने का आवाह्न किया। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर द्वारा किये गये कार्यों की जितनी सराहना की जाय, उतनी ही कम है। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने विश्व भर के संविधानों का गहन अध्ययन कर भारतीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सबसे बेहतर संविधान का निर्माण किया।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉ0 भीमराव आम्बेडकर का शिक्षा पर विशेष बल था। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने स्त्री शिक्षा एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने में भी विशेष कार्य किया, जिसका परिणाम है कि बेटियॉं आज सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर देश के विकास में योगदान कर रही हैं। भारतीय संविधान को तैयार करने वाली प्रारूप समिति का नेतृत्व बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने किया, इस संविधान के बल पर भारत ने अभूतपूर्व विकास किया है, ऐसे महापुरूष का यह देश हमेंशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर नाजिर कलेक्ट्रेट सुनील सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आजाद रहिये विचारों से लेकिन बंधे रहिये संस्कारों से..... ब्रम्हर्षि आनन्द धाम सरकार

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** सप्तम दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन ग्रामपंचायत उद्हिन बुजुर्ग मे किया गया है कथा के पंचम दिवस की कथा में ब्यास पीठ से वेद व्यास पूज्य आनन्द धाम सरकार ब्रम्हर्षी नागेन्द्र जी महराज ( गुरु )जी की वाणी के द्वारा भगवान की मधुर मुस्कान नंद बाबा का कंस को कर देना। तथा नंद वसुदेव मिलन की सुन्दर कथा का वर्णन किया गया। माया रूपी कन्या के द्वारा यह पता चलने पर कि कंस का वध करने वाले कृष्ण का जन्म ब्रज में हो गया है। अपनी मृत्यु की डर से कंस ने आपात कालीन बैठक बुलाई भगवान के द्वारा पूतना का उद्धार भगवान के दर्शन के लिए शंकर जी पधारे एवं गर्गाचार्य जी के द्वारा भगवान का नाम करण के प्रसंग को बहुत ही रोचक ढंग से सुनाया गया। भगवान कृष्ण के द्वारा सालिग्राम को मुख में रखना प्रातः काल ताजा माखन मांगना राधिका गोरी से विवाह की ज़िद पर अड जाने के प्रसंग की कथा को बहुत ही आनन्द पूर्वक सुनाया गया।सुंदर कथा को सुनकर समस्त श्रोता जन झूम उठे।कथा के आगे के प्रसंग में यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी वृंदावन निवास अघासुर का बध, ब्रम्हा जी के मन के संदेह को दूर करना, कालिया मर्दन, करके कालिया नाग का उद्धार, एवं वृंदावन वासियों की सुरक्षा करके इन्द्र के अहंकार को दूर करना तथा गोवर्धन की पूजा कराकर जन कल्याण के कार्य के प्रसंग को सुनाया गया। मुख्य कथा के आयोजक श्रीमती मुगुन देवी पत्नी गिरीश चन्द्र मिश्र , एवं सुमन देवी पत्नी अनुज मिश्र श्रोतागण नागेश मिश्र, योगेश मिश्र,अनुज मिश्र, नीरज मिश्र, अरुण मिश्र, पीयूष मिश्र,हर्ष मिश्र, आर्यन मिश्र ,आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे लोंगो ने कथा मे बैठकर कथा श्रवण कर परम् आनन्द महसूस किया।

# संविधान के निर्माता थे डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर : गौरव पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में सम्पन्न हुई , बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया । उन्होंने बाबा भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर जो संविधान के निर्माता थे और उन्होंने संविधान की रचना की थी लेकिन आज जो सत्तासीन बीजेपी सरकार है वह संविधान को खत्म कर देना चाहती है , बैठक को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने समाज को समान अधिकार देने का जो सपना संजोया था आज बीजेपी सरकार उसे खत्म कर देना चाहती है




उन्होंने कहा की बीजेपी हिन्दू मुस्लिम के साथ भाई–भाई को लड़ाने का काम कर रही है । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि आज जो समाज है वह कहां जा रहा है बड़ी चिन्ता का विषय है भाई–भाई को लड़ाने का काम किया जा रहा है समाज में जहर घोलने का काम किया जा रहा है । बैठक में उपस्थित कौशाम्बी कांग्रेस के सचिव और कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत ने कहा की बीजेपी के मंसूबों को सफल नहीं होने दिया जायेगा और जो बाबा साहब ने समाज को एकजुट करने का सपना देखा था वह सपना राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी पूरा करेगी और बीजेपी के मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी । बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी , रामसूरत रैदास ,मुस्तफा सिद्दीकी , सन्तोष पटेल ,डॉ विमलेश त्रिपाठी , रमेश चंद केसरवानी ,शिव भूषण गोस्वामी , सोनू केसरवानी ,अल्ताफ फैजान , विजय कुमार , नीरज , मोहम्मद मुस्लिम , रईस अहमद ,बाबूलाल , लोकनाथ , अमृतलाल , सूर्यकान्त , विनोद कुमार सिंह , रामप्रकाश आदि सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# पीएनबी घोटाले का आरोपी भगोड़ा मेहुल चोकसी , बेल्जियम से गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी और भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर चोकसी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक चोकसी इलाज के लिए बेल्जियम गया था। बेल्जियम पुलिस ने 11 अप्रैल को मेहुल चोकसी को गिरफ्तार किया। प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो के आग्रह पर यह गिरफ्तारी हुई है। मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। ये घोटाला 13,500 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। चोकसी 2018 से एंटीगुआ में रह रहा है । चौकसी अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के दो मुख्य आरोपियों में से एक है। सितंबर 2024 में चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम से अनुरोध किया गया था।लेकिन उस समय चोकसी के वकीलों ने कहा था कि उनके मुवक्किल की तबीयत ठीक नहीं है और वह ब्लड कैंसर से जूझ रहा है इसलिए उसका प्रत्यर्पण नहीं हो सकता। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने कोर्ट को बताया था कि अगर वह इलाज के लिए एंटीगुआ से बेल्जियम जा सकता है तो वह भारत जाकर भी इलाज करा सकता है। ईडी और सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। ये घोटाला 13,500 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। चोकसी 2018 से एंटीगुआ में रह रहा है. श्रष्ठ ने चोकसी के खिलाफ तीन चार्जशीट दाखिल की हैं। 2019 में श्रष्ठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया था कि चोकसी भगोड़ा और फरार है।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल झूंसी में तीन स्थानों पर अम्बेडकर जयंती मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात

**झूसी प्रयागराज।** परशुराम अखाड़ा के बगल झूसी में मनोज निषाद की अध्यक्षता एवं प्रवेश पांडे के संयोजकत्व में भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर साफ सफाई एवं माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया। त्रिवेणीपुरम पार्क में पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे की अध्यक्षता में एवं बृजेश तिवारी के संयोजकत्व में साफ सफाई एवं माल्यार्पण कार्यक्रम किया गय नैका शक्ति केन्द्र में स्थित अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पूर्व जिला अध्यक्ष कविता पटेल की अध्यक्षता एवं सूरजपाल सिंह के संयोजकत्व



में साफ सफाई एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रोहित निषाद प्रभाकर दुबे, प्रवेश पांडे पवन पांडे सूरज पासी बृजेश तिवारी दीपक केसरवानी अभय यादव अनीता सिंह, साधना तिवारी, आरती अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# नारी बारी में कार सवार व्यापारियों पर बम से हमला, दो कारोबारी घायल!

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी में रविवार रात करीब आठ बजे बाइक सवार दो युवकों ने ट्रैक्टर संचालक की कार पर बम फेंक दिया। हमले में कार में सवार कारोबारी बाल–बाल बच गए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश चाकघाट की ओर भाग खड़े हुए। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी के जरिए बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार नारीबारी के सूरवल चंदेल के पास चाक घाट के व्यापारी रवि केसरवानी अपने दोस्तों विक्की केसरवानी और वेद द्विवेदी के साथ प्रयागराज निमंत्रण में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। सुरवल के पास वह अपने जीजा



राकेश केसरवानी पुत्र बैजनाथ केसरवानी के यहां रुके। उनको साथ लेकर जाने के लिए जैसे ही घर के सामने गाड़ी रुकती वैसे ही प्रयागराज की तरफ से आए बाइक सवार दो युवकों ने कार पर बम से हमला कर दिया। हमले में रवि केशरवानी पुत्र स्व. देवदास निवासी चाक घाट और उनके मित्र वेद द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल प्रयागराज ले जाया गया। सूचना पाकर नारी बारी चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसीपी बारा ने ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

# यूपी के प्रयागराज में एक दलित को जिंदा जलाकर मारा गया, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त : अजय राय

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रयागराज की धरती पर एक दलित को जिंदा जलाकर मार दिया गया। इस सरकार में पूरी तरह से कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यहां जंगल राज कायम है... हम इसकी जितनी निंदा करें, वह कम है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कहा, आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। आज हम उनके जन्म दिवस पर आए हैं... यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महान व्यक्ति के जन्म दिवस से एक दिन पूर्व प्रयागराज की धरती पर एक दलित को जिंदा जलाकर मार दिया गया इस सरकार में पूरी तरह से कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यहां जंगल राज कायम है... हम इसकी जितनी निंदा करें, वह कम है। गौरतलब है कि यमुना नगर के करछना थाना क्षेत्र के इटौरा गांव में शनिवार रात एक दलित व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर उसका शव जला दिया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार सुबह सूचना मिली कि असौटा गांव में एक बाग में अधजला शव मिला है जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसकी पहचान देवी शंकर के रूप में की। कुमार ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा दी गई तहरीर में शंकर की हत्या का आरोप दिलीप सिंह और अन्य पर लगाया गया है। प्रयागराज में रविवार को एक दलित युवक की हत्या कर शव जला दिया गया। गांव के बाहर बगीचे में उसकी अधजली लाश मिली। परिवार वालों ने गांव के ही 7 लोगों पर जिंदा जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।पुलिस ने सभी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मामला करछना थाना क्षेत्र का है। वहीं, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवक के घरवालों ने 2 घंटे तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज, भिदिउरा, थरवई, प्रयागराज में एक विचारगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनसामान्य को बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और आदर्शों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर बाबा साहब को नमन किया और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। संगोष्ठी सत्र में विद्यालय के शिक्षकों एवं अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार



बाबा साहब ने दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और एक समतामूलक समाज की स्थापना का सपना देखा। उनके द्वारा रचित भारतीय संविधान को विश्व के श्रेष्ठतम संविधानों में एक माना जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भी भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ एवं विचार प्रस्तुत करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने शिक्षा, संघर्ष और सामाजिक समरसता को जीवन का मूल मंत्र बताया। विद्यार्थियों ने जय भीम के नारों के साथ वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ अभिभावकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और बच्चों के चरित्र निर्माण हेतु इस प्रकार के आयोजनों को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक तीर्थराज विश्वकर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो आज भी समाज को दिशा दे रही है। उन्होंने सभी छात्रों को बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने, शिक्षा को हथियार बनाने एवं समाज में समानता व भाईचारे की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

# संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर झांकी और शोभा यात्रा निकाली गई

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** चेतिया में डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती पर चेतिया क्षेत्र के लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ झांकी और शोभा यात्रा निकली गई ।कार्यक्रम का शुरुआत चेतिया से किया गया जहां सभी लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।चेतिया से होते हुए दर्जनों गांव के लोग शोभायात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर हरिश्चंद्र, मोतीलाल, बुधीराम, रामकुमार, राम विलास, पंचू, रामू, विष्णु प्रसाद, जवाहरलाल, उमेशचंद्र, रमेश चंद्र, शिवचरण, लखन, संतराम, गगन, तोलन प्रसाद, राजेश कुमार, राजेश पासवान, रामसजीवन यादव, प्रभात, सुग्रीव कनौजिया, सत्यपाल, पवन, पंकज, अमन, यशपाल, अश्वनी कुमार, रामरतन, सुनीता, मीरा ,कुसुम, उषा ,संगीता,कपूरी देवी, हंसराजी, बबीता आदि लोग मौजूद रहे सोहास क्षेत्र में विकास खण्ड नौगढ़ अंतर्गत महादेवा बुजुर्ग से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्वामी नाथ व संतोष बौद्ध की अध्यक्षता में विशाल रैली का आयोजन किया गया ।यह रैली महादेवा बुजुर्ग से प्रारंभ होकर महादेवा बाजार भैसहवा देउरा जंगल , गनेरा,सोहास से मोहाना आदि चौराहों से होते हुए डफालीपुर तक निकली गई ।इस रैली में ग्राम प्रधान चंद्रजीत जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब ने सभी जन मानस को शिक्षा पर विशेष जोर देने को कहा। उक्त रैली में में श्यामाचरण, अर्जुन बौद्ध,रंजीत,राम अचल अभिषेक डिवाइन,मनोज,योगेंद्र भारती, बबलू राम बेलास, संदीप, सबलू, रवीश परमेश्वर, दीपचंद,रवि जाटव,जितेंद्र आदि शामिल रहे। बर्डपुर क्षेत्र में भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर संगठन के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के शक्ति केंद्र बर्डपुर न09 प्रथम के बूथ संख्या 58 पर दलित बस्ती में बूथ के कार्यकर्ता पदाधिकारियों एवं जनमानस ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए समरसता दिवस मनाया । इस दौरान निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने कहा कि नवजागृति की ओर अग्रसर भारत में, गरीबों और वंचितों के उत्थान से लेकर एक समावेशी राष्ट्र की परिकल्पना,भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों के बिना अधूरी है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब को केवल स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पंचतीर्थ के माध्यम से उन्हें जन–जन से जोड़ा और राष्ट्र की समावेशी एवं सर्वस्पर्शी भावना का बना रहे हैं आधारस्तंभ। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस ने मनाई डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती



**पाकुड़, झारखंड-** सोमवार को जिला पाकुड़ कांग्रेस कमिटी के द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई ! बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया। तत्पश्चात पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जिला कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके द्वारा देश के प्रति योगदान पर संगोष्ठी आयोजन की गई ! बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर मानव श्रृंखला का कार्यक्रम अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक झारखंड कांग्रेस के प्रभारी राजू भी उपस्थित थे एवंप्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता और कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के नेता उपस्थित थे।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उपायुक्त ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**हजारीबाग-** बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपायुक्त ने संविधान के रचयिता बाबा साहेब के मूल्यों और उनके आदर्शो को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, एनडीसी, जिला स्तरीय अधिकारी, संस्थानों के सदस्य सहित आम जन मौजूद थे।

## पाकुड़ में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती, उपायुक्त सहित कई अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

**पाकुड़, झारखंड-** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को अंबेडकर चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत समाहरणालय सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ अधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि एक महान मानव विज्ञानी, शिक्षक एवं अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब केवल एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन और संघर्ष समाज के लिए अनुकरणीय है।"

## अबुवा आवास और पीएम आवास में करवाई के नाम पर बीडीओ मौन क्यो..?




**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में अबुवा आवास और पीएम आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर मंडरो बीडीओ के द्वारा करवाई के नाम पर काफी लापरवाही बरती जा रही है। कई अयोग्य लाभुक को पूर्व में पीएम आवास योजना और अबुवा आवास योजना का लाभ दिया गया है। जिसको लेकर कई दैनिक अखबार में खबर छपने या अन्य तरह से शिकायत मिलने के बाद बीडीओ मेघनाथ उरांव के संज्ञान में आते ही,जांच का आदेश दिया गया।जांच में गलती पाए जाने में कई लाभुकों को एक नोटिस या दो नोटिस देकर पैसा वापस करने को कहा गया। लेकिन साल भर से अधिक समय हो चुका है। फिर भी अभी तक ना तो पैसे की रिकवरी की जा रही है और ना ही किसी पर किसी प्रकार की कोई करवाई हो रही है। आखिर क्यों? उनके ऊपर कारवाई नहीं करने का मुख्य कारण क्या हो सकता है।वहीं लोगों में कई तरह की चर्चाएं बनी हुई है, कि इसमें बीडीओ मेघनाथ उरांव साहब की लापरवाही हो सकती है या राजनीतिक दबाव हो सकता है या फिर अन्य और कुछ कारण से मामले को दबा दिया गया है। वहीं इस मामले की जानकारी के लिए मंडरो बीडीओ को दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# बारिश के कारण सड़क गढ्ढे में तब्दील, आवागमन में हो रहा है लोगों को काफी तकलीफ

स्वतंत्र प्रभात



**ठाकुर गंगटी, गोड्डा, झारखंड-** गोड्डा जिला अंतर्गत ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के पंजराडीह गांव के मुख्य मार्ग सड़क से अंदर गांव मोहल्ला जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है।ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क बारिश होने के साथ ही पुरी तरह से तालाब में तब्दील हो जाती है ।जहां लोगों को पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है ।बताया कि हल्की बारिश होने के साथ ही इन सड़कों पर पानी का जमा हो जाने के कारण लोगों को अपने घरों तक जाने में काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है ।साथ ही सड़क पर पानी जमा होने के कारण काफी संख्या में मच्छर उत्पन्न हो जाती है ।जिससे सड़क किनारे बसे लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है ।लोगों के बीच हमेशा डर बना रहता है कही इन मच्छरों के काटने से मलेरिया जैसी बिमारियों से लोगों को ग्रसित होना ना पड़े।इस संबंध में पंचायत के मुखिया मनोज कुमार यादव ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह सड़क का निर्माण कार्य अति आवश्यक है ।साथ ही सड़क किनारे नाला निर्माण का भी कार्य होना जरूरी है ।बताया कि ग्रामीणों को इन मार्गो से होकर गुजरने में काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है।इसके लिए क्षेत्र के विधायक सह मंत्री को इस सड़क निर्माण कार्य के लिए संज्ञान में दिया गया है ।बहुत जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य चालू होने की संभावना है। इधर दर्जनों ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की विधायक सह मंत्री दीपिका पांडे सिंह से आस लगाए बैठे हैं कि जल्द से जल्द इन समस्याओं पर पहल कर सड़क निर्माण कार्य करवाया जाए। ताकि ग्रामीणों को इन गद्दे नुमा और तालाब नुमा सड़कों से निजात मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि हल्की बारिश होने के साथ ही यह सड़क पुरी तरह से कही-कही तलाब नुमा तो कहीं-कहीं किचड़ में तब्दील हो जाती है। जिसके कारण ग्रामीणों को इन सड़कों पर पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है।

## हरिला में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**बरही, झारखंड-** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हरिला तुर्री टोला में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकत्र होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन एवं योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम में परमेश्वर गोप, छठू गोप, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मुन्ना मिर्धा, शिक्षक दीपक कुमार, वार्ड सदस्य बद्री मिर्धा, गणेश मिर्धा, सुरेश राम, प्रयाग मिर्धा सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को याद किया और सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के प्रति उनके योगदान को सराहा। इस अवसर पर छट्टू गोप ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी प्रेरणा स्रोत हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से बाबा साहब अमर रहें के नारों के साथ जयंती समारोह का समापन किया गया।

## बिना हेलमेट-लाइसेंस के वाहन चलाना पड़ा महंगा,एक दिन में कटे एक लाख के चालान,पुलिस की सख्ती से हड़कंप



स्वतंत्र प्रभात

**त्रिवेणीगंज।** यदि आप दोपहिया वाहन चला रहे हैं और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जैसे बिना हेलमेट या वैध ड्राइविंग लाइसेंस के सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं, तो सतर्क हो जाइए। पुलिस अब ऐसे लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई कर रही है।रविवार को शहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसमें बड़ी संख्या में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर अब कोई रियायत नहीं दी जाएगी। विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती लापरवाही को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। अभियान के दौरान एक ही दिन में एक सौ से अधिक मोटरसाइकिल चालकों का चालान काटा गया,जो बिना हेलमेट, वैध ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इन पर पाँच सौ से लेकर पाँच हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया,जिससे कुल चालान राशि एक लाख रुपये से अधिक पहुंच गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध नियंत्रण और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार इस तरह के सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे।

# अनुसूचित छात्रावास में बाबा साहेब के प्रतिमा का सांसद ने किया लोकार्पण, कहा जल्द शेड का भी कराएंगे निर्माण

**● हजारीबाग शहर में डॉ भीमराव अंबेडकर के चार प्रतिमा में किया माल्यार्पण, कहा बाबा साहेब के संविधान से ही चल रहा है देश**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग शहर के जिला कल्याण अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर में सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर यहां रहने वाले विद्यार्थियों और पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की चिरलंबित मांग रही बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अनावरण कर उन्हें सौगात दिया। ज्ञात हो कि मनीष जायसवाल के विधायक कार्यकाल के दौरान विधायक मद की राशि पांच लाख रुपए से यहां बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा स्थापित हुई है। भाजपा अनुसूचित जाति समाज के नेताओं और अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों ने सांसद मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। मौके पर बड़े संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो कबूल मंत्र का आत्मसात कर आदर्श नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र में अपना योगदान दें। सुनो ने का कि बाबा साहब का सपना था कि हमारा समाज सुखी बने और समाज के लोग खुशहाल रहें। इसके लिए जरुरी है हम सबको मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना ही होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में बाबा साहब और उनकी टीम ने हिंदुस्तान के लिए जिस संविधान का निर्माण किया उसी पर आज देश चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावास में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल में शेड निर्माण की आवश्यकता है और निश्चित रूप से जल्दी हम लोग उनके प्रतिमा स्थल में शेड का भी निर्माण कराएंगे। यहां विशेष रूप से भाजपा के युवा नेता विशाल वाल्मीकि, मनमीत अकेला, श्रीमती कुमकुम देवी, रंजय भारती, भीखु पासवान, अजय पाण्डेय, विक्रमादित्य, अनिल पाण्डेय, डॉ प्रकाश कुमार, समाजसेवी सुनील कुमार, रंजन कुमार और सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। यहां से सांसद मनीष जायसवाल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पहुंचे जहां भीम आर्मी और भाजपा एससी मोर्चा के साथ अनुसूचित समाज के लोगों की उपस्थिति में यहां अवस्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद गाड़ीखाना और हरीनगर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल में पहुंचकर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए याद किया। गाड़ीखाना में अन्नदा कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस) से जुड़े विद्यार्थियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाले गए पदयात्रा में शामिल हुए और विद्यार्थियों का हौसला आफजाई करते हुए उनके प्रयासों को सराहा। इस दौरान यहां भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह पूर्व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े सुधीर राम, गौतम राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा डॉ? अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर माननीय मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार द्वारा *डॉ0 अंबेडकर समग्र सेवा अभियान* का शुभारंभ एवं विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास पटना के अधिवेशन भवन पटना से किया गया उक्त कार्यक्रम का समाहरणालय सभा कक्ष से जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ लाइव देखा गया।

संबंधित कार्यक्रम में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सादुल हसन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार, उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस श्रीमती सीमा कुमारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से नीरज कुमार राय एवं अन्य समहरणालय कर्मी भी लाइव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

संबंधित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पात्र लाभुकों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रतीकात्मक चेक स्वरूप प्रदान किए गए।

इस प्रकार माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पूरे बिहार राज्य के लिए बिहार सरकार की कुल 22 जनकल्याणकारी योजनाओं से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छूटे हुए परिवारों को मिशन मोड में अच्छादित करने के



लिए डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया आज ही के दिन राज्य के सभी जिलों में संबंधित जिला पदाधिकारी द्वारा महादलित बस्ती में डॉ अबेडकर समग्र सेवा अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पात्र लाभुको को विभिन्न योजनाओं के लाभ प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किए गए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**● महान विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे भीमराव अंबेडकर- प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जीवन सदैव शोषित और दबे कुचले समाज के उत्थान में लगा रहा। आजादी के दौरान भी और आजादी के बाद भी उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान निर्माण में ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष बन कर उन्होंने संविधान की रूपरेखा रखी। अपने जीवन में आने वाले संघर्ष से सीखते हुए उन्होंने लाखों लोगों के जीवन में से संघर्ष को हटाने का सफल प्रयास किया। आज पूरा भारत इनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक विधि द्वारा स्थापित राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर



पर विद्यालय में प्रार्थना सभा में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही कक्षा छठी की आरोही कुमारी और कक्षा दशम के प्रियम कुमार ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन को विस्तार से बताया। इस अवसर पर सीसीए इंचार्ज रवि उदय सिंह ने कहा कि हमें अंबेडकर के जीवन से सदा दूसरों के लिए जीने की कला सीखनी चाहिए ।इनका संपूर्ण जीवन संघर्ष में बीता तथा साथ ही साथ पूरे समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सदैव सजग रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने बच्चों का आह्वान किया कि वे प्रण ले कि वे अपने जीवन में सदैव भारतीय संविधान द्वारा स्थापित विधियों का अक्षरसह पालन करेंगे। तभी हमारा यह भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनने की तरफ अपनी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉश भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई- प्रमोद कुमार पटेल प्रदेश महासचिव

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** बरौली विधानसभा क्षेत्र मांझा प्रखंड जनता दल यूनाइटेड कार्यालय पर भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉश भीमराव अम्बेडकर साहब जी की 125 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई और उनकी तैलिए चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई समारोह के मुख्य अतिथि जद(यू0) के प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी एवं गोपालगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने बाबा साहेब के तैलिए चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया श्री पटेल ने कहाँ की बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतीश कुमार ने समाज मे हासिये पर रहे लोगों का उत्थान किया और अम्बेडकर साहब के सपनो को जमीन पर उतार कर सपना सकार किया है प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल ने आगे कहाँ की आजादी के बाद देश मे किसी दलित मुख्यमंत्री ने जो काम नहीं किया वह काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलित महादलित और वँचित समाज के उत्थान, विकास, और कल्याण का कार्य कर के दिखा दिया वही विकास पुरुष यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महादलित आयोग बनाकर महादलित समाज के लोगों के लिए उत्थान का काम किया बिहार के हर जिले और अनुमंडल मे अम्बेडकर छात्रावास बनवाएं पंचायत व नगर निकाय चुनाव मे एकल पद पर आरक्षण देकर दलित महादलित समाज को मुख्य धारा जोड़कर मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनकर समाज की मुख्यधारा मे सामिल होकर राज्य समाज का विकास कर रहे है जयंती समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉश योगेश प्रसाद ने किया समारोह मे श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मे प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल, प्रखंड



अध्यक्ष डॉश योगेश प्रसाद, सरपंच ब्यासमुन्री शाही, प्रखंड प्रमुख वाजिद अली, बलिराम प्रसाद, शिक्षक चंचल कुमार ऊर्फ शिवहरे, अमरेंद्र कुमार बारी, राजकुमार प्रसाद, उपेन्द्र कुमार, राजेश सिंह, लालबचन दुवे, राजू कुशवाहा, पत्रकार राजेश प्रसाद, सुदीश नारायण श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया अवधेश प्रसाद, अनिल कुमार राम, राजन मांझी, दिलीप कुमार, कृष्णा पटेल,अकबर अली,श्यामसुंदर चन्द्रवंशी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## गरजामो में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती, निकाली गई बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के गरजामो गांव में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंच के उद्घाटन से हुई, जिसे फीता काटकर संपन्न किया गया। इसके पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के बाद एक भव्य रैली भी निकाली गई, जो डपोक से शुरू होकर जावाड़, गरजामो, बैजलाडीह, गुड़ियों, विजैया, मालकोको, पड़रिया और ओरपरता गांवों से होकर गुजरी। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों ने भाग लिया और जय भीम के नारों के साथ बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो. कैयूम थे। उनके साथ मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. उमेश कार्तिक पासवान, विद्यासागर पासवान, वार्ड सदस्य रविंद्र दास, अनिल कुमार दास, संजय पासवान, तुलसी दास, प्रकाश दास, दिनेश कुमार, विकास जी, धूपल दास और महेश जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज में समता, स्वतंत्रता और बंधुता के संदेश को फैलाने वाले इस आयोजन में सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया गया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस द्वारा माल्यार्पण, संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी ने किया। वे ह्यूमन राइट्स काउंसिल हजारीबाग और झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर संगठन के सभी सदस्यों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मो. जहांगीर अंसारी ने डॉ अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज कुछ ताकतें संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही हैं, लेकिन हम सभी मिलकर इसे कभी सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मानसिकता वाले लोग देश में दोबारा मनुवादी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं, जिसका मोमिन कॉन्फ्रेंस कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारे देश की आत्मा है, और जब तक यह देश रहेगा, संविधान का शासन बना रहेगा। अगर कोई भी व्यक्ति या संस्था संविधान से छेड़छाड़ करने की कोशिश करेगा, तो मोमिन कॉन्फ्रेंस संवैधानिक तरीके से उसका विरोध करेगी और लोकतांत्रिक माध्यमों से उसे सबक सिखाएगी। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि देश की एकता और सुरक्षा के लिए अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़े समाज के लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। कार्यक्रम में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रधान महासचिव नुरुल हुदा अंसारी, राज्य महासचिव सलीम रज़ा, राज्य प्रतिनिधि बाबर अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष



ऐनुल अंसारी, उपाध्यक्ष मो. फिरोज, अधिवक्ता मो. आफताब आलम, मो. मंसूर अंसारी, अजाप्सा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज कुमार पासवान, हरखू रविदास, रामप्रवेश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को अपनाने की शपथ ली।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती व शहादत दिवस पर लहू बोलेगा संस्था द्वारा सम्मान समारोह

**● दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** झारखंड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और शहीद पूर्व विधायक कॉ गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड नव निर्माण के वामपंथी आंदोलन की प्रेरणास्रोत महान शख्सियतों पूर्व सांसद कॉ. एके राय, शहीद पूर्व विधायक कॉ. गुरुदास चटर्जी और कॉ. महेंद्र सिंह की स्मृति को समर्पित था। लहू बोलेगा संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाकपा माले के वरिष्ठ नेता आनंद गुप्ता, अरुण कुमार, शिवेंदु सेन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने इन तीनों दिवंगत जनप्रतिनिधियों की संघर्षशील राजनीति, उनकी ईमानदारी और जनहित के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की विचारधारा आज भी सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की दिशा में प्रेरणा देती है। सम्मान



प्राप्त करने वाले शिक्षक ने सभी आयोजकों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की मान्यता है। कार्यक्रम ने सामाजिक न्याय, समानता और ईमानदारी की राजनीति के आदर्शों को मजबूती देने का संदेश दिया और युवाओं को प्रेरित किया कि वे समाज के वंचित वर्गों के लिए कार्य करें।

## जगदीशपुर में जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब अम्बेडकर

**● बाबा साहेब ने सामाजिक उत्थान के जो कार्य किए हैं उन्हें पीढ़ियां याद रखेंगे - मनोज यादव**

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, झारखंड-** भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयन्ती प्रखण्ड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगदीशपुर में आयोजित जयन्ती समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वल्लित व अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। श्री यादव ने बाबा साहेब के आदर्शो एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला, कहा कि भीमराव अम्बेडकर ने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सबको सम्मान और व न्याय दिलाने का कार्य किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर समानता के साथ सामाजिक उत्थान के जो कार्य किए हैं उन्हें पीढ़ियां याद रखेंगे। मंच संचालन समाजसेवी रामाधीन तुरी ने किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साव, समाजसेवी बैजनाथ ठाकुर, अशोक



प्रजापति, नीरू रविदास, वार्ड सदस्या गुंजा देवी, मीना देवी, रूपेश रविदास, सुधीर तुरी आदि उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र रविदास, युगल दास, विजय तुरी, भीम तुरी, राजू दास, सुभाष दास, रविशंकर रविदास, राहुल तुरी, भीम कुमार, संतोष तुरी, पुखराज तुरी, सीताराम तुरी, रामप्रवेश तुरी आदि ने महती भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही ने मैच जीता



**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे अंडर14 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को अंबेडकर जयंती के दिन हुए फाइनल मैच में पूर्व ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही और स्पोर्ट्स स्टेडियम रेड टीम के बीच मैच खेला गया, जिसमें स्टेडियम रेड ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम रेड की टीम मात्र 53 नहीं बना सकी और 17. 5 ओवर में ऑल आउट हो गई। भदोही की टीम की तरफ से शिवांश ने चार विकेट और आदित्य ने तीन विकेट लिए। जवाब देने उतरी स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही की टीम सात ओवर में यह मैच दो विकेट खोकर 56 रन बनाया और यह मैच जीत लिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ की तरफ से अमन ने 2 विकेट लिया। इस मैच के निर्णायक आदर्श दुबे एवं शिव रहे।

### रिटर्न भरने में सिफ़र के हेर फेर में डीएम का नाम आया चर्चा में

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने सूचित किया है कि कतिपय समाचार पत्रों व मीडिया स्रोतों में खबर प्रकाशित की जा रही है कि प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी सबसे अमीर हैं। उन्होंने 2024 में पत्नी सौम्या त्रिवेदी के नाम 2.26 हेक्टेयर कृषि जमीन खरीदी है। जिसकी मौजूदा कीमत 5.54 करोड़ रूपये बताई गई है। इस बाबत डीएम शिव सहाय अवस्थी द्वारा सर्व सुलभ जानकारी के लिए सूचित किया गया है कि उनके द्वारा परीक्षण कराया गया तो पता लगा कि आइटीआर भरते समय लिपिकीय त्रुटि बस रिपोर्ट में एक शून्य अधिक जुड़ गया, जिसके कारण उक्त कीमत त्रुटिपूर्ण तरीके से दर्शित हो गई। संदर्भित भूमि की वास्तविक कीमत लगभग 54 लाख रुपए बताई जा रही है।जिलाधिकारी के अनुसार उक्त विसंगति को ठीक करने के लिए नियुक्ति विभाग को पृथक से पत्र लिखा जा रहा है।

### बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता का मार्ग दिखाया- संजय विश्वकर्मा



**खेतासराय, जौनपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर सोमवार को कस्बा के मुख्य चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य व व्यापार मंडल के प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य जगदंबा प्रसाद पांडेय ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा। आज का दिन हम लोगों के लिए बड़े ही गर्व और ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा कि, "डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। आज का दिन हमें उनके संघर्ष, विचार और योगदान को याद करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देता है। इस मौके पर शांति भूषण मिश्र, डॉ बांकेलाल यादव, बृजनाथ जायसवाल, राजकेशर, महेंद्र प्रधान, सुरेश कुमार, दिव्यम विश्वकर्मा, गौरव मौर्या, धर्मचंद्र गुप्ता, परमेन्दर मोदनवाल अन्य उपस्थित रहे।

### परिवार में विवाद कर रहा युवक गिरफ्तार

**जौनपुर सिरकोनी।** सोमवार को क्षेत्र के कचगाव में पारिवारिक विवाद को लेकर झगड रहे युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कचगाव बाजार निवासी रहमान अली सोमवार को पारिवारिक झगड़े को लेकर विवाद कर रहा था, उसी समय कज़गांव बाजार में उपस्थित उप निरीक्षक धनुषधारी पांडे को किसी ने सूचना दी तत्काल मौके पर पहुंचकर उन्होंने विवाद कर रहे रहमान अलिको गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया की आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

## श्रमिक दिवस पर तीन ग्रामीण बैंकों का होगा समामेलन

**● उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक देश का सबसे बड़ा आठवां बैंक होगा - सगुण**





स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक सेवा निवृत्त कार्मिक समिति प्रतापगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह ने बताया कि सेवा निवृत्त कार्मिक समिति जौनपुर भदोही क्षेत्र द्वारा ग्रामीण बैंक स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम में रविवार को एनके मिश्रा की अध्यक्षता में वृहद समारोह कार्यक्रम जौनपुर में आयोजित किया गया। बेल्लारी कर्नाटक में संपन्न अरेबिया के संपन्न चुनाव में उत्तर प्रदेश से केंद्रित समिति में सर्वश्री सगुण शुक्ला,महेंद्र सिंह, चैन सिंह रावत,आनंद दुबे, पीके श्रीवास्तव ,यशवीर सिंह, आनंद तिवारी एवं शिव करन द्विवेदी को चुना गया है।समारोह में मुख्य समिति संरक्षक आरपी सिंह कार्यकारी अध्यक्ष बीडी यादव, कार्यकारी महामंत्री पी एन पथिक, आर्यावर्त बैंक से पीके चौरसिया, प्रथमा बैंक से ओपी तिवारी सहित विभिन्न जनपदों से आए सभी साथियो का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम से सम्मानित किया गया। आगंतुकों का जौनपुर क्षेत्र के अध्यक्ष डीके विश्वकर्मा, शकील अहमद द्वारा स्वागत किया गया।सभा को विभिन्न जनपदों से पधारे ओपी तिवारी, एमके सिंह,डीपी सिंह,आरपी सिंह, जेएन त्रिपाठी, बीडी यादव,अशोक पांडेय, पीएन पथिक,सुनील गौड़ आदि ने संबोधित किया। महामंत्री अजित मेहरोत्रा द्वारा समिति की विभिन्न उपलब्धियों एवं लंबित विभिन्न समस्याओं से सभा को अवगत कराया। अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता सगुण शुक्ला ने ग्रामीण बैंक की 50 वर्ष की गौरव यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा यह बताया कि 01मई से उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक देश का व्यवसाय के दृष्टि से आठवां सबसे बड़ा बैंक होगा। सभी से एकजुट होकर समस्याओं के समाधान हेतु आगे आना होगा।चैन सिंह रावत ने सेवा निवृत्त साथियों को नींव का पत्थर बताते हुए एकीकृत बैंक में तदर्थ कमेटी शीघ्र बनाए जाने की बात कही। एलके सिंह ने सभी से एक जुट होकर शीघ्र ही संगठन के भी एकीकरण की बात रखी। आरके सिंह, यशबीर सिंह, आनंद तिवारी ने भी विभिन्न समस्याओं उपलब्धियों पर अपनी बात रखी। एनके मिश्र ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों के साथ विभिन्न बैंक व जनपदों से पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभा का संचालन मिलन चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

### बाइक गिरने से युवक की मौत नाले में मिला शव

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरा मलोई में शराब के नशे में धुत एक युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई। थाना विजयगढ़ पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार कटरा मलोई निवासी विपिन (32) पुत्र मिंटू सिंह 13 अप्रैल रात गांव में ही केशवदेव के बेटे की सगाई की दावत में गया था। रात 11 बजे तक लोगों ने उसे वहां देखा था। विपिन ने दावत में शराब पी थी। इसके बाद बाइक से वहां से चला। रास्ते में संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिर पड़ा। बाइक का आगे का हिस्सा टूट गया। सुबह ग्रामीण अपने-अपने खेतों पर जा रहे थे तो नाले के बराबर एक बाइक व चप्पल दिखाई दी। नाले में युवक दिखाई दिया। भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को बुला कर युवक को बाहर निकाला गया। नाले में पानी कम था, लेकिन कीचड़ ज्यादा था। विपिन कीचड़ में सन गया था। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। विपिन का शव देख कर परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहसीलदार अवनीश कुमार व लेखपाल भी पहुंचे।

## संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।**'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विधायक सदर राजेंद्र मौर्य,जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अंबेडकर चौराहा पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी नीतियों व विचारों का स्मरण कर नमन किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि हालात कितने भी मुश्किल हों, अगर मन में आत्मविश्वास और लक्ष्य को पाने की जिद हो तो कुछ भी असंभव नहीं। अंबेडकर जयंती सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है एक बेहतर भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की।इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गये है। जुलूस, रैली एवं अन्य कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जा रहे हैं। जिले में कहीं से भी किसी प्रकार की अशांति या अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है।

## यातायात नियंत्रण के लिए 277 वाहनों का हुआ चालान

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** सुगम यातायात के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही व जन जागरूकता अभियान जारी है।सड़कों पर बेतरतीब खड़े किए गए वाहनों व अवैध पार्किंग पर पुलिस की मुस्तैद कार्यवाही से लोगों में जागरूकता बढ़ी है।यातायात को सुगम व सरल करने के लिए ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कर स्टीकर चस्पा किये गये।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर/ यातायात प्रतापगढ़ शिवनारायण वैश के नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस एवं प्रभारी यातायात जयचंद भारती के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए सड़क मार्ग पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यापारियों, राहगीरों व आमजन से सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने व मनमानी पूर्ण पार्किंग न करने के संबंध में वार्ता कर जागरुक किया गया।

"सड़क-सुरक्षा, जीवन-रक्षा" के तहत वाहनों पर रेट्रो रिफ्रैक्टिव टेप लगाकर राहगीरों को जागरूक किया गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की गई।यातायात नियमों के पालन हेतु आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के क्रम में सड़कों पर गलत रूप में की गई वाहनों की पार्किंग पर यातायात पुलिस/प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया।चेकिंग के दौरान 277 वाहनों का चालान, 03 वाहन सीज, 02 वाहन से 3500 रूपये जुर्माना लगाया गया। शेष अधिरोपित जुर्माना 577500 रूपये लंबित है। वर्तमान में जनपद प्रतापगढ़ में यातायात संबंधी कोई समस्या नही है। जनपद में यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

### अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को किया याद



**कानपुर।** अग्निशमनद्धसेवाद्धदिवस के अवसर पर आज दिनांक 14.04.2025 को जनपद के समस्त फायर स्टेशनों पर सीएफओ कानपुर नगर के निर्देशन में अग्निशमन तथा आपात सेवा के शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा समस्त कर्मचारियों को पिन फ्लैग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल मे बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज रायबरेली-** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने डा.अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया तातपश्चात विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं व बच्चों ने भी बारी -बारी से उन्हें पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया । विद्यालय में उक्त के अवसर पर बच्चों द्वारा पोस्टर, स्लोगन, फोटो के माध्यम से अम्बेडकर जी की जीवन गाथा को दर्शाया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बताया कि संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर वर्ष 14 अप्रैल को मनाई जाती है। उन्होंने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्योछावर कर दिया। डा. बी आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891ई. को हुआ था और उनके जन्मदिन को देश के कई हिस्सों में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाता है। देश के संविधान का मसौदा तैयार करने के अलावा, डा. बी आर अम्बेडकर ने भारत के भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और वकील के रूप में उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन में अहम् भूमिका निभाई। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन में भी अहम् भूमिका निभाई थी। अप्रैल 1990 में डा. अम्बेडकर को मरणोपरान्त भारत रत्न पुरुस्कार



मिला। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय में आज के दिन के महत्व पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताए आयोजित की गई जैसे- निबंध लेखन,प्रश्नोत्तरी, वाद- विवाद, आदि। जिनमे सभी बच्चों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकायें व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बड़े ही धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज रायबरेली।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा जो संविधान बनाया गया है उसी के तहत आज दलित शोषित पिछड़े व नौजवान तथा हर समुदाय का व्यक्ति इस संविधान के तहत न्याय पा रहा है। ऐसे संविधान निर्माता को हम सभी क्षेत्रवासी नमन करते हैं और उनके जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हैं कि ऐसे संविधान निर्माता के जन्म दिवस को मनाया जाए यह उदगार आज क्षेत्र के पूरे ढोंढ़े मजरे पाली गांव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर उपस्थित हजारों की संख्या को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी बाबा राम केवल अनशनकारी संबोधित कर रहे थे। बाबा रामकेवल अंसनकारी समाज व देश हित के लिए दिल्ली में बड़े-बड़े आंदोलन व विशाल धरना प्रदर्शन किया तथा उनके धरना प्रदर्शन को देखकर दिल्ली तक की सरकारें हिला दी गई थी बाबा द्वारा मांगी गई मांगों को पूरा किया गया संविधान निर्माता बाबाद्धसाहेबद्धडाद्धभीमरावद्धअंबेडकर जी का 134 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम ग्राम पूरे ढोंढ़े मजरे पाली महराजगंज में बड़े ही धूम धाम से शशांक मौर्य व धम्म गायिका शिल्पी शाक्य जी ने बुद्ध वंदना से शुभारंभ कर मनाया । जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा छोटे बच्चो के द्वारा डांस प्रतियोगिता की गयी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनशनकारी बाबा रामकेवल जी ने जन्म दिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तो वहीं क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, राम आशीष ने भी अपने-अपने कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया वही मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव जिला महामंत्री सरोज गौतम जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम मंडल महामंत्री शिवम मिश्रा ग्राम छंगा मजरे बारी गोहन्ना में जन्मोत्सव मनाया वही सूर्य प्रकाश वर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल



संतलाल लोधी उमेश कुमार उर्फ कुनू प्रधान विद्यासागर अवस्थी सहित अनेक भाजपा नेताओं ने जन्म दिवस मनाया इस मौके पर बाबा रामकेवल शशांक मौर्य शिल्पी शाक्य सुनील सर, मीरा रावत , जितेंद्र यादव प्रधान दुजई पासी प्रधान, छेदी लाल पासी प्रो. अनिल साहू, प्रो.अवधेश , सुरेश पासी, मनोज पासी, सुजीत, अरविंद यादव, रंजीत गौतम, अमित, अमर यादव, राजेंद्र यादव, हरिकेश यादव, अर्जुन पासी, सोनू पासी राम औतार मौर्य, राम प्रकाश, शितान्शु मौर्य जी बृजेश पासी, रमेश पासी, सिंह प्रताप मौर्य, बलदेव यादव, मान सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, दिलीप मौर्य, राम फेर मौर्य, रोहित पासी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानव तन मुसाफिरी है, मंजिल नहीं- पं. झिलमिलजी महाराज

**● कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ।**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर ऋषि आश्रम के निकट सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस सात दिवसीय दिव्य आयोजन की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा कथा स्थल से आरंभ होकर बाल्हेश्वर मंदिर व अन्य प्रमुख देवस्थानों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर सम्पन्न हुई। भजन-कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा के मुख्य यजमान गिरीश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी रुक्मिणी गुप्ता ने वैदिक विधियों के अनुसार पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कथा व्यास पंडित झिलमिल जी महाराज ने पहले दिन गोकर्ण व धुंधकारी की कथा सुनाकर श्रोताओं को आत्मविचार की गहराइयों में उतारा। उन्होंने कहा कि मानव तन मुसाफिरी है, मंजिल नहीं। बताया कि यह शरीर केवल एक साधन है, जिसकी सार्थकता तभी है जब इसे धर्म, सेवा और आत्मचिंतन की राह पर लगाया जाए। कथा व्यास ने राजा परीक्षित के मोक्ष, कलयुग



के आगमन, भागवत रचना की प्रेरणा, नारद व भक्ति की भेंट जैसे प्रसंगों का भी मार्मिक वर्णन किया। श्रोता ध्यानपूर्वक कथा सुनकर भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर टेनी महाराज, संजू, मोहित तिवारी, कपिल द्विवेदी, रिंकू तिवारी, सत्यम शुक्ला, शिवा, हरीश त्रिवेदी, विनोद गुप्ता, रत्नेश द्विवेदी, अनंतु गुप्ता, पप्पू गुप्ता व ओमकार गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लालगंज इकाई की ओर से सोमवार को पथ संचलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। पथ संचलन कस्बे की गलियों से होकर गुजरा जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया गया। कस्बे के नारायण उत्सव लान में एकत्रीकरण के बाद पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों की टोली संचलन के लिए रवाना हुई। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत ने कहा कि समरस, समरथ और समृद्ध भारत ही महान देश बनेगा। कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. बलिराम हेडगेवार दोनों ही महापुरुषों ने हिंदू समाज को जोड़ने का सपना देखा था। दोनों महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को दूर करने में खपा दिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने जीवन की तमाम कठिनाइयों को पीछे छोड़ते हुए रचनात्मक दिशा में निरंतर अग्रसर होने का संकल्प लिया। उन्होंने कभी भी अपनी परेशानियों का रोना नहीं रोया, बल्कि अपने महान संकल्पों और अटूट दृढ़ता के बल पर समाज में बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत एक बेहद विपरीत सामाजिक परिवेश से की थी। बचपन में उन्हें अनेक प्रकार के भेदभाव और पीड़ा का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाया। छत्रपति शाहू महाराज जैसे महान व्यक्तित्वों ने उनकी शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। अपनी लगन और मेहनत से उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और अंबेडकर नाम अपनाया।

डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं रहा। उनका उद्देश्य समाज में समता, बंधुत्व और समर्थ्यता की स्थापना करना था। उन्होंने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में अत्यंत निपुणता के साथ कार्य किया। राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्हें अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे कभी पीछे नहीं हटे। उनका सपना था एक समतामूलक समाज का निर्माण, जहाँ सभी को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। बाबा साहब ने दलितों और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए कई आंदोलनों का नेतृत्व किया और उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पथ संचलन कस्बे के मेनरोड, अंबेडकर मार्ग, चिकमण्डी, तिकोनापार्क, गांधीचौराहा, तिकोना पार्क सराफा मंडी सब्जीमंडी होते हुए पुनः उत्सव लान में समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान जगह जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने संचलन की अगुवाई की। इस मौके पर डलमऊ मैथ के प्रख्यात संत देवानंद गिरीजी महाराज, विभाग संघ चालक अमरेश, जिला संघ चालक रामचरण, विभाग कार्यवाह अनंत बाजपेई, रामगोपाल त्रिपाठी, सचिन रस्तोगी, इंद्रेश, राजेश, अनिल, सतीश त्रिवेदी, गोपाल जी गुप्ता, उधम जायसवाल, सतीश त्रिवेदी, कैलाश बाजपेई, सीपी पांडेय, सचिन रस्तोगी, राजेश निर्मल, इंद्रेश, जिला प्रचारक आशुतोष, सुनील सिंह, अरुण कुमार सिंह मुन्ना, आदर्श बाजपेई, दीपक अवस्थी, सुरेंद्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मनाई गई जयंती

**● जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित**



स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद में मनाई गई। कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभागार में आयोजित गोष्ठी में भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती इस बार 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' थीम से मनाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानते थे। बाबा साहेब शोषित, दलित, महिलाओं,पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहे जिस पद पर हो वहां पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार एवं कलेक्ट्रेट परिवार के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता का मार्ग दिखाया- कुलपति

**● प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन कराया गया**

**पीयू में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा।

कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि, "डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। आज का दिन हमें उनके संघर्ष, विचार और योगदान को याद करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देता है।"

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि, "बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी। आज हमें उनके सपनों के भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयास करते रहना होगा।" कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। इस आयोजन ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर



विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से प्रो. बीडी शर्मा, प्रो.प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो मिथिलेश सिंह,? एन एस एस समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश. डॉ नितेश जायसवाल, डॉ दिनेश सिंह, राज नारायण सिंह, डॉ. स्वतंत्र कुमार, जय सिंह, सनी भारती, हरिशंकर सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के आवाहन पर फिट इंडिया के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण से निकल गई साइकिल रैली



स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली** देश के प्रधानमंत्री के आवाहन पर भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें रायबरेली के पी एन टी कालोनी की सुसायती के मेम्बरों ने साइकिल रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया भारतीय खेल प्राधिकरण से साइकिल रैली का आयोजन किया साइकिल रैली भारतीय खेल प्राधिकरण से निकलकर जिला अधिकारी आवास होते हुए बस अड्डे घंटाघर चौराहा सुपरमार्केट राणा नगर अस्पताल चौराहा होते हुए खेल प्राधिकरण पहुंची साइकिल रैली के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के आवाहन पर देश का हर नागरिक फिट रहे इसके लिए उसे नियमित रूप से रोज व्यायाम करना चाहिए और इसी की कड़ी में साइकिल भी चलानी चाहिए जिसको लेकर लगातार भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है इससे पूर्व में भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई थी आम नागरिकों के साथ स्कूल के छात्राओं के साथ वही स्टेडियम में डेली प्रेक्टिस करने आने वाले खिलादियों के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया जा चुका है और आज इसी कड़ी में पीएनटी कॉलोनी सोसाइटी के मेंबरों के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चला कर हिस्सा लिया वहीं भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र प्रभारी अभय कुमार सहायक प्रभारी जे बी सिंह व मास्टर जी मनोज नार्दन रेलवे मेस यूनियन सहायक महा मंत्री कैप्टन राजेश यादव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 16 को महिला जनसुनवाई

**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने की दृष्टि से आगामी 16 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा राजकीय गेस्ट हाउस कर्वी में महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिसमें वह महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। इसके साथ ही वह जनपद के बालिका/महिला केन्द्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण करेंगी।

## डीएम ने दिए क्षति आंकलन करने के निर्देश

**चित्रकूट:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने बताया कि बीती विगत दिनों जनपद में हुई जोरदार आंधी व वर्षा को संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने तहसीलो क्षत्रों में हुई क्षति का आंकलन कराते हुए नियमानुसार राहत की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही जिला कृषि अधिकारी को भी फसल क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कृषि निवेश अनुदान की कार्यवाही ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## पूर्व विधायक के पिता के निधन पर शोक जताने वालों का तांता लगा

हरदोई शाहाबाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक आसिफ खा बब्बू के पिता स्वर्गीय हाजी याकूब अली खा का निधन बुधवार को गया था और उसी दिन उनको सुपुर्दे ए खाक किया गया था! उनके अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ के साथ कई बड़े नेता शामिल रहे।इसके उपरान्त रोजाना बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य शोक व्यक्त करने पहुंच रहे है।पिछले पांच दिनों में रोजाना कई बड़े नेता और संभ्रांत जन पूर्व विधायक के पिता की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके आवास पहुंच रहे है।पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप,पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान,पूर्व सांसद अंशुल वर्मा,पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा,एमएलसी जस्मीन अंसारी,पूर्व सांसद ऊषा वर्मा,पूर्व विधायक अनूप वर्मा,पूर्व विधायक ताहिर सिद्दीकी,पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप,पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद,प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक शकील नदवी,पूर्व एमएलसी अब्दुल हन्नान,पूर्व विधायक राजेश्वरी,पूर्व चेयरमैन तनवीर,पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी,पूर्व ब्लाक प्रमुख उदयवीर सिंह,पूर्व जिलाअध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री,राजा बख्श सिंह,अखिलेश पाठक ने पूर्व विधायक के आवास पर जाकर उनके और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।सोमवार को भी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह ने पूर्व विधायक के आवास पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि वे भगवान से पूज्य बाबू जी की दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते है और परिवार के इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाए रखने की कामना करते है।

## उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि करके हार्दिक श्रद्धांजलि व्यक्त किया

उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद श्उज्जवल रमण सिंह आज संविधान निर्माता



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर हाईकोर्ट स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि करके हार्दिक श्रद्धांजलि व्यक्त किया साथ में इलाहाबाद विश्वविद्यालयके पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी राकेश पटेल शहर अध्यक्ष फूजैल हाशमी गंगा पार अध्यक्ष अशफाक अहमद वरिष्ठ नेता सुधाकर तिवारी विनय दुबे आज उपस्थित है

## परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

बलिया यूपी उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री श्री दया शंकर सिंह जी ने डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार सैयद सेराज अहमद ने प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि पैर मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर भारतीय समाज के एक महान नेता, सामाजिक सुधारक और भारत के संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने जिस समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में ही साकार हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आंबेडकर संस्थान में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज में समानता की स्थापना के लिए संघर्ष किया।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें युवा : डॉ भूपेश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक छोटे परिवार में हुआ था। उस समय शिक्षा का अभाव था, लेकिन उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। जिन लोगों को समाज में अधिकार नहीं मिला था, उन लोगों को उन्होंने संविधान में अधिकार दिलाया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गो पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपजिलाधिकारी राकेश पाठक, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। राजकीय संप्रेषण गृह किशोर कर्वी में भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने समस्त संवासियों को डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया और उनके बताए हुए दिशा-निर्देशों एवं मार्गो पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चौबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे। बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए। इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें साथ ही मार्च 2025 में सेवानिवृत हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प सभी युवाओं को लेना चाहिए।

# अंबेडकर जयंती पर सैकड़ो लोगों ने रैली निकालकर बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण जय भीम के नारे लगाए



स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई ।** कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर चौराहा बाबा साहब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में झरोइया चिंता खेड़ा, महादेव पुरवा, बेनीगंज देहात,पिपरी शाहपुर, जमुनिया सहित कई गांव के जुलूस शामिल हुए। रैली में सैकड़ो महिलाएं पुरुषों बच्चों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम की शुरुआत झरोईया गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटकर की गई। वहां से रैली ओडाझार गांव के स्थित बुद्ध भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली शाहपुर अंबेडकर मैदान पार्क पहुंची जहां पर स्थित बाबा साहब अंबेडकर पर लोगों ने माल्यार्पण कर जय भीम के नारे लगाए। रास्ते में प्रताप नगर चौराहा पर स्थित डॉक्टर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सुखोई पुरवा गांव में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। रैली में शामिल लोग डीजे की धुन पर नृत्य करते नजर आए। रैली में झांकियां भी शामिल थी। युवाओं का बाबा साहब के प्रति जोश देखते ही बनता था। रैली की समाप्ति प्रताप नगर सीतापुर रोड पर स्थित संत शिरोमणि रविदास प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय भीम की नारों की गूंज के साथ हुई। रैली में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनकी सामाजिक सोच और संविधान में दिए गए विशेष अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक और महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। रैली में भारी भीड़ रही। अंबेडकर जयंती पर सुबह से ही सी,ओ, हरियावां संतोष कुमार सिंह,कोतवाली प्रभारी कृष्ण बली सिंह मय स्थानीय पुलिस पीएससी बल के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर अराजक तत्वों पर नजर बनाए रहे। वहीं दूसरी तरफ बालामऊ विधानसभा क्षेत्र से बिधायक रामपाल वर्मा ने बेरूवा में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित बैश्य, पुत्तूलाल प्रधान शाहपुर बिनोद वर्मा हीरालाल जिला पंचायत सदस्य रमेश सिंह,जगरूफ भारती सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



हरदोई अप्रैल को नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में नेहरू युवा मंडल सरसंड और प्रबुद्ध ज्ञान विकास समिति के सहयोग से बेहंदर ब्लॉक में अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वहीं साण्डी के उमरौली जैतपुर में युवा मंडल सदस्यों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन एवं कार्यो पर चर्चा की गई । बेहंदर में मुख्य अतिथि के रूप में आजम अली, प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन (सावित्री गुट) द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया । जिसके बाद अशोक कुमार प्राचार्य राजकीय इंटर कालेज अमरोहा द्वारा एवं गांव के मदरसा के अध्यापक तारा देवी, विपिन कुमार, वंदना प्रजापति, मोहम्मद आयान, मोहम्मद साबान द्वारा संविधान निर्माता भारतरत्न आंबेडकर जी के जीवन एवं कार्यों पर विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित युवाओं को विस्तार से संविधान में बाबासाहेब के योगदान के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंडल अध्यक्ष असीम अली व आयोजन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शाहीन फातिमा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत मे युवा मंडल अध्यक्ष असीम अली द्वारा अथितियों को अंग वस्त्र एवं वक्ताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जियो नेटवर्किंग खराब होने से उपभोक्ताओं ने नाराजगी की जाहिर

स्वतंत्र प्रभात




**बेनीगंज/हरदोई।** बेनीगंज क्षेत्र के प्रताप नगर चौराहा,शाहपुर, कमराबाद, बदहा, ओड़ाझार, सहित दर्जनों गांवों के उपभोक्ता सोमवार को पूरे दिन जियो टेलीकॉम सर्विसेज का नेटवर्क बदहाल होने से परेशान रहे। इससे हजारों उपभोक्ताओं को बदहाली झेलनी पड़ी। उपभोक्ताओं की माने तो आएदिन जीयो नेटवर्क खराब रहता है। रविवार शाम से ही जीओ नेटवर्क ठप हो गया जो सोमवार पूरा दिन खराब रहा। इस दौरान जीओ नेटवर्क के उपभोक्ताओं के नंबरों पर फोन आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा ठीक है। उपभोक्ताओं का कहना था कि नेटवर्क न होने से न ही ऑनलाइन पढ़ाई हो पाई और न ही किसी से कम्यूनिकेशन हो पाया। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से अन्य कामकाज भी नहीं हो पाया। दरअसल प्रताप नगर क्षेत्र में कई उपभोक्ता ऐसे हैं जो मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से रोजगार करते हैं। जीओ नेटवर्क ठप हो जाने से उनका रोजगार भी प्रभावित हो गया। उपभोक्ताओं का कहना था कि मोबाइल नेटवर्क हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। सोमवार को कंपनी की इंटरनेट सेवाएं कमजोर रही। फोन कॉलिंग समस्या से जूझना पड़ा।और अब जियो नेटवर्क गड़बड़ कर रहा है। उपरोक्त विषय पर जिले के एफसीएनए नीरज सिंह से जानकारी जुटाना चाही लेकिन फोन कॉल साझा नहीं हुआ।

त्रिपाठी फिलिग स्टेशन प्रताप नगर निवासी अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू का कहना है की जिओ सिम की नेटवर्किंग बद से बद्तर होती जा रही है इसमें जिओ चलाने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस पर सुधार होना जरूरी है।

स्थानीय निवासी पत्रकार पीयूष तिवारी का कहना है अक्सर जिओ नेटवर्क खराब होने की वजह से मोबाइल से कोई कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अगर ऐसी स्थितियां बनी रही तो सिम को पोर्ट करने पर विवश होंगे।

अवनीश कुमार द्विवेदी निवासी प्रताप नगर चौराहा का जिओ सिम है 1 साल का रिचार्ज है इनका कहना है कि 1 साल का रिचार्ज ना कराया होता तो मैं सिम बदल देता। इस सिम के नेटवर्किंग इतनी खराब स्थिति में है की बात करना दुर्लभ हो गया है।

झरोइया गांव निवासी यश प्रताप सिंह का कहना है जियो नेटवर्किंग खराब होने की वजह से ऑनलाइन पढ़ाई करने में काफी दिक्कत आ रही है।

# मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों को भी रखें याद : आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात



**गोण्डा ।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर आयुक्त, देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने कमिश्नरेट सभागार में तथा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया। उन्होंने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर जनपद में भव्य कार्यक्रम के आयोजित किया गया। आयुक्त ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारी अधिवक्ताओं से कहा कि बाबा साहब के मूल मंत्र ''शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'' पर अमल करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल पक्षधर भी थे। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि समतामूलक समाज की स्थापना के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना है। और उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं और एक सशक्त, समान और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान दें।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने डॉ0 अम्बेडकर जी के जीवन, उनके संघर्षों एवं संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर जी का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। आज हम सब यहां भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन न केवल एक महापुरुष के जन्मदिवस का प्रतीक है, बल्कि यह हमें उनके विचारों, संघर्षों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक संदेशों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। उन्होंने शिक्षा को अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में देखा। हमें भी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सब मिलकर एक ऐसे समतामूलक, न्यायप्रिय और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोग करें, जैसा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी ने सपना देखा था।

# बारात में छेड़खानी को लेकर मारपीट, 30 लोगों पर केस दर्ज

सिद्धार्थनगर ।कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नोनहवा में रविवार की शाम मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम कोटिया निवासी राम बहादुर के लड़के की शादी थी कि इसी बीच अबूशहमा पुत्र नजीर ने अपने गैंग के लगभग 15 से 20 लोगों को लेकर बारात स्थल पर पहुंच गए और लड़कियों को वाहन से उतरते ही छेड़खानी करने लगे बरातियों द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो सभी लोगों द्वारा बरातियों को मारने पीटने लगे हल्ला गुहार पर तमाम लोग आ गए बीच बचाव के तब लोगों की जान बची। मारपीट की घटना में बरातियों में धर्मेंद्र साहनी पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, अनिल साहनी पुत्र रंजीत, विजय पुत्र इंदल ,अर्जुन पुत्र लक्ष्मी, ग्राम बर्डपुर नंबर दो मोहम्मद नगर को गंभीर चोटे आई कुछ समय बाद फिर उन लोगों द्वारा करीब 30 की संख्या में लोगों को बुलाकर जनरेटर बंद कर फरसा आदि धारदार हथियार से लैस होकर राजेंद्र पुत्र अंबर ग्राम नोनहवा के घर में घुस गए और लोगों को मारने पीटने लगे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस तब सभी लोग भाग गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह का कहना है कि 30 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डॉ अंबेडकर जी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयंती पर सोमवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के कठकुइयाँ मोड़ तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धार्जंलि अर्पित किया। इसके पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा हर दिन की भांति आज भी बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा की धुलाई और सफाई की गई। ज्ञात हो कि बाबासाहेब की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग नपाध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा के पास दीपोत्सव का आयोजन भी कराया था। कार्यक्रम के बाद श्री जायसवाल ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। साथ ही बाबा साहेब के संविधान की दूरदृष्टि के कारण ही आज समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नपा पडरौना विगत आठ वर्षों से लगातार नगर में मौजूद सभी राष्ट्रपुरुषों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन धुलाई, सफाई और माल्यार्पण कर इन हुतात्माओं को सम्मान देता आया है। साथ ही उन्होंने बताया कि बाबा साहब के संविधान को समय समय पर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन लल्लन मिश्रा, बंका सिंह पटेल, किशोर यादव, नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल मंडल महामंत्री विष्णु जायसवाल, देवेश मिश्रा , आनंद मिश्रा सतीश साहा, नगरपालिका ईओ संतराज सरोज, विनोद गुप्ता, राजेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद साहा, राहुल साह, राकेश कुमार ,बूथ अध्यक्ष अजित बरनवाल, नवल किशोर त्रिपाठी, रामाश्रय गौतम के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** भारतीय जनता पार्टी के मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान क्षेत्र में गाजे-बाजे के साथ रैलियां निकाली गईं और लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जयंती समारोह मनाया। विधायक ने सिधौना, पूरबगांव, कुमारगंज, पिठला सहित कई स्थानों पर पहुंचकर इन आयोजनों में शिरकत की और बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की ।कार्यक्रम की शुरुआत विधायक चंद्रभान पासवान ने अपने पैतृक आवास परसौली से की। यहां उन्होंने अपनी पत्नी और जिला पंचायत सदस्य कंचन पासवान के साथ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कैंडल जलाकर आरती की जिसे ग्रामीणों ने भी उत्साह के साथ देखा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के योगदान को याद किया और उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया ।जयंती के अवसर पर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गाजे-बाजे के साथ रैलियां निकाली गईं। सिधौना, पूरबगांव, कुमारगंज और पिठला में आयोजित इन रैलियों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते हुए बाबा साहब के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया तथा नारे लगाए ।विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रभान पासवान ने कहा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उनके द्वारा रचित संविधान ने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया, जिसके माध्यम से हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार प्राप्त हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीलीभीत में सपाइयों ने बीपी मंडल की जयंती मनाई बोले बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने पिछड़े वर्ग की दिशा-दशा बदली

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीपी मंडल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बीपी मंडल के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि ÷सामाजिक न्याय के पुरोधा मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू विंदेश्वरी प्रसाद



मंडल ने हमेशा पिछड़े वर्ग की दिशा एवं दशा को बदलने का प्रयत्न किया। उनके पिता रास बिहारी लाल मंडल ने रूढ़ियों और भेदभाव खत्म करने के लिए पिछड़ी जातियों के लिए जनेऊ पहने की मुहिम चलाई थी। बीपी मंडल के नेतृत्व में आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और उनकी सिफारिशों को 1990 में लागू किया गया। भारत में ओबीसी का कोटा 16 नवम्बर 1992 में लागू किया जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा ÷एक दशक बाद प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने मंडल रिपोर्ट की शिफारिशों को लागू किया। इसके परिणाम स्वरूप आज भारत में जाति आरक्षण व्यवस्था के रूप में जाना जाता है जो सन 1993 में लागू हुआ। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा केवल राजनीतिक स्वतन्त्रता से देश का भला नही हो सकता। देश के कल्याण के लिए वैज्ञानिक सोच ,उत्तम स्वास्थ्य सुविधा , सभी को समान उत्तम शिक्षा ,किसानों व पीडीए वर्ग के लोगों की प्रगति आवश्यक है।÷ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, बालक राम सागर, काशीराम सरोज ने भी अपने विचार व्यक्त किये इस दौरान मुख्य रूप सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा अधिवक्ता सभा बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,128 विधानसभा बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,पूर्व प्रत्याशी लोकसभा एवं जिला सचिव आदर्श पाण्डे एडवोकेट,प्रशांत अवस्थी,गंगा प्रसाद लोधी,इंतजार अहमद,अर्जुन भारती, जहीर अहमद,मुकुल कुमार सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे...

### चोपन बग्गानाला में अग्निशमन विभाग की सुरक्षा पहल- प्रशिक्षण और जागरूकता से सुरक्षा का कवच

**चोपन, सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के चोपन बग्गानाला क्षेत्र में अग्निशमन विभाग द्वारा उठाया गया सुरक्षा जागरूकता का कदम निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य और दूरदर्शी प्रयास है। विभाग ने बग्गानाला देवी फिल्म स्टेशन स्थित पेट्रोल टंकी के कर्मचारियों और प्रबंधक को आग से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया है। यह पहल संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और क्षेत्र में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेट्रोल पंप जैसे ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण और बिक्री केंद्रों पर आग लगने का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर कर्मचारियों का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षित कर्मचारी न केवल आग लगने की शुरुआती अवस्था में उस पर काबू पाने में सक्षम होंगे, बल्कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही और त्वरित निर्णय लेकर बड़े नुकसान को भी टाल सकते हैं। यह सर्वविदित है कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले व्यक्ति अक्सर घटनास्थल पर मौजूद कर्मचारी ही होते हैं। यदि वे आग से बचाव के तरीकों और उपकरणों के इस्तेमाल से अनभिज्ञ हैं, तो वे घबराकर स्थिति को और बिगाड़ सकते हैं। इसके विपरीत, यदि उन्हें आग बुझाने वाले यंत्रों का सही उपयोग करने, सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया का पालन करने और प्राथमिक उपचार देने का प्रशिक्षण प्राप्त हो, तो वे तत्काल और प्रभावी कार्रवाई कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण न केवल कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि ग्राहकों और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। पेट्रोल टंकी के प्रबंधक अरविंद कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षण के महत्व को स्वीकार करते हुए बताया कि उन्हें आग से बचने की बहुत अच्छी जानकारी मिली है, उनकी यह टिप्पणी प्रशिक्षण की उपयोगिता और कर्मचारियों के मनोबल को दर्शाती है। प्रबंधक अरविंद कुमार शुक्ला की सक्रिय भागीदारी आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और टीम का कुशल नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# समस्तीपुर में अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी, हत्या की आशंका.

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में पुलिस ने विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन के समीप से एक युवक का शव बरामद किया है। जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। युवक लाल रंग का शर्ट और काला पैंट पहने हुए है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं अन्यत्र हत्या कर शव को रेलवे स्टेशन के पास की झाड़ी में फेंक दिया गया है। हालांकि शव का शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले चार-पांच दिनों से स्टेशन के पूरब पुराने भवन के झाड़ी से दुर्गंध आ रही थी। रविवार को दुर्गंध अधिक बढ़ जाने के बाद जब लोगों ने दुर्गंध बढ़ जाने की सूचना विद्यापति स्टेशन मास्टर मुन्ना कुमार को दी। उसके बाद स्टेशन प्रबंधक ने घटना की जानकारी रेल



पुलिस को दी। इसके बाद आरपीएफ ने झाड़ी में तलाशी की क्रम में एक युवक का शव सड़ा - गला हालत में बरामद किया। जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी पटोरी को दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शव करीब 10 दिन पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कहीं अन्यत्र हत्या कर शव को छुपाने के लिए यहां झाड़ी में लाकर फेंक दिया गया है। इस संबंध में विद्यापति स्टेशन प्रबंधक मुन्ना कुमार ने बताया कि लोगों ने शिकायत दी थी कि स्टेशन के समीप झाड़ी में अधिक दिनों से काफी दुर्गंध कर रहा है। शिकायत के बाद आरपीएफ को घटनास्थल पर भेजा तो पाया कि एक एक शव मिला। आरपीएफ ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि इसकी कुछ दिन पूर्व हत्या कर यहां फेंका गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। वहीं शव की पहचान के लिए स्थानीय थाने को भी इसकी सूचना दिया गया है। पुलिस शव की पहचान में जुटी है।

# दक्षिण जिला पुलिस ने दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला के डिफेंस कॉलोनी और ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने द्वारा घोषित अपराधियों की दो खेपों को गिरफ्तार किया गया यह जानकारी अंकित चौहान, पुलिस उपायुक्त, दक्षिण जिला द्वारा दी गई। दक्षिण जिला के डिफेंस कॉलोनी और ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने की टीम ने अलग-अलग घटनाओं में मोहम्मद वकील और राहुल नामक दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है दक्षिण जिला के कर्मचारियों को विशेष रूप से अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था, इसलिए टीमें घोषित अपराधियों पर काम कर रही थीं जो माननीय न्यायालय के समक्ष अपनी उपस्थिति से बच रहे थे। तदनुसार, कर्मचारियों ने स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर और मानवीय खुफिया जानकारी एकत्र करके ईमानदारी से प्रयास शुरू किए एसीपी/डिफेंस कॉलोनी की निगरानी में




एसएचओ/डिफेंस कॉलोनी के नेतृत्व में एचसी संदीप और एचसी करण सिंह की एक टीम उन घोषित अपराधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग विकसित करने के लिए काम कर रही थी जो अपनी उपस्थिति से बच रहे थे। टीम के प्रयासों का फल तब मिला जब एक घोषित अपराधी की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई। सूचना को आगे बढ़ाया गया और पी.ओ. के बारे में अधिक विवरण एकत्र किए गए। इनपुट के अनुसार, टीम ने जाल बिछाया और एक व्यक्ति को पकड़ लिया। बाद में, उसकी पहचान मोहम्मद वकील उर्फ मोहम्मद वकील के रूप में हुई, जो एक घोषित अपराधी था एक अन्य घटना में, पीएस ग्रेटर कैलाश की एक टीम ने एक घोषित अपराधी को ट्रैक करने के लिए एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। तकनीकी विश्लेषण, निगरानी और इनपुट के अनुसार, टीम ने एक जाल बिछाया और मूलचंद फ्लाईओवर, डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली से एक पी.ओ. को पकड़ लिया गया। बाद में उसकी पहचान राहुल के रूप में हुई।

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों का परिचय।**

1.मोहम्मद वकील उर्फ मोहम्मद वकील पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी पट्टे गांव चिथरा, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश। उम्र 55 वर्ष। (थाना डिफेंस कॉलोनी)।

2.राहुल पुत्र प्रताप सिंह निवासी सांसी वाला मोहल्ला, हाथरस, उत्तर प्रदेश, उम्र 22 वर्ष। वह पहले एफआईआर संख्या 03/18 के तहत धारा-380/411/34 आईपीसी थाना अमर कॉलोनी (थाना ग्रेटर कैलाश) में शामिल पाया गया था।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उ0प्र0 करेगा बेमियादी कार्य बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र की केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से पारित एक प्रस्ताव द्वारा निजीकरण की कार्यवाही को तत्काल रोकने की माँग की गई। नरही स्थित संगठन के केंद्रीय कार्यालय में प्रान्तीय अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता मे हुई उक्त बैठक में निजीकरण के विरोध में पूरे प्रदेश मे अनिश्चित क़ालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया ।कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश प्रभारी पुनीत राय को विद्युत कर्मचारी महासंघ उप्र के घटक संगठनों के साथ शीघ्र बैठक करके कार्य बहिष्कार की तिथि तय किए जाने हेतु अधिकृत भी किया गया ।बैठक मे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा के संदर्भ मे संविदा कर्मियों को विभाग द्वारा सीधे वेतन



का भुगतान किए जाने ,आउट सोर्स कर्मियों की सेवा नियमावली बनाए जाने एवं श्रमिकों को 22 हज़ार एवं लाइन मैन,एस एस ओ,कम्प्यूटर आपरेटर को 25 हज़ार रुपये वेतन दिए जाने की मॉग की गई । संगठन द्वारा की गयी अन्य मांगों मे कार्य करने की आयु 55 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किए जाने,पूरे प्रदेश में कार्य से हटाए गए 16 हज़ार संविदा कर्मियों को कार्य पर वापस रखने,प्रत्येक ज़िले को नज़दीकी ईएसआई अस्पताल से सम्बद्ध किए जाने की माँग प्रमुख रूप से शामिल है। विभागीय कार्मिको और अधिकारियों की लापरवाही से विद्युत दुर्घटना में प्रति वर्ष लगभग पन्द्रह सौ संविदा कर्मियों की दर्दनाक मौतो को रोकने हेतु कठोर कार्रवाई किए जाने की मॉग के साथ ही संविदा कर्मचारियों को विभाग द्वारा सीधे सुरक्षा उपकरणों को मुहैया कराने और विद्युत दुर्घटना में घायल संविदा कर्मियों को कैशलेस चिकित्सा की सुविधा प्रदान किए जाने की माँग की गई । बैठक में वरिष्ठ मज़दूर नेता आर एस राय सहित विद्युत मज़दूर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विमल चन्द्र पांडेय ,प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज अली ,मुख्य महामंत्री भोला सिंह कुशवाहा,राजेश्वर सिंह, पूर्वांचल अध्यक्ष संजय सिंह मध्यांचल अध्यक्ष अशोक पाल, गोरखपुर जोन अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, विजय नंदन, अशोक राय, राम आसरे मौर्य, अनिरुद्ध कुमार, रविंद्र पटेल, अजय मिश्रा ,राजी सिंह, सत्येंद्र यादव, अरविंद कुमार, प्रियांशु राय, मुनीष पाल, विपिन कुमार विश्वकर्मा, नरेश पाल, सुरेंद्र प्रसाद, प्रभु नाथ सिंह, बासुकीनाथ, अश्वनी, गुलाब यादव सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के अनावरण एवं चौपाल कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर अम्बेडकर पार्क, तेलियरगंज में आयोजित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति के अनावरण एवं चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के द्वारा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती पर उनको शत-शत नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि गरीबों, वंचितों को समाज में बराबर का अधिकार मिलें। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज हमारी केन्द्र व प्रदेश की सरकार उनके सपने को पूरा कर रही है। बाबा साहब को असली सम्मान हमारी सरकार में मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा बाबा साहब के पंचतीर्थ स्थानों को उनके अनुयायिओं के लिए पांच धाम बनाने का कार्य किया गया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी समर्पित होकर गरीबों के



कल्याण के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि सभी लोग शिक्षित हो। हमारी सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है। आज डबल इंजन की सरकार में गरीबों को पक्का मकान देने का कार्य हुआ हैं। बाबा साहब का जीवन बहुत संघर्षों में बीता है, वे पूरे जीवन पर्यन्त गरीब एवं वंचितों को मुख्य धारा से जोडने का कार्य करते रहे। इनके सपनों के साकार करने के लिए प्रधानमंत्री जी ने कई योजनाएं चलाकर उससे गरीबों व वंचितों को लाभान्वित कर आज 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। बाबा साहब चाहते थे कि कोई भी गरीब भूखा न रहे, उनके सपने को अगर किसी ने सच में साकार किया है तो वे है हमारे प्रधानमंत्री, जिन्होंने नि:शुल्क राशन, पक्का मकान, शौचालय, गैस एवं आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क इलाज देकर गरीबी को खत्म करने तथा उन्हें मुख्य धारा से जोडने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में भी योजनायें बनती थी, लेकिन उसका लाभ आम लोगो को नहीं मिलता था, वे सारी योजनायें भ्रष्टाचार की भेट चढ जाती थी, लेकिन हमारी सरकार आज पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए सीधे उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने जन समुदाय से कहा कि आपको वोट देने का अधिकार बाबा साहब के लिखे हुए संविधान से ही मिला है। आज हम सभी वादा करें कि बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ानें में अपना योगदान देंगे। उप मुख्यमंत्री डु ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव, हम सभी लोगों कोड्ड उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी ने बहुत ही विषम परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की, उनके द्वारा लिखित पुस्तकों के अध्ययन से पता चलता है कि उनके सोंचने का दर्शन अद्वितीय था। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक करछन पीयूष रंजन निषाद, विधान परिषद सदस्य श्री सुरेन्द्र चौधरी, महानगर अध्यक्ष ?? संजय गुप्ता बाबूलाल भंवरा ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मा0 विधायक शहर उत्तर हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह गौर, पार्षद संजय पासवान जी, अवधेश गुप्ता जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सपा ने किया अंबेडकर जयंती पर प्रभारियों एवं सामाजिक मिशन के कार्यकर्ताओं का विशाल पीडीए सम्मेलन



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती पर सपा महानगर के पदाधिकारियों 78 वार्डों के अध्यक्षों 17 फ्रंटल संगठनों पीडीए मिशन की टीम बूथ प्रभारियों 300 मतदान केद्रों के सामाजिक मिशन के कार्यकर्ताओं का बृहद पीडीए सम्मेलन सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सर्वप्रथम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर संबोधित करते हुए कहा कि 274 सदस्यों ने 2 साल 11 महीने 18 दिन में 167 बैठके कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दुनिया के सबसे बड़े संविधान की संरचना की जो हस्त लिपि में पहले लिखा गया आज संविधान की वजह से समाज के आखिरी पावदान पर खड़े व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं हो पा रहा है और संविधान की बदौलत अनुसूचित पिछड़ों के हितों की रक्षा रक्षा उनके अधिकारों की सुरक्षा का जो निति निर्देशक किये.उसे समाज में आज एक मिसाल कायम की गई है जिसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में पीडीए अभियान चलाकर संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अभियान चलाकर युवा पीढ़ी तथा आम जनता का दिल जीता है जो 2027 में चमत्कार होगा। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज सपा पीडीए मिशन ने प्रत्येक विधानसभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन पर सबको भाव भीनी बधाई के साथ समानता सद्भाव को मजबूत करने का संदेश दिया है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, राजीव शर्मा, आनंद शुक्ला, परमवीर सिंह, गंभीर सुलेखा यादव, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, के के मिश्रा, रमेश यादव, शिवकुमार बाल्मिक, विनय गुप्ता, श्याम सिंह, बबलू, पूजा यादव, उमा देवी, एडवोकेट सौरभ सिंह, शरद पांडे ,राजेंद्र प्रसाद, आलेख सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे।

## बीएसपी में आकाश आनंद को मायावती ने दी ........

मायावती ने दावा किया था कि आकाश अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में काम कर रहे थे, जिन्हें फरवरी 2025 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीएसपी से निष्कासित किया गया था। मायावती ने मार्च में यह भी घोषणा की थी कि उनके जीवित रहते बीएसपी में कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। उन्होंने आकाश को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटाकर उनके पिता आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। आनंद कुमार को दिल्ली में पार्टी के दस्तावेजों और कार्यकर्ताओं से समन्वय का काम दिया गया, जबकि रामजी गौतम को देशभर में मायावती के निर्देशों को लागू करने और समर्थकों को जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। 30 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के बड़े भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। उन्होंने लंदन से एमबीए की पढ़ाई पूरी की और 2017 में भारत लौटने के बाद बीएसपी में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। 2019 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने पार्टी के लिए प्रचार किया और मायावती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी युवा छवि और आधुनिक दृष्टिकोण को बीएसपी की नई पीढ़ी तक पहुंच बनाने की रणनीति के रूप में देखा गया। दिसंबर 2023 में मायावती ने आकाश को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया था, जिससे पार्टी में उनकी स्थिति मजबूत हो गई थी। हालांकि, मई 2024 में लोकसभा चुनावों के दौरान मायावती ने उनकी अपरिपक्वता का हवाला देते हुए उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटा दिया था। जून 2024 में उन्हें फिर से इस पद पर बहाल किया गया, लेकिन हाल के घटनाक्रम ने उनकी स्थिति को फिर से कमजोर कर दिया है। अशोक सिद्धार्थ, जो आकाश आनंद की पत्नी प्रगति आनंद के पिता हैं, बीएसपी के पूर्व सांसद रह चुके हैं। फरवरी 2025 में मायावती ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया था। मायावती ने आरोप लगाया था कि अशोक सिद्धार्थ ने आकाश को गलत सलाह देकर पार्टी के हितों को नुकसान पहुंचाया। सूत्रों के मुताबिक, अशोक सिद्धार्थ ने आकाश को स्वतंत्र रूप से फैसले लेने के लिए उकसाया, जिससे मायावती के साथ उनके रिश्ते खराब हुए। बीएसपी की वर्तमान स्थिति: बीएसपी पिछले कुछ वर्षों में कई चुनावी असफलताओं का सामना कर रही है। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा। हाल ही में दिल्ली और हरियाणा के विधानसभा चुनावों में भी बीएसपी कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। आकाश आनंद को इन असफलताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जिसके बाद मायावती ने उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए।

# बदमाशो ने मैकेनिक से छीना पैसो भरा पर्स व बाइक

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर के सख्त आदेशो के बाद भी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात लापरवाह थानेदार बड़ी घटनाओ पर कार्यवाही की बजाय दबाने से बाज नही आ रहे है, तीन दिन पहले बैखोफ बदमाशो ने बिजनौर थाना क्षेत्र में किसान पथ पर डबल डेकर बस की रिपेयरिंग करने गये मैकेनिक की बुरी तरह पिटाई कर तीन हजार रूपये व कागजात रखा पर्स व बाइक की चाभी छिनने के बाद गला दबाकर मैकेनिक को किसान पथ से नीचे कटीले तारो में फेककर बाइक लेकर फरार हो गये थे ।पीड़ित मैकेनिक ने घटना की बिजनौर पुलिस से लूट की घटना की लिखित शिकायत की तो पुलिस ने उसे डरा धमकाकर कागजात खोने की एनसीआर दर्ज कर चलता कर दिया था ओर चुप्पी साध कर बैठ गयी थी। मोहनलालगंज के खरेहना गांव निवासी अभिषेक बाजपेयी ने बताया वो सरोजनीनगर के मुल्लाखेड़ा में परिवार के साथ किराये के मकान में रहकर बसो समेत बड़े वाहनो के संस्पेंशन रिपेरिगं का काम करता है.11-12अप्रैल की मध्यरात्रि एक डबल डेकर बस के चालक ने उसे फोन कर संस्पेंशन ठीक करने के लिये बिजनौर थाना क्षेत्र में किसान पथ पर बुलाया था.जिसके बाद अपनी बाइक से साढे बारह बजे के करीब किसान पथ पर पहुंचकर बस का इन्तजार कर रहा था तभी काले कलर की बाइक से आये दो अज्ञात बदमाशो ने उसके पास आकर पुछताछ करते हुये उसकी पिटाई शुरू कर दी ओर माथे पर किसी भारी चीज से वार कर लहूलुहान कर दिया ओर जेब से तीन हजार रूपये व एडीएम कार्ड,आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस रखा पर्स निकालकर व बाइक की चाभी छीन ली,बदमाशो ने हाथ में पकड़ा मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिया? ओर गला दबाकर किसान पथ से नीचे कटीले तारो में फेककर बाइक लेकर फरार हो गये.घायल अवस्था में किसान पथ पर चढकर दूसरी पटरी पर खड़ी डबल डेकर बस के चालक के पास जाकर उसके मोबाइल से डायल-112 नम्बर पर फोन कर कन्ट्रोल रूम पर पुलिस को लूट की घटना की सूचना दी? ।जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस घायल मैकेनिक को इलाज के लिये सरोजनीनगर सीएचसी लेकर गयी ओर इलाज कराने के बाद घायल मैकेनिक को उसके घर पर छोड़ते हुये सुबह बिजनौर थाने जाकर पुलिस से घटना की शिकायत करने की बात कही।

**इंस्पेक्टर ने तीन हजार रूपये दिये कहा घटना का जिक्र ना करना...**

पीड़ित मैकेनिक ने बताया 12अप्रैल की सुबह साढे दस बजे के करीब पत्नी संग थाने पहुंचकर वहा मौजूद पुलिसकर्मियो को अपने साथ हुयी लूट की घटना की तहरीर दी तो उसे डरा धमकाकर तहरीर बदलवाते हुये बाइक की डिग्गी से केवल कागजात गुम होने की बात लिखाई ओर इंस्पेक्टर से मिलाया तो उन्होने दो हजार रूपये व चौकी में तैनात सिपाही ने एक हजार रुपये उसे देते हुये लूट की घटना का कही जिक्र ना करने की बात कही ओर कहा जल्द ही तुम्हारी बाइक खोजकर दे देगे।

**पीड़ित मैकेनिक ने डीसीपी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग..**

पीड़ित मैकेनिक अभिषेक बाजपेयी ने पूरे मामले की डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत करते लूट करने वाले बदमाशो समेत घटना को दबाने वाले पुलिसकर्मियो पर कार्यवाही की मांग की।डीसीपी निपुण अग्रवाल ने घटना को गम्भीरता से लेते हुये कृष्णानगर एसीपी विकास कुमार पांडे को जांच कर कार्यवाही के लिये रिपोट तलब की।सोमवार को पीड़ित मैकेनिक ने एसीपी से उनके कार्यालय में मिलकर पूरी घटना की लिखित शिकायते करते हुये अपने बयान दर्ज कराये।एसीपी ने पीड़ित मैकेनिक को मुकदमा दर्ज कराने के साथ पूरी घटना में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियो पर जांच के बाद कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया।